RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 116
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 3 मार्च, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com





अय्यर आईसीसी टी-20 रैंकिंग में 18वें स्थान पर
स्पोर्ट्स-12

# रूस ने दिया भारतीय छात्रों की सुरक्षा का भरोसा


डेनिस अलीपोव

## यूक्रेन के संघर्ष वाले क्षेत्र से भारतीयों को सुरक्षित रास्ता देने के लिए काम कर रहा रूस

भाषा। नई दिल्ली

**रूस** ने बुधवार को कहा कि वह यूक्रेन के खारकीव, सुमी एवं अन्य संघर्ष वाले इलाकों में फंसे भारतीयों को सुरक्षित रास्ता देने के लिए मानवीय गलियारा बनाने के वास्ते गहनता से काम कर रहा है। भारत में रूस के राजदूत पद के लिए नामित डेनिस अलीपोव ने संवाददाताओं से कहा कि यूक्रेन में खारकीव, सुमी और अन्य संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में भारतीयों की सुरक्षा को लेकर रूस, भारत के साथ लगातार सम्पर्क में है और जितनी जल्द हो सकेगा, सुरक्षित रास्ता तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा, हम यूक्रेन में संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में फंसे भारतीयों के लिए गलियारा और सुरक्षित मार्ग बनाने पर गहनता से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संघर्षग्रस्त क्षेत्रों से रूसी क्षेत्र तक सुरक्षित गलियारा बनाने के तरीकों पर विचार किया जा रहा है। यह पूछे जाने पर कि यूक्रेन से भारतीयों की वापसी के लिए गलियारा कब चालू होगा, भारत में रूस के राजदूत पद के लिए नामित डेनिस अलीपोव ने कहा कि यह जल्द से जल्द होगा। एक अन्य सवाल के जवाब में अलीपोव ने कहा कि यूक्रेन संकट के मद्देनजर रूस पर लगाए गए पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण भारत को एस-400 मिसाइल प्रतिरक्षा प्रणाली की आपूर्ति करने में कोई बाधा नहीं दिखती है। अलीपोव ने कहा कि यूक्रेन की स्थिति के आकलन के आधार पर भारत का निष्पक्ष रुख सिर्फ इसलिए नहीं है कि वह रूसी हथियारों पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि हम संयुक्त राष्ट्र में हमारी स्थितियों को लेकर समन्वय कायम करते हैं और भारत को अपने रुख के बारे में सूचित करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा स्थिति के बारे में भारत के साथ नवीनतम जानकारी साझा करने का हम हरसंभव प्रयास करते हैं।

## रूसी हमले तेज, किसी भी हाल में खार्किव छोड़ें भारतीय छात्र

### छात्रों की सुरक्षा के लिए पुतिन से नरेंद्र मोदी ने की बात

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**यूक्रेन-रूस** में लड़ाई तेज होने के साथ ही कीव में भारतीय दूतावास ने बुधवार को अपने सभी नागरिकों को तुरंत खार्किव छोड़ने को कहा। रूस ने इस शहर पर हमले तेज कर दिए हैं। लगातार बिगड़ते हालात को देखते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि सभारी मिले तो ठीक, अन्यथा पैदल ही खार्किव छोड़कर निकल जाएं।

रूसी-यूक्रेनी सीमा के माध्यम से भारतीयों के लिए सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराने के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बात की है। रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने नई दिल्ली में कहा कि रूस भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए मानवीय गलियारा स्थापित


यूक्रेन से पोलैंड पहुंचे भारतीय छात्रों का हालचाल लेते केंद्रीय मंत्री वीके सिंह

करने पर काम कर रहा है। खार्किव रूस की सीमा से करीब 40 किलोमीटर दूर है और रूस अब यूक्रेन के पूर्वी और उत्तर-पूर्वी हिस्सों में अपनी सीमा के करीब आक्रमण कर रहा है।

इसी के मद्देनजर भारतीय दूतावास ने भारतीयों को सलाह दी कि वे में जल्द से जल्द खार्किव से निकलकर पेसोचिन, बाबे और बेज़्लुडोवका जैसी बस्तियों में पहुंच जाएं। किसी भी हालत में यूक्रेनी समयानुसार छह बजे तक छात्रों को खार्किव छोड़ना होगा। खार्किव में तेजी से बिगड़ती स्थिति को देखते हुए भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों से कहा कि यदि आवश्यक हो तो खार्किव के रेलवे स्टेशन से कम से कम 10 किमी दूर निर्दिष्ट बस्तियों तक पहुंचने के लिए पैदल ही निकल जाएं। बागची ने आश्वासन दिया (शेष पेज 9)

## यूक्रेन में हुई एक और भारतीय छात्र की मौत

### युद्धग्रस्त देश से 1577 भारतीय नागरिक लाए गए, 800 आज आएंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**यूक्रेन** संकट के चलते वहां फंसे 1577 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित वापसी हुई है। सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन गंगा' के तहत बुधवार को इन भारतीयों को हंगरी, स्लोवाकिया, रोमानिया, मोल्दोवा और पोलैंड से सात निकासी उड़ानों द्वारा वापस लाया गया। संकटग्रस्त यूक्रेन के पड़ोसी देशों से 31 निकासी उड़ानों द्वारा पूर्वी यूरोपीय राष्ट्र में फंसे 6,300 से अधिक भारतीयों को वापस लाया जाएगा।

भारतीय वायुसेना के चार सी-17 विमान यूक्रेन से करीब 800 लोगों को लेकर बृहस्पतिवार को हिंडन एयरबेस पहुंचेंगे। यूक्रेन में गोलाबारी में एक भारतीय छात्र के मारे जाने के एक दिन बाद पंजाब के एक और छात्र की यूक्रेन में बुधवार को स्ट्रोक के कारण मौत हो गई। वह कुछ समय से बीमार थे और उन्हें स्थानीय अस्पताल (शेष पेज 9)

### गाजियाबाद के अंश ने पार कराई 100 छात्रों को सीमा

नई दिल्ली (पीएनएस)। गाजियाबाद के एक छात्र अंश की वजह से 100 छात्र यूक्रेन की सीमा पार कर पोलैंड पहुंचने में कामयाब हो गए। अब उनका घर सिर्फ एक उड़ान दूर है। सभी के बृहस्पतिवार को स्वदेश लौट आने की संभावना है। यूक्रेन की राजधानी कीव की तारस शेवचेंको नेशनल मेडिकल यूनिवर्सिटी में तृतीय वर्ष के विद्यार्थी अंश पंडिता ने बताया कि पिछले एक सप्ताह के दौरान कीव में भूमिगत रेलवे स्टेशन में कंपकंपाती ठंडी रातें बिताईं। सभी बहुत परेशान थे। गाजियाबाद निवासी अंश ने कहा कि हमने खारकीव मेडिकल कॉलेज के करीब 20 विद्यार्थियों को लवीव (शेष पेज 9)

## तीसरा विश्व युद्ध छिड़ा तो करेंगे परमाणु वार

भाषा। मॉस्को

### रूस के विदेश मंत्री ने कहा

**रूस** के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बुधवार को चेतावनी दी कि अगर तीसरा विश्व युद्ध होता है तो यह परमाणु और विनाशकारी होगा। उनकी यह चेतावनी यूक्रेन के खिलाफ मॉस्को के चल रहे बड़े सैन्य अभियान को लेकर पश्चिम के साथ बढ़ते तनाव के बीच आई है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, लावरोव ने अल जज़ीरा टेलीविजन चैनल को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि तीसरा विश्व युद्ध विनाशकारी परमाणु युद्ध होगा। साथ ही, लावरोव ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की इस टिप्पणी पर जोर दिया कि तीसरा विश्व युद्ध मॉस्को के खिलाफ वाशिंगटन के कड़े प्रतिबंधों का एक विकल्प होगा।

लावरोव ने कहा कि रूस अपने खिलाफ लगाए गए प्रतिबंधों के लिए तैयार था लेकिन वह हैरान है कि कार्रवाई खिलाड़ियों और पत्रकारों को प्रभावित किया। उन्होंने पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों का जिक्र करते हुए कहा,


सर्गेई लावरोव

हम प्रतिबंधों के लिए तैयार थे, लेकिन उम्मीद नहीं थी कि वे खिलाड़ियों, बुद्धिजीवियों, अभिनेताओं और पत्रकारों को प्रभावित करेंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडन ने मंगलवार रात अपने रूसी समकक्ष पर यूक्रेन के खिलाफ पूर्व नियोजित और अकारण युद्ध छेड़ने का आरोप लगाया और कहा कि व्लादिमीर पुतिन जैसे तानाशाह को एक विदेशी देश पर आक्रमण की कीमत चुकानी होगी। यूक्रेन पर आक्रमण के चलते यूरोपीय संघ के साथ ही अमेरिका ने भी अपने हवाई क्षेत्र से रूसी विमानों के गुजरने पर प्रतिबंध लगा दिया है। कतर स्थित (शेष पेज 9)

## तिरंगे के साये में बची तुर्की व पाकिस्तान के छात्रों की जान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**युद्धग्रस्त** यूक्रेन में भारत ही नहीं, कई अन्य देशों के छात्र फंसे हुए हैं और वे तिरंगा हाथों में लेकर अपनी जान बचा रहे हैं। यूक्रेनी सैनिक हों या रूसी, हाथ में तिरंगा देख अपनी बंदूकें नीचे कर लेते हैं और इसी तरह कई पाकिस्तानी और तुर्की के छात्र भी भारतीयों के साथ यूक्रेन से निकल आए हैं। पूर्वी यूरोपीय देश में भारत का कितना दबदबा है, इसका उदाहरण संकट की इस घड़ी में देखने को मिल रहा है।

हर तरफ बमबारी और भीषण गोलीबारी के बावजूद भारतीय छात्र यहां से तिरंगा लेकर आसानी से रोमानिया, हंगरी, स्लोवाकिया और माल्दोवा की सीमा पर सुरक्षित पहुंच रहे हैं, जबकि अन्य देशों के लोगों को मुश्किल हो रही है। कुछ दिन पहले रूसी राष्ट्रपति ने कहा था कि भारतीय नागरिक यूक्रेन से निकलते समय हाथों में तिरंगा रखेंगे तो उन्हें हमारी सेना कुछ नहीं कहेगी। इसके बाद भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों



को हाथ में तिरंगा लहराते रहने की सलाह जारी की थी। ऐसी कई घटनाएं हुईं जब यूक्रेनी शहरों से भारतीय छात्रों को लेकर निकल रही बसों को रास्तों में रूसी सेना ने रोका, लेकिन सभी के हाथों में तिरंगा देख उनके तेवर ढीले पड़ गए और उनकी बंदूकें भी झुक गईं तथा बसों को आगे बढ़ने का इशारा कर दिया।

यूक्रेन से रोमानिया पहुंचे एक भारतीय छात्र ने बताया कि भारतीय ध्वज तिरंगे की मदद से कई पाकिस्तानी व टर्की छात्र भी सुरक्षित निकल आए हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए साउथ यूक्रेन के ओडेसा से आने वाले मेडिकल छात्र ने कहा कि भारतीय नागरिक होने पर और हाथ में तिरंगे लेकर चलने (शेष पेज 9)

## कोर्ट ने मीडिया वन पर प्रतिबंध संबंधी केंद्र का फैसला बरकरार रखा

भाषा। कोच्चि

**केरल** उच्च न्यायालय ने बुधवार को मलयालम समाचार चैनल मीडिया वन को सुरक्षा मंजूरी देने से इनकार करने संबंधी केंद्र सरकार के फैसले को यह कहते हुए बरकरार रखा कि चैनल के बारे में खुफिया रिपोर्ट में कुछ पहलू ऐसे हैं, जो लोक आदेश या राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित कर सकते हैं। मुख्य न्यायाधीश एस. मणिकुमार और न्यायमूर्ति शाजी पी. चाली की पीठ ने कहा कि मीडिया वन के प्रसारण को प्रतिबंधित करने संबंधी केंद्र के 31 जनवरी के आदेश में हस्तक्षेप न करके एकल पीठ ने सही फैसला लिया है। अदालत ने कहा कि उसने गृह मंत्रालय की सभी फाइल पढ़ी हैं और यह पाया है कि जहां तक मीडिया वन लाइफ और मीडिया वन ग्लोबल के लिए अपलिंक और डाउनलिंक के आवेदन का संबंध है, राज्य की सुरक्षा के कुछ पहलू इससे जुड़े हैं क्योंकि मध्यमम ब्रॉडकास्टिंग लिमिटेड के संबंध कुछ अवांछित तत्वों के (शेष पेज 9)

## नए मोर्चे पर चर्चा के लिए दिल्ली पहुंचे केसीआर

### अरविंद केजरीवाल व किसान नेता राकेश टिकैत समेत कई नेताओं से मिलने की संभावना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** स्तर पर विपक्ष को एकजुट करने के अपने प्रयास तेज करते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) दिल्ली पहुंचे हैं। यहां वह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और किसान नेता राकेश टिकैत सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और प्रतिनिधियों से मिलेंगे।

सूत्रों ने कहा कि केसीआर केंद्र सरकार के अधिकारियों के साथ विवादास्पद अखिल भारतीय सेवा कैडर नियम संशोधनों पर भी चर्चा कर सकते हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री राष्ट्रीय राजधानी में केंद्र द्वारा आवंटित भूमि पर टीआरएस कार्यालय के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण करेंगे



और पुनर्निर्मित यादाद्री मंदिर के उद्घाटन के लिए निमंत्रण देने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिलेंगे। राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर से हैदराबाद के पास एरावेल्ली में उनके फार्महाउस पर मिलने के एक दिन बाद केसीआर के इस दौरे की रूपरेखा तैयार की गई।

केसीआर के साथ उनकी बेटी के कविता, राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष बी विनोद कुमार, राज्य मंत्री वी श्रीनिवास गौड़ और राज्यसभा सांसद जे संतोष कुमार भी हैं। सूत्रों ने कहा कि केसीआर के आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल से मिलने और अपने प्रस्तावित संघीय मोर्चे पर चर्चा करने की संभावना है। साथ ही वह दिल्ली सीमाओं (शेष पेज 9)

## खाद्य सामग्री के मांसाहारी या शाकाहारी होने का पूर्ण खुलासा जरूरीः हाई कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि किसी भी खाद्य सामग्री के शाकाहारी या मांसाहारी होने का पूरा खुलासा होना चाहिए, क्योंकि थाली में परोसी जाने वाली वस्तु से हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार प्रभावित होता है। न्यायमूर्ति विपिन सांघी और न्यायमूर्ति डीके शर्मा की पीठ ने घरेलू उपकरणों और परिधानों सहित इस्तेमाल की जाने वाली सभी वस्तुओं पर शाकाहारी या मांसाहारी होने का लेबल लगाने की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। याचिका में कहा गया है कि उत्पाद के घटक तत्वों और उत्पादन प्रक्रिया में उपयोग की जाने वाली वस्तुओं के आधार पर किसी खाद्य सामग्री पर शाकाहारी या मांसाहारी होने का लेबल लगाया जाए। अदालत ने याचिकाकर्ता के वकील की उस दलील पर रजामंदी जताई कि आम जनता के बजाय केवल प्राधिकरणों को इस तरह के आदेश की जानकारी देना अर्थहीन है, क्योंकि इससे आम जनता के मौलिक अधिकार प्रभावित होते हैं। उच्च न्यायालय ने (शेष पेज 9)

## निकाय चुनाव में तृणमूल ने किया विपक्ष का सफाया


उत्तर 24 परगना क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस की जीत का जश्न मनाते पार्टी कार्यकर्ता

भाषा। कोलकाता

### 107 निकायों में से 102 में जीत दर्ज की

**पश्चिम** बंगाल विधानसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल करने के 10 महीने के बाद सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को नगर निकायों में भी पूरे विपक्ष का सूपड़ा साफ करते हुए राज्य की 107 नगरपालिकाओं में से 102 में जीत दर्ज की है। राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। तृणमूल कांग्रेस ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और नंदीग्राम से विधायक शुभेंदु अधिकारी का गढ़ मानी जाने वाली कांथी नगरपालिका में भी जीत हासिल की है जबकि उत्तर बंगाल की पहाड़ों की राजनीति में नवांगतुक हमरो पार्टी ने तृणमूल कांग्रेस, गोरखा जनमुक्ति मोर्चा और भाजपा को पछाड़ कर दार्जिलिंग नगरपालिका पर कब्जा कर लिया है। माकपा नीत वाम मोर्चा को (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 55,468 | 778 |
| निफ्टी | 16,605 | 187 |
| सोना | 51,889 | 1202/10g |
| चांदी | 67,956 | 2148 /kg |

## क्विक न्यूज

### ममता बनर्जी चुनाव प्रचार करने पहुंचीं वाराणसी

**वाराणसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में हिंदू युवा वाहिनी के विरोध का सामना करना पड़ा। इस दक्षिणपंथी संगठन के समर्थकों ने ममता बनर्जी को काले झंडे दिखाए और उनके खिलाफ नारेबाजी की। वह समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में बृहस्पतिवार को एक चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए बुधवार शाम को वाराणसी पहुंचीं थी। वह गंगा आरती में शामिल होने के लिए दशाश्वमेध घाट की ओर बढ़ रहीं थीं, तभी वेतगंज चौराहे पर हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने उनके काफिले के सामने काले झंडे दिखाकर नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान ममता बनर्जी अपने वाहन से उतरीं और कुछ देर सड़क पर खड़ी रहीं।

## नारियल बोरियों में छुपाकर लाए ड्रग, एएसआई समेत छह पकड़े

### इनमें एएसआई शोएब, आसिफ, मोहम्मद, आस मोहम्मद, लखपत और तौफीक शामिल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**दिल्ली** पुलिस के एक सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) और उसके पांच साथियों को मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह ड्रग हालिया चर्चित फिल्म पुष्पा के अंदाज में नारियल के बोरों के नीचे छुपाकर रखी गई थी। पलवल पुलिस के अनुसार दो करोड़ से अधिक मूल्य का लगभग 1,370 किलो मारिजुआना जब्त कर छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एएसआई शोएब, आसिफ, मोहम्मद, आस मोहम्मद, लखपत और तौफीक शामिल है।

सभी नूंह और पलवल जिलों के निवासी हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित मादक पदार्थ को ओडिशा से मेवात आए एक ट्रक में नारियलों से ढकी 44 बोरियों में छिपाकर रखा गया था। पलवल के पुलिस अधीक्षक राजेश दुग्गल ने कहा कि शोएब दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ से संबद्ध है और वह अपनी कार में सवार होकर ट्रक के पीछे चल रहा था।

दुग्गल ने कहा कि एक ट्रक में मारिजुआना ले जाए जाने की सूचना मिलने के बाद होडल के निकट राजमार्ग पर अवरोधक लगाए गए थे। हमारी टीम ने दिल्ली पुलिस के कर्मी समेत सभी छह आरोपियों को पकड़ लिया, जिन्होंने बताया है कि मारिजुआना को ओडिशा के रायगढ़ जिले से खरीदा गया था और इसे नूंह और पलवल जिलों में ले जाया जा रहा था।

## अंतिम दो चरणों में भाजपा, सपा के घटक दलों की भी परीक्षा


संजय निषाद


अनुप्रिया पटेल



ओमप्रकाश राजभर

भाषा। वाराणसी

### उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा के लिए दो चरणों का मतदान शेष रह गया है, लेकिन इन दोनों चरणों में भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के नए-पुराने घटक दलों की ताकत की परीक्षा होगी। इन दोनों चरणों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जुड़े क्षेत्रों में मतदान होना है, ऐसे में इनका महत्व बढ़ जाता है।

तीन मार्च को जहां गोरखपुर सहित 10 जिलों की 57 सीटों पर मतदान होना है, वहीं सात मार्च को वाराणसी सहित नौ जिलों की 54 सीटों पर मतदान अपने मतदाधिकारों का इस्तेमाल करेंगे। पूर्वांचल क्षेत्र में होने वाले दो चरणों के मतदान में भाजपा से हटकर सपा का दामन थामने वाले स्वामी प्रसाद मौर्या और दारा सिंह चौहान जैसी राजनीतिक हस्तियों की चुनावी किस्मत का फैसला होना है, जबकि ओम प्रकाश राजभर के नेतृत्व वाले क्षेत्रीय दल की ताकत की भी परीक्षा होनी है। भाजपा गठबंधन के घटक अपना दल और नए घटक निषाद पार्टी के दमखम की भी परीक्षा इन दोनों चरणों में ही होनी है, क्योंकि जिन सीटों से उनके उम्मीदवार लड़ रहे हैं उनमें से ज्यादातर सीटों पर इन्हीं दो चरणों में मतदान होना है। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व वाले अपना दल और संजय निषाद के नेतृत्व वाली निषाद पार्टी क्रमशः 17 और 16 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। दो प्रमुख पिछड़ी जातियों- कुर्मी और निषाद- में इनकी गहरी पैठ का दावा किया जाता रहा है।

भाजपा ने जहूराबाद से अपने पूर्व सहयोगी ओ. पी. राजभर के खिलाफ कालीचरण राजभर को मैदान में उतारा है, जो सपा छोड़कर आए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के

## छठवें चरण में 10 जिलों की 57 सीटों पर मतदान आज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप्र** में छठे चरण के मतदान के लिए गुरुवार तीन मार्च को मतदाता उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। छठे चरण में 10 जिलों की 57 सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में सीएम योगी आदित्यनाथ की सीट और गोरखपुर जिले में भी मतदान होना है।

इसके अलावा बीजेपी से समाजवादी पार्टी में आए पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य की सीट फाजिलनगर सीट पर भी मतदान होगा। उत्तर प्रदेश में सात चरणों में विधानसभा के चुनाव जारी हैं और पांच चरणों के चुनाव हो चुके हैं और दो चरणों के चुनाव बाकी रह गए हैं। अब तक प्रदेश की 57 जिलों की 292 विधानसभा सीटों पर चुनाव हो चुके हैं।

शेष चरणों के लिए, अब तीन और सात मार्च को मतदान होना है जबकि मतगणना 10 मार्च को होगी। इस चरण में गोरखपुर क्षेत्र में भी वोटिंग है जहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई नेताओं की किस्मत ईवीएम (शेष पेज 9)

वाराणसी में चुनाव प्रचार अभियान के लिए अंतिम तीन दिन बिताने की उम्मीद है। ऐसा 2017 में भी उन्होंने किया था। भाजपा के खिलाफ खुद को दमदार चुनौती करार देने वाले अखिलेश यादव को अपनी समाजवादी पार्टी से इस क्षेत्र में व्यापक सफलता की उम्मीद है।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट में खुला जिले का पहला आधार सेवा केंद्र

## लोग सिर्फ 10 मिनट में बनवा सकते हैं आधार कार्ड

- 21 लोगों की टीम कर रही है काम
- सुबह 8:30 से शाम 5:30 तक रहेगा खुला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेना वेस्ट में खुले आधार सेवा केंद्र पर खड़े लोग।

गौतमबुद्धनगर के ग्रेटर नोएडा वेस्ट में शहर का पहला आधार सेवा केंद्र खुल गया है। बुधवार से ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित आधार सेवा केंद्र की शुरुआत हो गई है। यह आधार सेवा केंद्र सिर्फ नोएडा, ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट वासियों के लिए नहीं बल्कि गाजियाबाद, दिल्ली और एनसीआर समेत सभी इलाकों के लोगों के लिए फायदेमंद साबित होगा। अभी इस आधार सेवा केंद्र में 21 लोगों की टीम कार्य कर रही है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में आधार सेवा केंद्र खुलने के बाद लोग काफी खुश हैं। आपको बता दें कि यह शहर का पहला आधार सेवा केंद्र खुला है। इसकी मांग सामाजिक संस्था नेफोवा ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से की थी और इसके लिए कई बार नेफोवा के सदस्यों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नरेंद्र भूषण से भी मुलाकात की थी।

यह आधार सेवा केंद्र ग्रेटर नोएडा में स्थित गैलेक्सी ब्लू सफायर प्लाजा, प्लॉट नंबर- 03ए सेक्टर-4ए ग्रेटर नोएडा वेस्ट में खुला है। इस आधार सेवा केंद्र के मैनेजर सुमित कुमार दीक्षित ने बताया, हमारा लक्ष्य है कि रोजाना 500 लोगों को मदद मिले। हमारे साथ 21 लोगों की टीम कार्य कर रही है। सुबह 8:30 बजे से लेकर शाम 5:30 बजे तक आधार सेवा केंद्र खुला रहेगा। इस दौरान दोपहर 1:10 से लेकर 1:50 तक लंच का समय निर्धारित किया गया है।

सुमित कुमार दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया, जो व्यक्ति ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेकर आएगा उसका आधार कार्ड बनाने का कार्य केवल 10 मिनट में पूरा हो जाएगा और जो व्यक्ति अपॉइंटमेंट लेकर नहीं आएगा उसका कार्य भी केवल 11 मिनट में पूरा हो जाएगा। यानी कि किसी भी व्यक्ति को आधार कार्ड बनवाने में ज्यादा से ज्यादा 11 मिनट का समय लगेगा।

# नशे में 10वीं के छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

नोएडा। सेक्टर-121 स्थित सोसाइटी में दसवीं कक्षा के छात्र ने अपने घर में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस का दावा है कि छात्र ने नशे की हालत में फंदा लगाया। पुलिस को उसके पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

थाना क्षेत्र के गढ़ी चौखंडी गांव के पास सेक्टर-121 स्थित ड्रीम हाउस सोसाइटी में 17 वर्षीय लक्की त्यागी परिवार के साथ रहता था। वह दसवीं कक्षा में पढ़ाई कर रहा था। लक्की ने मंगलवार दोपहर को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब वह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आया तो परिजनों ने दरवाजा खोला। लक्की का शव फंदे से लटका था। फिर पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि लक्की के पिता शंकर त्यागी एसी रिपेयरिंग का काम करते हैं। जांच में सामने आया है कि लक्की नशे का आदी था। इसको लेकर उसके परिजन भी परेशान रहते थे।

परिजनों ने उसे कुछ दिन पूर्व ही नशा मुक्ति केंद्र में भी भर्ती करवाया था, लेकिन उसकी स्थिति में कोई सुधार नहीं आया। पुलिस का दावा है कि युवक ने नशे की लत के चलते आत्महत्या की है।

# नोएडा में लगेगा प्रदेश का सबसे ऊंचा 72 मी. हाइड्रोलिक प्लेटफार्म

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



- तीनों प्राधिकरण देंगे 18 करोड़ रुपए

गौतमबुद्ध नगर जिले की ऊंची इमारतों में आग बुझाने की समस्या अब जल्दी ही खत्म हो जाएगी। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण मिलकर एक 72 मीटर ऊंचा हाइड्रोलिक प्लेटफार्म खरीदेंगे। इस 72 मीटर ऊंचे हाइड्रोलिक प्लेटफार्म के लिए तीनों प्राधिकरण मिलकर 6.6 करोड़ रुपए देंगे। अभी जिले में चुनाव की वजह से आचार संहिता लगी हुई है। आचार संहिता के हटते के साथ ही इस प्रस्ताव को बोर्ड बैठक का आयोजन कर पास कर दिया जाएगा।

आपको बता दें कि यह उत्तर प्रदेश का सबसे ऊंचा हाइड्रोलिक प्लेटफार्म होगा। अभी तक यूपी में 42 मीटर ऊंचा हाइड्रोलिक प्लेटफार्म है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में कई बड़ी-बड़ी इमारतें बन चुकी हैं। जिनकी ऊंचाई 100 मीटर से भी अधिक है। ऐसे में अगर इन इमारतों में आग लगने का हादसा होता है तो अग्निशमन विभाग को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। फिलहाल विभाग विभाग के पास 42 मीटर और 32 मीटर ऊंचे 2-2 हाइड्रोलिक प्लेटफार्म है।

ऐसे में ऊंची इमारतों में आग लगने से विभाग को काफी परेशानी होती है। जिसे देखते हुए तीनों प्राधिकरण ने 72 मीटर ऊंचा हाइड्रोलिक प्लेटफार्म खरीदने का फैसला कर लिया है।

# ध्वस्तीकरण से पहले ट्विन टावर के चारों तरफ बनेगी दीवार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-91ए स्थित सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट में अवैध रूप से बने ट्विन टावर को ध्वस्त करने का कार्य तेजी से चल रहा है। जिसके चलते ट्विन टावर के चारों तरफ कंटेनर की तरह ऊंची दीवार बनाई जाएगी। ऐसा करने से हादसे होने से बचाव और मलवा फैलने से रोका जा सकेगा। साथ ही इसके अलावा विकल्प के रूप में फाइबर शीट लगाने का भी विचार किया जा रहा है। इन दोनों में से किसी एक विकल्प को जल्द ही लागू कर दिया जाएगा। इसका निर्णय एडिफिस कंपनी एक-दो दिन में कर लेगी।

ट्विन टावर में तोड़फोड़ का कार्य शुरू कर दिया गया है। जिसके लिए 300 मजदूर और मशीनों के जरिए टावरों की अलग-अलग मंजिलों पर काम किया जा रहा है। ट्विन टावर में तोड़फोड़ के कार्य बिना किसी इंतजाम के चल रहा है, जिस वजह से काफी धूल उड़ रही है। फिलहाल अभी तक कोई हादसा ना हो इसके लिए ट्विन टावर के सामने से गुजर रही सड़क की एक लेन को बंद कर दिया गया है। लेकिन आसपास रह रहे लोग को काफी परेशानियां हो रही हैं। जिसे देखते हुए अब टावरों के चारों तरफ कंटेनर की तरह ऊंची दीवार बनाई जाएगी।

# शादी का दबाव बनाया तो पंखे से लटकर की खुदकुशी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में रहने वाले नर्सिंग कोऑर्डिनेटर ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक परिजनों द्वारा शादी का दबाव बनाए जाने को लेकर परेशान था। हालांकि, पुलिस को मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि हरियाणा, पलवल के गांव घुघेरा निवासी 22 वर्षीय दर्शन सिंह सेक्टर-134 स्थित जेपी नर्सिंग हॉस्टल में रहते थे। वह सेक्टर-128 स्थित जेपी अस्पताल में नर्सिंग कोऑर्डिनेटर थे। उन्होंने मंगलवार रात को अपने हॉस्टल के कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। इस वजह से आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

थाना प्रभारी ने बताया कि दर्शन के परिजन उसकी शादी करना चाहते थे। इसको लेकर वह दर्शन से बात कर रहे थे लेकिन वह अभी शादी करने को तैयार नहीं था।

## संक्षिप्त समाचार



बिल्डर के आवास पर छापेमारी करने पहुंची आयकर विभाग की टीम।

### बिल्डर के घर आयकर विभाग का छापा

**गाजियाबाद।** देश की राजधानी दिल्ली से सटे गाजियाबाद में एक बिल्डर के ठिकाने पर आयकर विभाग ने बुधवार सुबह 10 बजे छापा मारा। मूलरूप से उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के रहने वाले इस बिल्डर पर कारोबार में पैसे के लेन देन को लेकर छापा मारा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, इंदिरापुरम के अभय खंड स्थित आइआरएस सोसायटी में बिल्डर के यहां बुधवार सुबह से आयकर विभाग की टीम सर्च करने पहुंची। इस दौरान आयकर विभाग टीम के बिल्डर के परिवार के लोगों को घर में बंद कर पूछताछ की। चंद्रजीत पाठक की इंदिरापुरम के अभय खंड स्थित आइआरएस सोसायटी में प्लाट नंबर 30 पर पाठक नाम से बंगला है। स्थानीय लोगों के मुताबिक चंद्रजीत पाठक एक बिल्डर हैं। वह कुछ दिन पहले विदेश गए हुए थे। मंगलवार शाम को वह लौटे हैं।



कंपनी में आग की सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ी।

### फैक्ट्री में लगी भीषण आग, कोई हताहत नहीं

**गाजियाबाद।** शहर के साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की गणपति इंडस्ट्रीज में बुधवार दोपहर अचानक आग लग गई। कंपनी में काम करने वाले कर्मचारियों ने फायर फाइटिंग सिस्टम से आग को बुझाने का प्रयास किया मगर बढ़ती आग को देखकर अधिकांश लोग बाहर की तरफ भाग गए। सूचना पर दमकल विभाग की टीम ने पहली मंजिल पर फंसे 4-5 कर्मचारियों को कड़ी मशक्कत कर बाहर सकुशल बाहर निकाला। अग्निशमन अधिकारी योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि चार गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। इस बीच पेपर रोल और मशीनों में आग लगने से नुकसान हुआ है।

### अवैध खनन के आरोप में 6 गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना रबूपुरा पुलिस ने एक सूचना के आधार पर क्षेत्र के मिर्जापुर गांव के पास छापा मारकर अवैध रूप से खनन कर रहे छह लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना रबूपुरा के थानाध्यक्ष राज कुमार ने बुधवार को बताया कि बीती रात एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने गांव मिर्जापुर के पास अवैध रूप से खनन कर रहे रवि, जमालुद्दीन, मतीन उर्फ मतिया, सुहेल, शमसुद्दीन तथा रामअवतार को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने अवैध रूप से खनन करके भरे गए दो डंपर, दो ट्रैक्टर, खनन में प्रयोग होने वाली जेसीबी मशीन जब्त की हैं। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि ये लोग काफी दिनों से अवैध रूप से खनन कर रहे थे।

### कार का लॉक तोड़कर सीएनजी किट चोरी

**नोएडा।** चोरों ने बरौला गांव में कार की डिग्गी का लॉक तोड़कर सीएनजी किट चोरी कर ली। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। इस संबंध में कार मालिक ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। बरौला स्थित नत्थू कॉलोनी निवासी अमर सिंह ने पुलिस को शिकायत दी कि वह किसी काम से मंगलवार रात को राधा स्वामी सत्संग आश्रम के पास गए थे। उन्होंने आश्रम से कुछ दूरी पर ही अपनी कार खड़ी की थी। इसी बीच चोरों ने उनकी कार की डिग्गी का लॉक तोड़कर सीएनजी किट चोरी कर ली। कुछ देर बाद जब वह वापस आए तो वारदात का पता चला।


CAPRI GLOBAL CAPITAL LIMITED

**कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड**

पंजीकृत एवं कार्पोरेट कार्यालय :- 502, टावर-ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013
सर्किल कार्यालय :- कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, द्वितीय तल, 3बी पूसा रोड, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110005

परिशिष्ट -IV-क [नियम 8 (6) तथा 9 (1) का परंतुक देखें]
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) एवं 9 (1) के परंतुक के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, नीचे वर्णित कर्जदार की तरफ कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, की बकाया राशि की वसूली के लिए निम्नवर्णित तिथियों को "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी। सुरक्षित मूल्य, ईएमडी राशि तथा सम्पत्ति का वर्णन नीचे दिया गया है।

| क्र सं. | 1. कर्जदार(रों) का नाम 2. बकाया राशि | बंधक सम्पत्ति का वर्णन | 1. ई-नीलामी की तिथि एवं समय 2. ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 3. सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | 1. सुरक्षित मूल्य 2. सम्पत्ति की ईएमडी 3. वृद्धि मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1. श्री राजीव भाटिया ("कर्जदार") 2. श्रीमती सीमा एस (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या LNMEMAY000020025 रू. 25,40,273/- (रूपए पच्चीस लाख चालीस हजार दो सौ तिहत्तर मात्र) + 25-02-2022 से ब्याज तथा आगे लागू ब्याज | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति सं. टी-113, द्वितीय तल छत के अधिकार सहित, खसरा नंबर 12 का भाग, ग्राम बिंदापुर, टी-ब्लॉक, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059, उसके ऊपर वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 1. ई-नीलामी की तिथि : 22-03-2022 (अप. 3.00 बजे से अप. 4.00 बजे के बीच) 2. ईएमडी, केवाईसी सहित जमा करने की अंतिम तिथि : 21-03-2022 3. निरीक्षण की तिथि : 19-03-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 02.00 बजे तक | सुरक्षित मूल्य : रू. 11,00,000/- (रूपए ग्यारह लाख मात्र) धरोहर राशि जमा : रू. 1,10,000/- (रूपए एक लाख दस हजार मात्र) वृद्धि मूल्य : रू. 10,000/- (रूपए दस हजार मात्र) |
| 1. | 1. मैसर्स फ्रेन्ड्स मेडिकल्स ऐंड जनरल स्टोर ("कर्जदार") 2. शांति गुप्ता, 3. कोमल गुप्ता, 4. अशोक गुप्ता (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या LNCGCDELTL0000004930 रू. 5,85,61,016/- (रूपए पांच करोड़ पिचासी लाख इकसठ हजार सोलह मात्र) + 25-02-2022 से ब्याज तथा आगे लागू ब्याज | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति सं. 16 का भू तल (आंशिक) अर्थात भू तल पर एक दुकान तथा सम्पूर्ण प्रथम तल, ब्लॉक-डी-2, माडल टाउन-3, दिल्ली-110009, उसके ऊपर निर्मित वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 1. ई-नीलामी की तिथि : 22-03-2022 (अप. 3.00 बजे से अप. 4.00 बजे के बीच) 2. ईएमडी, केवाईसी सहित जमा करने की अंतिम तिथि : 21-03-2022 3. निरीक्षण की तिथि : 19-03-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 02.00 बजे तक | सुरक्षित मूल्य : रू. 3,80,00,000/- (रूपए तीन करोड़ अस्सी लाख मात्र) धरोहर राशि जमा : रू. 38,00,000/- (रूपए अड़तीस लाख मात्र) वृद्धि मूल्य : रू. 1,00,000/- (रूपए एक लाख मात्र) |
| 3. | 1. मैसर्स नंदा सेल्स ("कर्जदार") 2. श्रीमती अमीशा, 3. श्री अमित कुमार (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या LNCGCDELTL0000006439, LNCGCDELTL0000006205 रू. 57,51,077/- (रूपए सत्तावन लाख इक्यावन हजार सतहत्तर मात्र) + 25-02-2022 से ब्याज तथा आगे लागू ब्याज | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : निर्मित सम्पत्ति सं के-14, म्युनिसिपल नंबर डब्ल्यूजैड-एल2/35 का सम्पूर्ण प्रथम तल, क्षेत्रफल परिमाप 93 वर्ग गज, छत का अधिकार नहीं, खसरा नंबर 30 का भाग, भू तल पर सीढ़ियों के नीचे कॉमन स्कूटर पार्किंग के साथ, ग्राम नांगली जालिब, कालोनी कृष्णा पार्क एक्सटेंशन के नाम से मशहूर, गली नंबर 12, नई दिल्ली-110018, उसके ऊपर वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 1. ई-नीलामी की तिथि : 22-03-2022 (अप. 3.00 बजे से अप. 4.00 बजे के बीच) 2. ईएमडी, केवाईसी सहित जमा करने की अंतिम तिथि : 21-03-2022 3. निरीक्षण की तिथि : 19-03-2022 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 02.00 बजे तक | सुरक्षित मूल्य : रू. 25,25,000/- (रूपए पच्चीस लाख पच्चीस हजार मात्र) धरोहर राशि जमा : रू. 2,53,000/- (रूपए दो लाख तिरेपन हजार मात्र) वृद्धि मूल्य : रू. 20,000/- (रूपए बीस हजार मात्र) |

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, की वेबसाइट में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें :- www.capriglobal.in/auction

ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें :-

1. सम्पत्ति "जैसी है जहां है, जो भी है वहां है तथा कोई वापसी नहीं आधार" पर बेची जा रही है। अतएव बिक्री किसी प्रकार की वारंटी एवं क्षतिपूर्ति के बिना की जा रही है।
2. सम्पत्ति/आस्ति के विवरण (उदाहरण के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना में विनिर्दिष्ट सीमा एवं परिमाप) प्रतिभूत लेनदार की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार वर्णित किए गए हैं तथा प्रतिभूत लेनदार किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। वास्तविक सीमा एवं माप भिन्न हो सकता है।
3. प्रतिभूत लेनदार द्वारा जारी की गई ई-नीलामी बिक्री सूचना जनसाधारण को अपनी बोलियां प्रस्तुत करने हेतु एक आमंत्रण है तथा यह प्रतिभूत लेनदार की ओर से कोई वचनबद्धता अथवा प्रतिनिधित्व नहीं है और न ऐसा करता समझा जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले स्वामित्व विलेख की प्रति प्रतिभूत लेनदार से प्राप्त करने और सम्पत्ति/आस्ति के स्वामित्व के स्वामित्व एवं वर्तमान हालत तथा सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/देयताओं की स्वतंत्र जांच/सतर्क जांच कर लेने की सलाह दी जाती है।
4. नीलामी/बोलीदान सेवा प्रदाता मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, ऑक्शन टाइगर, अहमदाबाद द्वारा उपलब्ध कराई गई वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net पर अथवा ऑक्शन टाइगर मोबाइल ऐप के माध्यम से "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड" द्वारा होगा, जिसके द्वारा ई-नीलामी प्लेटफार्म के जरिए नीलामी की सम्पूर्ण प्रक्रिया की व्यवस्था एवं समन्वय किया जाएगा।
5. बोलीदाता बोलीदान के लिए अपनी पसंद के स्थान से ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। इंटरनेट की व्यवस्था बोलीदाता को स्वयं करनी होगी। प्रतिभूत लेनदार/सेवा प्रदाता इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्याओं, सिस्टम क्रैश डाउन, पावर फेल्योर इत्यादि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
6. संभावित बोलीदाता विस्तृत विवरण, सहायता, प्रक्रिया तथा ऑनलाइन बोलीदान के लिए सेवा प्रदाता मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, ऑक्शन टाइगर, अहमदाबाद (सम्पर्क नंबर 079. 61200531/576/596/559/598/587/594/) अथवा श्री राम प्रसाद शर्मा, मोबाइल नंबर 800-002-3297/79-6120 0559, ई-मेल : ramprasad@auctiontiger.net से सम्पर्क कर सकते हैं।
7. इच्छुक बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए पोर्टल पर अपने नाम का पंजीकरण https://sarfaesi.auctiontiger.net पर पर्याप्त अग्रिम में करवाना होगा तथा यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता से पासवर्ड मिलते ही तत्काल इसको बदल लेने की सलाह दी जाती है।
8. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक बोलीदाता को एक प्रतिदेय ईएमडी, जोकि सुरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत है (उपरि वर्णित अनुसार) "कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड" के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से 21-03-2022 को अथवा पूर्व जमा करनी होगी।
9. इच्छुक बोलीदाताओं को सम्यक् भरा गया बोली प्रपत्र (फार्मेट https://sarfaesi.auctiontiger.net पर उपलब्ध है) ईएमडी हेतु डिमांड ड्राफ्ट प्रेषण के साथ एक सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करना चाहिए, जो प्राधिकृत अधिकारी, कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, आंचलिक कार्यालय, 3बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली-110005 को अधिकतम 21-03-2022 के अप. 03.00 बजे तक भेजा जा सकता है। सीलबंद लिफाफे पर "कर्जदार नाम" की सम्पत्ति के लिए ऋण खाता नंबर - .................... (ऊपर वर्णित अनुसार) में ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने हेतु बोली" शीर्षांकित किया जाना चाहिए।
10. ईएमडी के साथ बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद, प्राधिकृत अधिकारी उनके द्वारा प्राप्त बोलियों की जांच करेंगे तथा योग्य बोलीदाताओं (जिनके द्वारा अपनी बोलियां सुरक्षित मूल्य से अधिक उद्धृत की गई हैं तथा प्रतिभूत लेनदार द्वारा विनिर्दिष्ट ईएमडी जमा की गई है) के विवरण की पुष्टि मैसर्स ई प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को करेंगे ताकि वे ई-नीलामी बिक्री सूचना में वर्णित तिथि और समय पर ऑनलाइन परस्पर बोलीदान/नीलामी कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति केवल उन्हीं योग्य बोलीदाताओं को दें।
11. योग्य बोलीदातओं के बीच परस्पर बोलीदान योग्य बोलीदाताओं द्वारा उद्धृत उच्चतम बोली से आरंभ किया जाएगा। परस्पर बोलीदान की प्रक्रिया के दौरान 10 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार होंगे अर्थात ई-नीलामी समाप्त होने का समय अंतिम विस्तार से 10 मिनट के भीतर बोली आने पर हर बार स्वतः 10 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
12. एक बार बोली देने के बाद निरस्त या वापस नहीं की जा सकती है। बोलीदाता को उपलब्ध कराई गई यूजर आईडी से दी गई सभी बोलियां केवल उसके द्वारा दी गई बोली मानी जाएंगी।
13. ई-नीलामी प्रक्रिया समाप्त होने पर, उच्चतम बोलीदाता को उसके द्वारा उद्धृत अंतिम बोली की राशि की पुष्टि तत्काल ई-मेल द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, आंचलिक कार्यालय, 3बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली-110005 तथा सेवा प्रदाता दोनों को भेजी जाएगी, ताकि उसको ई-नीलामी प्रक्रिया में सफल बोलीदाता घोषित किया जा सके।
14. सफल बोलीदाता को बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी सहित) बोली उसके पक्ष में छूटने पर, उसी दिन तथा बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत राशि बिक्री की तिथि से 15 दिन के भीतर कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड के पक्ष में नई दिल्ली में देय डीडी/पे ऑर्डर/एनईएफटी/ आरटीजीएस/चैक द्वारा जमा करनी होगी।
15. सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा निर्धारित राशियों का भुगतान नियत अवधि के भीतर करने में चूक की स्थिति में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले जमा की जा चुकी राशियां (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएंगी और सम्पत्ति दोबारा बिक्री हेतु रखी जाएगी।
16. सफल बोलीदाता के अनुरोध पर, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा, बोली राशि की बकाया रकम चुकाने के लिए समय, एकमात्र अपने विवेकानुसार लिखित रूप में आगे बढ़ाया जा सकता है।
17. सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य की 1 प्रतिशत राशि बतौर टीडीएस (बिक्री राशि से) अदा करनी होगी तथा टीडीएस सर्टिफिकेट प्राधिकृत अधिकारी के पास जमा करना होगा तथा बिक्री मूल्य की पूरी राशि (1 प्रतिशत टीडीएस काटने के बाद), ईएमडी समायोजित करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ऑफर स्वीकार किए जाने के 15 कार्यदिवस के भीतर अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपयुक्त विचारित विस्तारित अवधि के भीतर अदा करनी होगी, जिसमें असफल रहने पर जमा की गई धरोहर जमा जब्त कर ली जाएगी।
18. म्युनिसिपल/पंचायत कर, बिजली बकाया (यदि कोई) तथा किसी अन्य प्राधिकरण बकाया (यदि कोई) का भुगतान बिक्री प्रमाणपत्र के निर्गमन से पूर्व सफल बोलीदाता द्वारा किया जाएगा। बोलियां सम्पत्ति से संबंधित सभी सांविधिक बकाया ध्यान में रखकर दी जानी चाहिए।
19. प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सफल बोलीदाता के पक्ष में बिक्री प्रमाणपत्र उसके द्वारा पूर्ण क्रय मूल्य/बोली राशि जमा करने तथा सभी करों/प्रभारों के भुगतान के संबंध में आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने पर ही जारी किया जाएगा।
20. हस्तांतरण, स्टाम्प ड्यूटी, पंजीकरण हेतु लागू प्रभार तथा अन्य अनुषंगी प्रभार नीलामी क्रेता को वहन करने होंगे।
21. प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही प्रास्थगित/निरस्त कर सकते हैं। ई-नीलामी बिक्री कार्यक्रम बिक्री की निर्धारित तिथि से 15 से कम दिन पहले की तिथि हेतु प्रास्थगित करने की स्थिति में, यह सेवा प्रदाता की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।
22. प्राधिकृत अधिकारी का निर्णय अंतिम, बाध्यकारी होगा तथा इसको चुनौती नहीं दी सकती है।
23. सभी बोलीदाता, जिनके द्वारा बोलियां प्रस्तुत की गई हैं, यह माना जाएगा कि वे ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें पढ़ एवं समझ चुके हैं तथा उनके अधीन बाध्य होंगे।
24. अतिरिक्त विवरण तथा पूछताछ के लिए प्राधिकृत अधिकारी, कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड : श्री सुशील गुप्ता मोबाइल नंबर 7400445137 से सम्पर्क करें।
25. यह प्रकाशन उक्त ऋण खाते के कर्जदार/बंधकदाता/गारंटर को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) तथा 9 (1) के तहत, उपरिवर्णित तिथि/स्थान पर नीलामी बिक्री आयोजित करने के संबंध में 15 (पंद्रह) दिन का कानूनी नोटिस भी है।

विशेष अनुदेश/चेतावनी : बोलीदाताओं को अन्तिम मिनटों अथवा क्षणों में बोलीदान करने की प्रवृत्ति को स्वयं के हित में त्यागना होगा। ना तो कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड और ना ही सेवा प्रदाता बोलीदाता की ओर से किसी विफलता/कमी (विद्युत विफलता, इंटरनेट विफलता इत्यादि) हेतु उत्तरदायी होंगे। ऐसी स्थिति से बचने के क्रम में बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अपेक्षित बैकअप पॉवर आपूर्ति इत्यादि जैसी अनिवार्य व्यवस्थाएं/विकल्प तैयार रखें, ताकि वे किसी आकस्मिक अड़चन से बच सकें और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें।

स्थान : दिल्ली तिथि : 03-03-2022 हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी) कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड


### मोबाइल हैक कर खाते से 28 हजार रुपये उड़ाए

**नोएडा।** साइबर ठगों ने युवक के मोबाइल को हैक कर नेट बैंकिंग के जरिए उनके खाते से 28 हजार 500 रुपये निकाल लिए। इस संबंध में पीड़ित ने साइबर सेल को अज्ञात के खिलाफ शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में प्रदीप ने बताया कि वह सेक्टर.57 में रहते हैं। उनका वेतन 28 फरवरी को बैंक खाते में आया था। आरोप है कि वेतन आने के कुछ देर बाद ही उनका मोबाइल हैक हो गया। ठगों ने मोबाइल हैक करके पीड़ित के खाते से पहले 19 हजार 500 रुपये निकाल लिए। इसके कुछ देर बाद ठगों ने दूसरी बार में नौ हजार रुपये निकाल लिए।

# फर्जी आयकर अफसर ने कंपनी मालिक को ठगा

## पैसे देने के बाद पता चली हकीकत, थाने में दर्ज कराई शिकायत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शहर में 2 जालसाजों ने खुद को आयकर विभाग का अधिकारी बताकर कंपनी मालिक को ठग लिया। जालसाजों ने कंपनी मालिक से डेढ़ लाख रुपए की ठगी की। सोमवार देर रात को दोनों आरोपी गाड़ी में सवार होकर कंपनी मालिक के घर आए थे। जिसके बाद उन्होंने वारदात को अंजाम दिया। पैसे देने के बाद कंपनी मालिक को शक हुआ तो उसने इसकी शिकायत पुलिस से की। अब इस मामले की जांच फेज.वन पुलिस कर रही है।

नोएडा के सेक्टर.8 में नूडल बनाने वाली एक कंपनी है। कंपनी मालिक नसीम अख्तर ने पुलिस को शिकायत दी कि उन्होंने एक दूसरी कंपनी के साथ 45 लाख रुपए की डील की थी। उन्होंने यह डील बिना किसी रिकॉर्ड के की थी। जिसका फायदा दो जालसाजों ने उठाया। एक हफ्ते पहले नसीम अख्तर के पास फोन आया और उस शख्स ने खुद को आयकर विभाग का अधिकारी बताया। जिसके बाद उसने कंपनी मालिक के साथ डील को लेकर बात की।

आयकर अधिकारी बताने वाले व्यक्ति ने कंपनी मालिक से डेढ़ लाख रुपए में सेटलमेंट करने की बात कही। जिसके बाद देर रात सोमवार को दो लोग कार में सवार होकर कंपनी मालिक के घर से डेढ़ लाख रुपए ले गए। पैसे देने के कुछ समय बाद जब कंपनी मालिक ने संबंधित जानकारी के लिए उनके पास फोन किया तो उनका फोन स्विच ऑफ होने लगा। जिसके बाद कंपनी मालिक को उन पर शक हुआ। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि कंपनी मालिक ने खुद डेढ़ लाख रुपए ठगी की शिकायत की है।

# व्हाट्सएप मैसेज से मिलता था वाहन चोरी का ऑर्डर

## चोरी कर नेपाल पहुंचा देता था गिरोह, गैंग के सरगना समेत चार शातिर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गाजियाबाद एसओजी टीम द्वारा गिरफ्तार गिरोह के सदस्य।

दूसरे राज्यों से वाहन चोरी कर उन्हें नेपाल में ऑन डिमांड बेचने वाले एक अंतरराष्ट्रीय वाहन चोर गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। हाफिजपुर और एसओजी टीम ने गिरोह के सरगना समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की 15 बाइक, पांच मास्टर चाबी, चोरी में प्रयुक्त उपकरण, दो तमंचे और चार कारतूस बरामद किए हैं।

एसपी दीपक भूकर ने बताया कि सोमवार रात थाना हाफिजपुर प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह और एसओजी प्रभारी संजीव कुमार पुलिस टीम के साथ संयुक्त रूप से क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें वाहन चोरों के आने की सूचना मिली। पुलिस ने बाईपास स्थित सोना पैट्रोल पंप के पास बैरिकेडिंग कर चेकिंग शुरू कर दी। पुलिस को बाइक सवार कुछ संदिग्ध आते दिखाई दिए। रुकने का इशारा करने पर इन लोगों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए चार आरोपियों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों से अवैध हथियार बरामद हुए। पूछताछ में बाइक भी चोरी की निकली। जिसके बाद पुलिस ने इनकी निशानदेही पर चोरी के अन्य वाहनों को भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जनपद गाजियाबाद के थाना भोजपुर क्षेत्र के ग्राम अतरौली निवासी सुमित, पिलखुवा क्षेत्र के मोहल्ला रमपुरा निवासी राजा, मोहल्ला अर्जुन नगर निवासी राहुल उर्फ जितेंद्र और जनपद मुजफ्फरनगर के थाना रामराज क्षेत्र के नया गांव निवासी नीशू के रूप में हुई। सुमित इस गिरोह का सरगना है और इसका संपर्क नेपाल में है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# मुंडका और सोनिया विहार में दो बड़े यूजीआर शुरू

## चौबीस घंटे हर घर जल की दिशा में सरकार ने बढ़ाया एक और कदम

## जल मंत्री ने किया उद्घाटन, 8.45 लाख लोगों को होगा फायदा



भूमिगज जलाशय के उद्घाटन के मौके पर जल मंत्री सत्येंद्र जैन।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली वालों को चौबीस घंटे पानी मुहैया कराने और बेहतर सीवरेज का बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने की कोशिश कर रही है।

इसी कड़ी में मुंडका में 2.95 करोड़ लीटर और सोनिया विहार में 2.68 करोड़ लीटर क्षमता वाले भूमिगज जलाशय व बूस्टर पम्पिंग स्टेशन शुरू किया है। इससे इस क्षेत्र में रहने वाले लगभग 8.45 लाख से अधिक लोगों को फायदा होगा। इसके अलावा, हर्ष विहार में सीवरेज पम्पिंग स्टेशन के निर्माण की आधारशिला भी रखी गई, जिसमें रोजाना 1.75 करोड़ लीटर सीवेज पंप करने की क्षमता होगी। जल मंत्री एवं दिल्ली जल बोर्ड के अध्यक्ष सत्येंद्र जैन ने बुधवार इन परियोजनाओं का उद्धघाटन किया व आधारशिला रखी।

दिल्ली जल बोर्ड के अनुसार, वर्तमान में मुंडका और सोनिया विहार के इलाके जल संकट का सामना कर रहे हैं। गर्मी के दिनों में यह समस्या और विकराल हो जाता है। इस समस्या के समाधान के लिए मुंडका गांव में और सोनिया विहार में भूमिगत जलाशय व बीपीएस बनाए गए हैं। दिल्ली सरकार ने आसपास के घरों में पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बूस्टर पम्पिंग स्टेशन स्थापित किए हैं। यह बूस्टर पम्पिंग स्टेशन एक ऐसे उपकरण से लैस किया गया है जो पानी के दबाव को आवश्यक और वांछित स्तर तक लाने के लिए जरूरी पानी के दबाब को बढ़ाने में मदद करते हैं। इस तरह, पानी एक स्टोरेज टैंक से सभी घरों या व्यावसायिक संस्थानों तक आसानी से पहुंचाया जाता है। सत्येंद्र जैन ने कहा कि यूजीआर क्षेत्र में पानी का दबाव बढ़ाने के लिए मददगार साबित होगा और मौजूदा जल संकट को हल करने में मदद करेगा।

इस पहल से मुंडका, सोनिया विहार और हर्ष विहार की अनाधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लगभग 8.45 लाख लोगों को फायदा होगा। वहीं, सोनिया विहार यूजीआर का काम पूरा हो चुका है और इससे उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करावल नगर और मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति में बढ़ोत्तरी सकेगी। साथ ही, शिव विहार, अंकुर एन्क्लेव, महालक्ष्मी एन्क्लेव, अंबिका विहार, जौहरीपुर, दयालपुर, सादतपुर, भगत सिंह कॉलोनी, जियाउद्दीन नगर, अंबेडकर नगर, भागीरथी विहार, नेहरू विहार आदि अनधिकृतत कॉलोनियों के लगभग 6 लाख निवासियों को पर्याप्त दबाव में पानी उपलब्ध होने से सीधा लाभ होगा। परियोजना की लागत में 10 वर्षो तक संचालन और रखरखाव भी शामिल हैं। इसी तरह, मुंडका गांव में 2.95 करोड़ लीटर की क्षमता वाले भूमिगत जलाशय का काम भी पूरा कर लिया गया है और जल्द ही मुंडका विधानसभा क्षेत्र के गांवों और अनाधिकृत कॉलोनियों में पीने के पानी की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

इस भूमिगत जलाशय को नांगलोई वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पानी मिलेगा। यह भूमिगत जलाशय वर्तमान में मुंडका विधानसभा क्षेत्र की 5 अनाधिकृत कॉलोनियों और गांवों, क्रमशः हिरण कूदना गांव, मुंडका गांव, टिकरी गांव, बाबा हरिदास नगर, लेख राम पार्क और अन्य कॉलोनियों व गांवों जैसे नीलवाल गांव, राजधानी पार्क, गुलशन पार्क, नांगलोई जे.जे.कैम्प नंबर 2, कविता कॉलोनी, स्वर्ण पार्क, फ्रेंड्स एन्क्लेव, बक्करवाला गांव, बक्करवाला आर.एस.सी., लोक नायक पुरम आदि को पीने के पानी की आपूर्ति करेगा। भूमिगत जलाशय के शुरू होने से क्षेत्र के लगभग 1.25 लाख निवासियों को लाभ होगा।

### हर्ष विहार में सीवेज पम्पिंग स्टेशन की रखी आधारशिला

जल मंत्री ने इसके अलावा हर्ष विहार में एक सीवेज पम्पिंग स्टेशन की आधारशिला भी रखी गई है। इस सीवेज पम्पिंग स्टेशन की पम्पिंग क्षमता 1.75 करोड़ लीटर सीवेज प्रतिदिन होगी।

यह गोकलपुर विधानसभा क्षेत्र की 8 अनाधिकृत कॉलोनियों से उत्पन्न सीवेज को एकत्र कर आगे के उपचार के लिए यमुना विहार सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में पंप करेगा। इस परियोजना के पूर्ण होने पर मंडोली एक्सटेंशन जैसी अनधिकृत कॉलोनियों के लगभग 1.20 लाख लोगों को जो कि हरिजन बस्ती, बुद्ध विहार, हर्ष विहार डी-ब्लॉक, बैंक कॉलोनी, पूर्वी मंडोली एक्सटेंशन, हरिजन बस्ती डी-ब्लॉक, राजीव नगर, मंडोली विस्तार, हर्ष विहार, हर्ष विहार एक्सटेंशन और आसपास रहते हैं, उनको इस सीवेज पम्पिंग सुविधा का लाभ मिलेगा।

### यूजीआर केंद्र सरकार ने बनवाया : भाजपा

**नई दिल्ली।** निगम चुनाव नजदीक आते ही सत्ता पक्ष और विपक्ष में श्रेय लेने की होड़ शुरू हो गई है। जल मंत्री सत्येंद्र जैन ने मुंडका और सोनिया विहार में दो बड़े यूजीआर का उद्घाटन कर किया। इसको लेकर नेता प्रतिपक्ष रामवीर बिधूड़ी ने केजरीवाल सरकार पर चुनावी राजनीति के लिए सभी परंपराओं और प्रोटोकॉल की धज्जियां उड़ाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि सोनिया विहार में 6 एमजीडी क्षमता वाले जिस भूमिगत जलाशय का उद्घाटन जैन ने किया है।

# एनडीएमसी क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त करने की योजना शुरू

- 1 जुलाई से प्लास्टिक वस्तुओं का निर्माण, आयात, वितरण, बिक्री और उपयोग भी होगा प्रतिबंधित

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद इलाके में 1 जुलाई से पॉलीस्टाइनिन विस्तारित, पॉलीस्टाइनिन सहित एकल उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं का निर्माण, आयात, स्टॉकिंग, वितरण, बिक्री और इस्तेमाल प्रतिबंधित होगा।

इसके अलावा सिंगल यूज प्लास्टिक वाली वस्तुएँ जैसे, प्लास्टिक स्टिक के साथ ईयर बड्स, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक, स्टिक प्लास्टिक के झंडे, कैंडी की छड़ें, आइसक्रीम की छड़ें, सजावट के लिए पॉलीस्टाइनिन (थर्मोकोल), प्लेट, कटलरी के अंतर्गत आने वाले कांटे, चम्मच, चाकू, पुआल, स्टिरर, ट्रे इत्यादि को एनडीएमसी क्षेत्र के क्षेत्राधिकार में उपयोग के लिए हतोत्साहित किया गया है। साथ ही 100 माइक्रोन से कम के स्वीट बॉक्स, निमंत्रण कार्ड, सिगरेट के पैकेट, प्लास्टिक या पीवीसी बैनर के चारों ओर फिल्मों को लपेटना या पैक करना पर भी प्रतिबंध होगा।

एनडीएमसी ने प्लास्टिक कैरी बैग पर प्रतिबंध लगाने और सिंगल यूज वाली प्लास्टिक वस्तुओं को चरणबद्ध तरीके से हतोत्साहित करने के लिए एक रोड मैप तैयार किया है।

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2021 के अनुसार इस संबंध में नई दिल्ली पालिका परिषद ने सार्वजनिक नोटिस जारी किया गया है, जिसमें संस्थान, समुदाय और व्यक्ति एक साथ आने की अपील की गई है। जिससे कि एकल उपयोग प्लास्टिक के उत्पादन और इसके अत्यधिक उपयोग को कम करने के लिए स्थायी विकल्प तलाशा जा सकें।

# एयरपोर्ट पर छात्रों से मिले केंद्रीय मंत्री

- ऑपरेशन गंगा के तहत यूक्रेन में फंसे छात्रों की सुरक्षित वापसी



छात्रा की सेहत का जायजा लेते केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी।

अजीत तिवारी। नई दिल्ली

यूक्रेन संकट में फंसे छात्रों की सुरक्षित वापसी के लिए केंद्र सरकार का प्रयास रंग लाने लगा है। इसी क्रम में हंगरी, रोमानिया, स्लोवाकिया से भारतीय छात्रों को लाने के क्रम में बुधवार और मंगलवार देर रात छात्रों का स्वागत करने कई केंद्रीय मंत्री नई दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे।

एयरपोर्ट पहुंचीं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने यूक्रेन से लौटे छात्रों से बातचीत की। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आप सभी का घर वापस आने पर स्वागत है, आपके परिवार के लोग आपका इंतजार कर रहे हैं। आपने अनुकरणीय साहस दिखाया है। इस प्रयास के लिए फ्लाइट क्रू को भी धन्यवाद दिया। स्मृति ईरानी ने इस दौरान केरल, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, गुजरात के छात्रों से उनकी क्षेत्रीय भाषाओं में बातकर हौसला अफजाई की । केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने बुधवार को यूक्रेन से भारतीय नागरिकों को लेकर आए विमान दिल्ली के हवाई अड्डे पहुंचने पर स्वागत किया है। यह फ्लाइट हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट से यहां पहुंची थी। उन्होंने भी छात्रों का हौसला अफजाई की। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बुधवार को यूक्रेन से 251 छात्रों के सुरक्षित वापसी के बाद स्वागत करने आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचे।

उन्होंने कहा कि यह नरेंद्र मोदी की सरकार है, चाहें यूक्रेन हो, यमन प्रत्येक भारतवासी के साथ सरकार हमेशा उनके साथ खड़ी होगी। मंगलवार देर रात यूक्रेन से लौटे बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आईजीआई पहुंचे। बच्चों को उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचाने के लिए एयरपोर्ट पर एक विशेष रेल आरक्षण काउंटर भी बनाया गया है। इस विशेष काउंटर से रेल टिकट उपलब्ध कराए जा सकते हैं, ताकि वे रेलयात्रा कर अपने गंतव्य स्थान तक पहुंच सके । वहीं कंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार, राजीव चंद्रशेखर भी एयरपोर्ट पर पहुंचे।

# यूक्रेन से लाए गए या फंसे छात्रों के परिजनों से मिलें अधिकारी

- दिल्ली सरकार ने इस कार्य के लिए शिक्षक व अन्य स्टाफ को लगाया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने जिला अधिकारियों को युद्धग्रस्त यूक्रेन से सुरक्षित निकालकर लाए गए या वहां अब भी फंसे विद्यार्थियों के परिजनों से मिलने और उन्हें यह आश्वस्त करने का निर्देश दिया है कि उनके बच्चों की भलाई के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने यह भी कहा कि जिला अधिकारियों ने संबंधित इलाकों में इस कार्यकारी आदेश को प्रभावी तरीके से लागू कराने के लिए शिक्षकों और अन्य स्टाफ को इस काम में लगाया है। जिला अधिकारियों की ओर से जारी आदेशों के अनुसार, संबंधित टीम यूक्रेन में फंसे विद्यार्थियों के परिजनों से मिलेगी और उन्हें आश्वस्त करेगी कि उनके बच्चों की सकुशल वापसी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। एक अधिकारी ने कहा कि वे यूक्रेन से सकुशल स्वदेश वापस लाए गए विद्यार्थियों के घर भी जाएंगे, उनका हालचाल पूछेंगे और उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की पेशकश करेंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार से यूक्रेन में फंसे भारतीयों को यथाशीघ्र स्वदेश लाने और उन्हें हरसंभव मदद पहुंचाने का अनुरोध किया था।



### भारतीयों की सुरक्षित वापसी के लिए प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के सदस्यों ने बुधवार को यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया और युद्धग्रस्त यूक्रेन में फंसे भारतीय विद्यार्थियों की सुरक्षित वापसी की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने हाथ में तख्तियां ले रखी थीं जिन पर यूक्रेन के समर्थन में नारे लिखे गए थे। प्रदर्शनकाारियों द्वारा ली गईं तख्तियों पर लिखा था, भारत सरकार फंसे हुए भारतीय नागरिकों की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करे और युद्ध समाप्त करें, इससे पहले कि ए आपको समाप्त कर दे। प्रदर्शन में करीब 15-20 आइसा सदस्य शामिल रहे।

# प्रगति मैदान के नीचे सुरंग इसी महीने बनकर होगी तैयार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रगति मैदान के नीचे निर्माणधीन सुरंग इस महीने के अंत तक बनकर तैयार हो जाएगी। इससे पूर्वी दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद से इंडिया गेट तथा अन्य क्षेत्रों में आने-जाने वालों का सहूलियत होगी साथ ही आईटीओ और उसके आसपास के लगने वाले यातायात जाम से मुक्ति भी मिलेगी।

परियोजना को अंजाम दे रहे लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों ने कहा कि सुरंग के साथ-साथ मथुरा रोड, रिंग रोड और भैरो मार्ग पर भी छह भूमिगत उप-मार्गों का निर्माण किया जा रहा है ताकि क्षेत्र में यातायात को सुचारू किया जा सके। सुरंग चालू हो जाने के बाद एनसीआर से आने वाले वाहन चालकों को इंडिया गेट, मथुरा रोड तक और वापसी सिग्नल मुक्त हो जाएगी। परियोजना के तहत, पीडब्ल्यूडी 777 करोड़ की अनुमानित लागत से 1.2 किलोमीटर लंबी सुरंग और छह भूमिगत उप-मार्गों का निर्माण कर रहा है।

# मास्टर प्लान में समावेशी व डिजिटल अर्थव्यवस्था का लक्ष्य : उपराज्यपाल

- सीआईआई के दिल्ली राज्य वार्षिक सत्र में बोले अनिल बैजल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल अनिल बैजल ने बुधवार को कहा कि दिल्ली का मास्टर प्लान 2041 अधिसूचित किया जाएगा और जोर दिया कि एक सतत, समावेशी, लचीली और डिजिटल अर्थव्यवस्था का निर्माण शहर के विकास के दृष्टिकोण के केंद्र में रहेगा।

भारतीय उद्योग परिसंघ के दिल्ली राज्य वार्षिक सत्र 2021-22 को संबोधित करते हुए बैजल ने यह भी कहा कि दिल्ली के मास्टर प्लान में पहली बार रात्रिकालीन अर्थव्यवस्था को भी शामिल किया गया है, जोकि एक महत्वपूर्ण हस्तक्षेप है जिसके कई सकारात्मक नतीजे आ सकते हैं।

उपराज्यपाल ने कहा, इससे रात्रिकालीन होने वाली गतिविधियों जैसे सांस्कृतिक मनोरंजन गतिविधियां, रसद और कुछ उद्योगों को लाभ मिल सकता है। इससे काम करने के समय में भी बदलाव होगा, जिससे सड़कों पर भी भीड़ घटेगी। दिल्ली का मास्टर प्लान 2041 इस तरह तैयार किया गया दस्तावेज है, जिसे आम आदमी भी आसानी से समझ सकता है।

बैजल ने कहा कि पर्यावरणीय स्थिरता, गुणवत्तापूर्ण रहन-सहन के साथ ही आर्थिक एवं सांस्कृतिक जीवनशैली पर ध्यान केंद्रित करता है। मास्टर प्लान सस्ते आवास, प्रदूषण मुक्त वातावरण, अतंर-शहरी आवागमन एवं परिवहन, पेयजल आपूर्ति और आथिक मजबूती देने समेत कई क्षेत्रों की चिंता को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करता है।

# मिट्टी की गुणवत्ता सुधार कर पौधे लगाएगा वन विभाग

- पौधों के जीवित रहने की दर में और सुधार करने में मदद मिलेगी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली वन विभाग पौधारोपण को अधिक प्रभावी बनाने के लिए वैज्ञानिक रणनीति बनाना रहा है। इसके लिए मिट्टी की जांच और आंतरिक ऑडिट कराने की योजना बनाई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

वन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि पौधारोपण कवायद पिछले साल की तरह देसी किस्मों पर केंद्रित होगी। इससे पौधों के जीवित रहने की दर में और सुधार करने में मदद मिलेगी। अधिकारी ने कहा, दिल्ली के सभी वन प्रभागों में एक विशेष क्षेत्र में मिट्टी की विशेषताओं का पता लगाने के लिए परीक्षण किया जा रहा है। यह हमें बताएगा कि मिट्टी क्षारीय है या अम्लीय और क्या इसमें पर्याप्त पोषक तत्व, नमी और जैविक सामग्री है, जो पौधों के विकास में मदद करती है। अधिकारी ने कहा, उदाहरण के लिए, यदि मिट्टी क्षारीय है, तो पौधे के विकास में मदद के लिए इसका इलाज करना होगा। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य कवायद को और अधिक वैज्ञानिक बनाना है। अधिकारी ने कहा कि पौधारोपण करने वाली एजेंसियों को इसके फायदे और नुकसान के बारे में भी पता चलेगा और तदनुसार पौधों के जीवित रहने की दर में सुधार के लिए कदम उठाए जा सकते हैं।

अधिकारी ने कहा कि अप्रैल में एक आंतरिक ऑडिट किया जाएगा, जिसका उद्देश्य किसी विशेष क्षेत्र के लिए सबसे उपयुक्त प्रजातियों और वृक्ष मृत्यु दर में भूमिका निभाने वाले कारकों का पता लगाना है।

ज्ञात हो राजधानी में स्थानीय प्रजाति के 120 पेड़ों का बीज बैंक तैयार किया जा रहा है। इस बैंक के जरिए पूरी दिल्ली और आसपास होने वाले वृक्षारोपण में स्थानीय पेड़ों की संख्या बढ़ाने में मदद मिलेगी।

असोला भाटी वन्यजीव अभयारण्य में अब तक 75 के लगभग प्रजाति के पेड़-पौधों का बीज बैंक तैयार किया जा चुका है। यमुना नदी और अरावली पर्वत श्रृंखला राजधानी दिल्ली के दो बड़े पर्यावरण कारक हैं। दिल्ली में होने वाले स्थानीय पेड़-पौधे इन दोनों पर्यावरण कारकों के अनुकूलन के अनुसार विकसित हुए हैं। लेकिन, दिल्ली में शहरी क्षेत्र का जितनी तेजी से विकास हुआ है, उसके चलते बहुत से स्थानीय पेड़-पौधों के अस्तित्व पर भी संकट छाया हुआ है।

### कोरोना के दौरान बढ़ा लिंग आधारित हिंसा और भेदभाव

**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी के दौरान पिछले दो वर्षों में लंबे समय से जारी लिंग आधारित हिंसा और भेदभाव को और बढ़ा दिया है। यह बात बुधवार को सोहिनी भट्टाचार्य ने ब्रेकथ्रू इंडिया के पैन-एशिया शिखर सम्मेलन 'रिफ्रेम' में कही।

उन्होंने आगे कहा कि यह माना जाने लगा है कि लिंग आधारित हिंसा भी एक महामारी है। सम्मेलन में लिंग आधारित हिंसा समाप्त करने पर चर्चा व विमर्श किया गया। अगले 10 वर्षों में लिंग-आधारित हिंसा को खत्म करने के लिए एनजीओ, उद्योग विशेषज्ञों, विचारकों और मीडिया ने अपने विचार साझा किए। एलजीबीटीआई एक्टिविस्ट वांग्शु लियान ने कहा कि लिंग आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए एजेंसी निर्माण और नेतृत्व विकास दोनों जरूरी घटक हैं।


## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वरूण प्रकाश, पुनीत प्रकाश, एचएस 19 प्रथम तल, कैलाश कालोनी, ग्रेटर कैलाश, साउथ दिल्ली, दिल्ली, खाता नंबर :- LBDEL00004310166 | मकान नंबर एचएस 19 कैलाश कालोनी, दिल्ली, | 27-12-2021 रू. 85,32,101/- | 13-07-2021 |
| 2. | वरूण प्रकाश, पुनीत प्रकाश, उमा शर्मा, एचएस 19 प्रथम तल, कैलाश कालोनी, ग्रेटर कैलाश, साउथ दिल्ली, दिल्ली, खाता नंबर :- LBDEL00004423376 | मकान नंबर एचएस 19 कैलाश कालोनी, दिल्ली, | 27-12-2021 रू. 49,45,383/- | 13-07-2021 |
| 3. | वरूण प्रकाश, उमा शर्मा, एचएस 19 प्रथम तल, कैलाश कालोनी, ग्रेटर कैलाश, साउथ दिल्ली, दिल्ली, खाता नंबर :- LBDEL00002094573 | अपार्टमेंट नंबर 502, 5वां तल, लिवोर्क, ब्लॉक-सीसी, प्लॉट नंबर सीसी-01, सेक्टर-25 ए तथा 32, नोएडा | 27-12-2021 रू. 45,51,741/- | 13-07-2021 |
| 4. | थोटंगम रंगसंग, बेन्मी वाशुम, फ्लैट नंबर 5, मकान नंबर 168, हुमायूंपुर, सफदरजंग एन्क्लेव, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00005163199 | प्लॉट नंबर 905, 9वां तल, बिल्डिंग ओडी 101217 साउथ कोर्ट 2, खसरा नंबर 123 तथा 124, 133/659, ग्राम नरसिंहपुरा, तहसील सांगानेर, जयपुर | 27-12-2021 रू. 53,90,462/- | 04-09-2021 |
| 5. | सुनील कुमार, कमला प्रसाद सिंह, एफ-201, ग्रीन वैली, ग्रीन वैली सीजीएचएस, द्वारका, दिल्ली, खाता नंबर :- LBDEL00004741135 | फ्लैट नंबर 59, संदल स्ट्रीट रिटेल, प्लॉट नंबर 22, सेक्टर-135, गौतमबुद्ध नगर | 31-12-2021 रू. 64,93,916/- | 31-10-2021 |
| 6. | सुमित कौशिक, वकुल कौशिक, 1/9, लैंटाना स्ट्रीट, वाटिका सिटी, सोहना रोड, गुरूग्राम खाता नंबर :- LBDEL00001726646 | अपा. नंबर बी-4/जीएफ, टावर नंबर - आइरिस-बी-4, भू तल, वाटिका सिटी, सोहना रोड, गुरूग्राम | 31-12-2021 रू. 31,05,245/- | 31-10-2021 |
| 7. | सिम्मी विज, राजेश कुमार विज, जेजी-1/8 ए, विकासपुरी, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00004913388 | प्लॉट नंबर 64, तृतीय तल छत के अधिकार सहित, ब्लॉक एफ, विकासपुरी, दिल्ली | 31-12-2021 रू. 43,85,036/- | 04-10-2021 |
| 8. | श्री कृष्ण दत्त, प्रभु दत्त शर्मा, फ्लैट नंबर डी 0504, 5वां तल, टावर डी, स्प्रिंग व्यू हाइट्स, ग्राम शाहपुर बम्हेटा, गाजियाबाद खाता नंबर :- LBDEL00002078769 | यूनिट डी 0504, डी 01 टावर डी, पांचवां तल, मैक्सिमा, सरे होम्स, गुरूग्राम | 31-12-2021 रू. 32,61,054/- | 31-07-2021 |
| 9. | संगीता मलिक, मनमोहन मलिक, ए-64, ज्ञानदीप अपार्टमेंट्स, मयूर विहार फेज-1, दिल्ली खाता नंबर :- LBNOD00002480392 | फ्लैट नंबर एएम-एच-1706, 17वां तल, टावर एच, अजनारा एम्ब्रोसिया, प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर-118, गौतमबुद्ध नगर | 31-12-2021 रू. 42,86,430/- | 31-10-2021 |
| 10. | संदीप शर्मा, सीमा शर्मा, एच नंबर एफ 100 बी, गली नंबर 05, मंगल बाजार, लक्ष्मी नगर, शकरपुर ईस्ट दिल्ली, दिल्ली खाता नंबर :- LBNOD00004978071 | फ्लैट नंबर 2604, 26वां तल, टावर बी, अजनारा पैनोरामा, प्लॉट नंबर जीएच-04, सेक्टर-22, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास क्षेत्र, ग्रेटर नोएडा | 31-12-2021 रू. 40,80,710/- | 31-10-2021 |
| 11. | रोशन लाल सेमवाल, लक्ष्मी देवी सेमवाल, ए-170, ब्लॉक-ए, देवली एक्सटेंशन, दिल्ली खाता नंबर :- LBGUR00003444986 | प्लॉट नंबर 1901, सेठी वेनिस टावर बी, 19वां तल, सेक्टर-150, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर | 31-12-2021 रू. 51,61,306/- | 30-06-2021 |
| 12. | रोहन शर्मा, एच नंबर एफ 50, राधे पुरी, कृष्ण नगर एच ओ, दिल्ली खाता नंबर :- LBNOD00004949198 | फ्लैट नंबर एएम-ए 103, प्रथम तल, टावर ए, अजनारा एम्ब्रोसिया, प्लॉट नंबर जीएच- 01, सेक्टर-118, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा | 31-12-2021 रू. 46,87,073/- | 31-10-2021 |
| 13. | रितु कपूर, आशा कपूर, बी-4/1105, कृष्णा अप्रा गार्डन्स, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, खाता नंबर :- LBGHZ00002357593 | फ्लैट नंबर 504, 5वां तल, टावर डी, संस्कृति टावर, प्लॉट नंबर जीएच-10, सेक्टर-01, ग्रेटर नोएडा | 27-12-2021 रू. 31,86,978/- | 04-09-2021 |
| 14. | रीतेश कुमार विश्वकर्मा, भारती विश्वकर्मा, सम्पत्ति सं. डी-44, आदर्श नगर, पृथ्वी राज रोड, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00005164714 | प्लॉट नंबर 179, द्वितीय तल, अभय खंड-1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद | 31-12-2021 रू. 71,95,531/- | 04-10-2021 |
| 15. | रमेश कुमार रॉय, बबीता रॉय, एच नंबर 76, गली नंबर 5, लक्ष्मी विहार जैन रोड, उत्तम नगर, वेस्ट दिल्ली, दिल्ली-110059 खाता नंबर :- LBGHZ00005159753 | फ्लैट नंबर डी 2 902, 9वां तल, सेक्टर-10, श्री वर्धमान गार्डेनिया, सोनीपत | 31-12-2021 रू. 37,11,721.01/- | 04-10-2021 |
| 16. | परवीन कुमार, शिखर दीक्षित, फ्लैट नंबर 605, टी-1, आरपीएस सवाना सिटी, सेक्टर-88, फरीदाबाद खाता नंबर :- LBNOD00004927412 | फ्लैट नंबर 2711, 27वां तल, पैनोरामा ब्लॉक जी, टावर जी, प्लॉट नंबर जीएच-04, सेक्टर-22, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास क्षेत्र, ग्रेटर नोएडा | 31-12-2021 रू. 39,40,609/- | 04-10-2021 |
| 17. | निशा कुमारी, मनीष कुमार, बी 94, द्वितीय तल, सेक्टर-48, नोएडा, जी बी नगर, नोएडा खाता नंबर :- LBNOD00002962269 | फ्लैट नंबर 1608, टावर जी, 16वां तल, फ्यूचर एस्टेट, प्लॉट नंबर जीएच-16 ई, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा | 27-12-2021 रू. 26,23,184/- | 04-09-2021 |
| 18. | निशा, अजय कुमार, मकान नंबर एफ-1/315, साउथएंड अपार्टमेंट, इरोस गार्डन चार्मवुड विलेज, फरीदाबाद खाता नंबर :- LBFDB00004288882 | प्लॉट नंबर 3560, तृतीय तल, सेक्टर-सी, ग्रीन फील्ड्स कालोनी, फरीदाबाद | 27-12-2021 रू. 46,88,328/- | 04-09-2021 |
| 19. | निधि बत्रा, रेणु बत्रा, रूद्राक्ष बत्रा, एच नंबर 177, सेक्टर-17, निकट हरि मंदिर, फरीदाबाद, खाता नंबर :- LBDEL00002000522 | प्लॉट नंबर एससीएफ 7, सेक्टर-17, अर्बन एस्टेट, फरीदाबाद | 31-12-2021 रू. 32,40,872/- | 31-03-2021 |
| 20. | मुकेश कुमार, नेहा राणा, एच नंबर 70 सी, पाकेट ई, दिलशाद गार्डन, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00003110383 | फ्लैट नंबर बी-804, 8वां तल, टावर बी, ब्लिस होम्स ऐंड ब्लिस स्क्वायर, कर्पूरीपुरम, गोविंदपुरम, गाजियाबाद | 27-12-2021 रू. 29,02,306/- | 04-08-2021 |
| 21. | मोहम्मद मकदूम मोहिउद्दीन, तनवीर अहमद खान, रूमाना खादरी, फ्लैट नंबर 10, अल काबी टावर, द्वितीय तल, दुबई, खाता नंबर :- LBNOD00002398252 | फ्लैट नंबर 605, छठा तल, टावर सी, प्लॉट नंबर जीएच-07 ए, कासा ग्रैंड, सेक्टर-चाई 5, ग्रेटर नोएडा | 27-12-2021 रू. 43,09,332/- | 04-09-2021 |
| 22. | मोहम्मद मकदूम मोहिउद्दीन, तनवीर अहमद खान, रूमाना खादरी, फ्लैट नंबर 10, अल काबी टावर, द्वितीय तल, दुबई, खाता नंबर :- LBNOD00002406178 | फ्लैट नंबर 604, छठा तल, टावर सी, प्लॉट नंबर जीएच-07 ए, कासा ग्रैंड, सेक्टर-चाई 5, ग्रेटर नोएडा | 27-12-2021 रू. 41,87,565/- | 04-09-2021 |
| 23. | मिर्जा मोहम्मद मुस्तफा अब्बास, उरूज कमर, एफ-6, फ्लैट नंबर 6268, आलोक विहार-2, सेक्टर-50, नोएडा खाता नंबर :- LBDEL00004867685 | फ्लैट नंबर सी 101, प्रथम तल, ब्लॉक सी, सेठी ग्रुप मैक्स रॉयल प्लॉट नंबर जीएच-02 बी, सेक्टर-76, गौतमबुद्ध नगर | 09-12-2021 रू. 8,22,954/- | 04-09-2021 |
| 24. | जितेन्द्र शर्मा, शशि शर्मा, फ्लैट नंबर 403, अंतरिक्ष ग्रीन, कौशाम्बी, गाजियाबाद, खाता नंबर :- LBGHZ00003623550 | फ्लैट नंबर 403, चतुर्थ तल, अंतरिक्ष ग्रीन्स, कौशाम्बी, गाजियाबाद, | 09-12-2021 रू. 49,18,506/- | 04-09-2021 |
| 25. | जितेन्द्र शर्मा, शशि शर्मा, फ्लैट नंबर 403, अंतरिक्ष ग्रीन, कौशाम्बी, गाजियाबाद, खाता नंबर :- LBGHZ00003623552 | फ्लैट नंबर 403, चतुर्थ तल, अंतरिक्ष ग्रीन्स, कौशाम्बी, गाजियाबाद, | 09-12-2021 रू. 19,03,454/- | 04-09-2021 |
| 26. | जसविंदर सिंह, भूपिन्दर कौर, डब्ल्यूजैड-38, द्वितीय तल, लेन -9, वरिन्दर नगर, दिल्ली खाता नंबर :- LBDEL00002050590 | ऑफिस स्पेस नंबर 606, छठा तल, तुलसियानी ग्रेस-37, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद | 27-12-2021 रू. 37,95,576/- | 09-09-2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 03 मार्च, 2022
स्थान : दिल्ली /एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# रिटायर्ड कर्नल की गाड़ी से शीशा तोड़ 5.15 लाख का सामान व नकदी चोरी

## एमजी रोड पर एमजीएफ मॉल के बाहर की है घटना

## घटनास्थल के चंद कदमों की दूरी पर तैनात थी पुलिस



गुरुग्राम के एमजी रोड पर खड़ी गाड़ी का चोरी के दौरान तोड़ा गया शीशा।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**यहां** एमजी रोड पर एक रिटायर्ड कर्नल की गाड़ी का शीशा तोड़कर सरेआम लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया गया। हैरानी की बात है कि घटनास्थल से चंद कदमों की दूरी पर काफी संख्या में पुलिस भी तैनाती थी, फिर भी यह वारदात हो गई। इससे पुलिस सुरक्षा पर तो सवाल खड़े हो ही रहे हैं।

कांग्रेस के पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के चेयरमैन रिटायर्ड कर्नल रोहित चौधरी निवासी सेक्टर-17बी गुरुग्राम ने डीएलएफ फेज-2 थाना में दी शिकायत में कहा कि वह अपनी पत्नी अंजू चौधरी और ड्राइवर के साथ गाड़ी नंबर डीएल-8सी-1554 में एमजी रोड मेट्रो स्टेशन के पास स्थित एमजीएफ मेट्रोपॉलिटन मॉल में गए थे। उन्होंने मॉल के गेट के पास गाड़ी रोकी, जिस पर वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने गाड़ी को थोड़ा आगे खड़ी करने को कहा। ड्राइवर ने गाड़ी थोड़ी आगे जाकर रोकी। कर्नल चौधरी के मुताबिक वे गाड़ी से उतरकर मॉल गए। कुछ सामान गाड़ी में भूल गए थे। उन्होंने गाड़ी में बैठे ड्राइवर को फोन करके वह सामान देकर मॉल के गेट पर बुलाया। ड्राइवर सायं 06:44 बजे गाड़ी से उतरकर मॉल गेट पर पहुंचा और 06:49 बजे वापस गाड़ी के पास पहुंच गया। इस दौरान उसने देखा कि गाड़ी का शीशा टूटा हुआ है और उसमें से दो बैग गायब थे। उन्होंने इसकी सूचना कर्नल रोहित चौधरी को दी। वे तुरंत गाड़ी के पास आए। चोरों ने गाड़ी से कुल 5 लाख 15 हजार रुपये का सामान व नकदी चुराई है। जिसमें 4 लाख रुपये के सोने के कंगन, 15 हजार का मोबाइल फोन, 25 हजार रुपये नकद, 75 हजार रुपये के चश्में व अन्य सामान चोरी कर लिया गया।

कर्नल रोहित चौधरी ने थोड़ी दूरी पर मौजूद पुलिसकर्मियों को चोरी की सूचना दी। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी जांचे गए। इस दौरान पता चला कि उनकी गाड़ी की पहले रेकी की गई, फिर कुछ युवकों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। कर्नल चौधरी ने गुरुग्राम में सुरक्षा पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि चोरी करने वालों को इस बात का भी भय नहीं था कि गाड़ी में आगे आर्मी की उनकी टोपी रखी थी। पुलिस की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े किए हैं। गुरुग्राम में बहुत बड़ा कंट्रोल रूम बना हुआ है। जहां पर शहर के हर सीसीटीवी से नजर रखी जाती है। उन्होंने कहा कि पुलिस यहां चालान काटने में व्यस्त रहती है। सुरक्षा को लेकर कुछ नहीं किया जाता।

# वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों के लिए बनाया दुर्लभ शौचालय



सेक्टर-14 मार्केट में वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों के लिए बनाया गया दुर्लभ शौचालय।

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के सहयोग से संगति फाऊंडेशन द्वारा अपने सीएसआर फंड से सेक्टर-14 में एक शौचालय का निर्माण किया गया है। यह शौचालय विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग जनों के इस्तेमाल के लिए बना है।

दुर्लभ शौचालय में वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग जनों की सुविधा के लिए रेंप बनाकर ऐसी व्यवस्था की गई है कि उनकी व्हील चेयर बिना किसी रुकावट के शौचालय में प्रवेश कर सके। इस वर्ग की आवश्यकताओं को देखते हुए स्लाईडिंग दरवाजों का प्रावधान किया गया है। इस शौचालय में वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांग जन के लिए लगाई गई शौचालय सीट के इस्तेमाल के लिए हैंडल का प्रावधान किया गया है। शौचालय में सभी आवश्यक सुविधाएं जैसे वॉश बेसिन, लाईट व केयर टेकर रूम आदि उपलब्ध करवाई गई हैं। इस शौचालय के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की प्रशासक जसप्रीत कौर द्वारा जगह उपलब्ध करवाई गई है। नगर निगम गुरुग्राम की अतिरिक्त आयुक्त डा. वैशाली शर्मा के अनुसार नगर निगम गुरुग्राम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर बनाए गए सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों का बेहतर रख-रखाव किया जा रहा है। शौचालयों पर बेहतरीन पेंटिंग बनाई गई हैं, जिससे इनकी सुंदरता और भी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि सेक्टर-14 में संगति फाऊंडेशन द्वारा बनाए गए शौचालय जैसी सुविधाएं अन्य स्थानों पर भी उपलब्ध करवाने की बात कही है। कॉरपोरेट्स से आह्वान किया कि है वे आगे आकर शहर के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को निभाएं।

## संक्षिप्त-समाचार

### लवणीय भूमि सुधार के लिए हरियाणा सरकार की नई योजना

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार ने किसानों के हित में सेमग्रस्त एवं लवणीय भूमि सुधार योजना लागू की है जिसके तहत पंजीकरण करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 अप्रैल 2022 निर्धारित की गई है। उन्होंने सेमग्रस्त व लवणीय भूमि की समस्या को दूर करने के लिए किसानों से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। सेमग्रस्त एवं लवणीय भूमि सुधार योजना में आवेदन करने के लिए किसान को 1,000 रुपए की फीस देनी होगी, जोकि किसान के अंशदान में समायोजित कर दी जाएगी। इस योजना के तहत सभी किसानों की सहमति तथा अनुकूल कार्य दशाओं के बाद भूमि सुधार कार्य शुरू किया जाएगा। इसके लिए किसानों से पम्प हाऊस व नागरिक संरचनाओं के लिए जमीन व सहमति ली जाएगी। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ उठाने के लिए किसानों को पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। अधिक जानकारी के लिए टोल-फ्री नंबर-18001802117 पर सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जलभराव वाले क्षेत्रों में सेम व लवण की समस्या को दूर करने के लिए हरियाणा सरकार ने यह महत्वपूर्ण योजना तैयार की है। जिला में सेम व लवणीय समस्या से परेशान किसान इस योजना का लाभ उठाए।

### सफाई कर्मचारी मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर

**सोहना।** नगर परिषद सफाई कर्मचारी यूनियन के कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर दो दिन की भूख हड़ताल शुरू कर दी। प्रदेश सरकार को हड़ताल पर बैठे यूनियन नेता कर्मचारी विरोधी सरकार करार दे रहे हैं। बुधवार सुबह नगर परिषद कार्यालय परिसर में नगर परिषद सफाई कर्मचारी के 11 कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर दो दिन की भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। हड़ताल की अध्यक्षता कर रहे प्रधान विक्रम सिंह ने बताया कि यूनियन के प्रदेश स्तरीय आदेश पर हड़ताल शुरु की है। यह हड़ताल गुरुवार को भी जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि यूनियन की मुख्य तीन मांगें हैं। पहली मांग ठेकेदारी प्रथा समाप्त की जाए। द्वितीय मांग कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना। तीसरी मांग 2004 के बाद लगे कर्मचारियों को पेंशन नियम को लागू करना। प्रधान ने बताया कि कच्चा कर्मचारी पूरा समय काम करता है। लेकिन उसकी मेहनत पर को सरकार नजरअंदाज कर रही है। कर्मचारियों को समय पर उनका सुरक्षा संबंधित सामग्री नहीं मिल रही है। जिसके कारण सफाई कर्मचारी जानलेवा बीमारियों के रोगी बन रहे हैं।

### विद्यार्थी को पाठ्यक्रम के साथ कौशल विकास हुनर जरूरी



**सोहना।** सोहना से लगते गांव बारौटा के राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित रक्तदान शिविर में एनएसएस के छात्राओं समेत स्कूल स्टाफ और ग्रामीणों ने रक्तदान किया। बुधवार को बारौटा में रक्तदान शिविर का उद्घाटन नूंह के खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर सद्दीक अहमद ने किया। शिविर में लगभग 100 लोगों ने रक्तदान किया। एनएसएस शिविर में भाग ले रहे सभी 50 विद्यार्थी, स्कूल प्रधानाचार्य कविता रानी, एनएसएस शिविर के सयोजक शिक्षक लक्ष्मण सिंह, गांव के प्रमुख लोगों में नंबरदार नरेन्द्र सिंह आदि ग्रामीणों ने रक्तदान किया। खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर सद्दीक अहमद ने बताया कि एनएसएस का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सामाजिक ज्ञान से लेकर राष्ट्र व समाज के प्रति समर्पण की भावना सिखाना। बीईओ ने कहा कि वर्तमान समय में पाठ्यक्रम के साथ-साथ स्कूलों में विद्यार्थी को कौशल विकास का हुनर और देश भावना के पाठ भी पढ़ाए जा रहे हैं।

### निगमायुक्त आहुजा ने की प्रोजेक्ट परिवर्तन की समीक्षा

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा ने बुधवार को निगम कार्यालय में प्रोजेक्ट परिवर्तन की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि 10 मार्च को आयोजित किए जाने वाले मेले की सभी तैयारियां पूरी कर लें, ताकि मेले में आने वाले लोगों को पर्याप्त सहायता एवं जानकारी उपलब्ध हो सके। निगमायुक्त ने कहा कि आरटीए सचिव व ट्रैफिक पुलिस की टीम सभी 18 ऑटो स्टैंड पर कैनोपी लगाकर ऑटो ड्राईवरों को प्रोजेक्ट परिवर्तन की जानकारी दें तथा उनसे विस्तृत चर्चा करें।

# नगर परिषद चुनाव : शहर में गरमाने लगी राजनीति

**सोहना।** नगर परिषद के आम चुनाव को लेकर शहर के वार्डों में राजनीति गरमाने लगी है। चुनावी मैदान में उतरने और परिवार के सदस्यों को उतारने के लिए लंगोट कसने लगे हैं। चेयरमैन पद का चुनाव पार्टी चिह्न पर लड़ने को आकाओं के दरवाजे पर टिकट के लिए दस्तक देने वालों की संख्या बढ़ने लगी है।

नगर परिषद आम चुनाव की संभावित तिथि 24 अप्रैल मानी जा रही है। परिषद के कुल 21 वार्डों में से सात वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। लगातार तीसरी बार चेयरमैन पद महिला के लिए आरक्षित हुआ है। इसबार अनुसूचित महिला के लिए पद आरक्षित है। इससे पहले दो बार सामान्य वर्ग से महिला के लिए आरक्षित रह चुका है।

## सोशल मीडिया से चुनाव प्रचार

**चुनावी** मैदान में उतरने से पहले पार्षद और चेयरमैन पद पर चुनाव लड़ने वालों ने सोशल मीडिया से अपना प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है। आए दिन वाट्सअप ग्रुपों में चुनाव मैदान में उतरने वालों के नये-नये चेहरे देखने का मिल रहे हैं। परिवारवाद और गौतपाल के माध्यम से वोट बैंक को इकट्ठा करने में जुट गए हैं।

## आकाओं के दरबार में लगा रहे हाजिरी

अभी तक चेयरमैन पद पर उम्मीदवार उतारने की तैयारी को लेकर जननायक जनता पार्टी और भाजपा नेताओं ने हाई कमान द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों को लेकर कार्यकर्ताओं के बीच एक-एक बार मीटिंग की है। इनेलो, कांग्रेस, बसपा, सपा आदि पार्टियों के नेता चुप्पी साधे बैठे हैं। टिकट की दावेदारी को लेकर भावी चेयरमैन उम्मीदवारों ने अपने आकाओं के दरबार में हाजिरी देना शुरू कर दिया है। नेताओं ने एक-दूसरे की नवज टटोलना शुरू कर दिया है।

# मामूली बात पर हुए झगड़े में महिला समेत दो घायल

**सोहना।** भोंडसी थाना के गांव घामडौज में मामूली बात पर हुए झगड़े में पथराव के साथ-साथ लाठी-डंडे चलने से महिला समेत दो लोग घायल हो गए। घायलों को सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। पुलिस ने घायल महिला की शिकायत पर एक ही परिवार के पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

घामडौज निवासी शारदा पत्नी सूरज ने पुलिस को बताया मंगलवार को वह लकड़ी तोड़ने गई थी। वहीं पर मीना पत्नी इन्द्रपाल आ गई और उसे गालियां देने लगी। उसके विरोध करने पर मीना का पति चन्द्रपाल और तीनों बेटे हेमन्त, कमल, उमेश आ गए। जिन्होंने लाठी-डंडे से हमला कर दिया। शोर सुनकर आये जेठ बृजमोहन पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया। बृजमोहन के सिर पर पत्थर फेंकर मारा। जिससे बृजमोहन लहुलुहान हो गया। शारदा ने बताया कि उसे व उसके जेठ को सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया।

# एलिवेटेड मार्ग के छह फ्लाइओवरों पर ट्रायल, दौड़ रहे वाहन

एन रोहिल्ला। सोहना



गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर दौड़ते वाहन।

**गुरुग्राम**-सोहना के बीच निर्माणाधीन एलिवेटेड मार्ग पर बने छह फ्लाइऑवरों पर ट्रायल के दौरान वाहन फर्राटे भर रहे हैं। भोंडसी से सोहना के बीच मार्ग के निर्माण का 90 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है।

वह दिन दूर नहीं जब सोहना से गुरुग्राम के बीच की 25 किलोमीटर की दूरी मात्र 20 मिनट में तय होगी। निर्माणाधीन एलीवेटेड मार्ग का कार्य तेजी से चल रहा है। एलिवेटेड मार्ग के बादशाहपुर में स्थित जेल मोड़ से लेकर सोहना तक छह फ्लाइऑवरों का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है। रिठौज मोड़ से सोहना के बीच करीब 12 किलोमीटर मार्ग का निर्माण एचजी इंफ्रा कंपनी द्वारा किया जा रहा है। भोंडसी से गुरुग्राम राजीव चौक तक एलीवेटेड मार्ग का निर्माण अन्य कंपनी द्वारा किया जा रहा है। एलिवेटेड मार्ग के बीच भोंडसी में बना टोल अभी चालू नहीं हो सका है। इससे पहले बादशाहपुर से सोहना के बीच बने पांच फ्लाइऑवरों पर वाहनों को ट्रायल के रूप में दौड़ाया जा रहा है। ताकि टोल शुरू होने से पहले फ्लाइऑवर निर्माण में आने वाली कमियों को तलाश करने के बाद सही किया जा सके। अलीपुर में बने फ्लाइऑवर की एक साइड को दिल्ली-वडोदरा राष्ट्रीय मार्ग से जोड़ा जा रहा है। जिसके कारण अलीपुर व घामडौज फ्लाइऑवर को एक तरफसे चालू किया है। जेल मोड़, भोंडसी व धुनेला में बने फ्लाइऑवर के दोनो तरफ वाहन फर्राटें भर रहे हैं।

**राष्ट्रीय मार्ग की टीम जल्द करेगी दौरा :** जानकारी के अनुसार भोंडसी से सोहना के बीच एलिवेटेड मार्ग का राष्ट्रीय मार्ग की टीम जल्द ही दौरा करेगी। टीम निर्माणाधीन मार्ग का औचक निरीक्षण करने के बाद एचजी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को कार्य पूरा करने का प्रमाण पत्र दे सकती है।

**कौन-कौन से फ्लाइऑवर चालू :** गुरुग्राम एलिवेटेड मार्ग पर बादशाहपुर के जेल मोड़ से भोंडसी, भोंडसी से टोल प्लाजा, घामडौज, अलीपुर, धुनेला और सोहना ढाणी में बने फ्लाइऑवर पर वाहन फर्राटे भर रहे हैं।

# पंजाबी बिरादरी महा संगठन ने की पुलिस आयुक्त से मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त कला रामचन्द्रन से मुलाकात करते पंजाबी बिरादरी महा संगठन के पदाधिकारी।

**पंजाबी** बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोधराज सीकरी की अगुवाई में नौ सदस्य प्रतिनिधि मण्डल ने बुधवार को पुलिस आयुक्त कला रामचन्द्रन से शिष्टाचार भेंट की।

प्रधान बोध राज सीकरी ने संस्था के कार्यों, गठन के उद्देश्य के अतिरिक्त 21 बिंदुओं का सुझाव प्रस्ताव सीपी को सौंपा। इसमें पुराने और नये शहर की सुरक्षा सम्बन्धित सुझाव, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी, ट्रैफिक से सम्बंधित समस्याएं, महिलाओं की विशेष शिकायतें, साइबर क्राइम, वित्तीय क्राइम के मुद्दे एवं पब्लिक और प्राइवेट सांझेदारी की आवश्यकता के बिन्दुओं को शामिल किया। पुलिस आयुक्त कला रामचन्द्रन ने संस्था के रचनात्मक सुझावों पर आश्वासन दिया कि 21 सुझावों में से अधिकतर सुझाव विचार योग्य हैं। वे उन्हें गंभीरता से लेंगी। संगठन के वरिष्ठ उप-प्रधान ओम कथूरिया ने सुझाव दिया कि पुलिस आयुक्त का आम आदमी के साथ वार्तालाप बहुत सारी समस्याओं का समाधान कर सकता है।

प्रतिनिधिमण्डल में प्रधान बोध राज सीकरी, ओमप्रकाश कथूरिया के अलावा वरिष्ठ उप-प्रधान रामलाल ग्रोवर महामंत्री, यदुवंश चुघ उप-प्रधान, रमेश चुटानी उप-प्रधान, राजकुमार कथुरिया उप-प्रधान, सुभाष डुडेजा अतिरिक्त महामंत्री, गजेन्द्र गोसाई मंत्री और सुभाष नागपाल सहायक कोषाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे। पंजाबी बिरादरी महा संगठन ने पुलिस कर्मचारियों के स्वास्थ्य सुरक्षा के दृष्टिकोण से 500 मास्क और 180 सेनिटाईजर भी भेंट किए।

# 34वां श्री श्याम बसंत महोत्सव आज से शुरू

**गुरुग्राम।** श्री खाटू श्याम प्रचार मंडल की ओर से श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का 34वां श्री श्याम बसंत महोत्सव का आगाज गुरुवार से होगा। चार दिवसीय यह महोत्सव 3 मार्च से 6 मार्च 2022 तक आयोजित किया जाएगा।

श्री खाटू श्याम प्रचार मंडल के प्रधान राजकुमार कौशिक, प्रचार-मंत्री राकेश शर्मा ने बताया कि चार दिवसीय यह धार्मिक आयोजन यहां ट्रंक मार्केट के साथ श्री श्याम मंदिर (सिद्धेश्वर मंदिर) में आयोजित किया जा रहा है। इस महोत्सव में विशिष्ट अतिथि गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला व मुख्य अतिथि बदरवाल ग्रुप के चेयरमैन सुशील भारद्वाज ज्योति प्रज्जवलित करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार 3 मार्च को सांय 4 बजे से भव्य शोभा यात्रा एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी। चार मार्च रात्रि 8 बजे से श्री श्याम संकीर्तन होगा। इस दौरान भव्य दरबार भी सजाया जाएगा।

# जिला जेल में रह रहे दो बच्चों को स्कूल भेजने के निर्देश

## हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन ने किया जेल का निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के भोंडसी स्थित जिला जेल में महिला कैदियों से बात करती हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया।

**हरियाणा** राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने बुधवार को जिला गुरुग्राम की भोंडसी जेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला कैदियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। निरीक्षण के दौरान उन्हें बताया गया कि वर्तमान में 6 बच्चे जेल कारागार में रह रहे हैं, जिनमें से 2 स्कूल जाने योग्य है। उन्होंने जेल प्रबंधन को बच्चों की शिक्षा संबंधी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एनजीओ से सहयोग लेने के लिए कहा।

रेनू भाटिया ने इन बच्चों के उचित खान-पान व मूलभूत सुविधाओं को लेकर भी वहां कार्यरत स्टाफ से बातचीत की। इसके अलावा जेल प्रबंधन को कहा गया कि जो महिलाएं अपने बच्चों से लंबे समय से संपर्क में नही हैं, उनका अपने बच्चों से बातचीत करवाने की भी व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि इस दौरान सभी कानूनी प्रावधानों का ध्यान रखा जाना अत्यंत आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान महिला कैदियों ने चेयरपर्सन को अपने हाथों से बनाए हुए जूट के थैले व अन्य उत्पाद दिखाएं, जिससे वे खासी प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि महिलाओं को चाहिए कि वे इस प्रकार के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें।

इस दौरान जेल परिसर में महिलाओं की स्वास्थ्य देखभाल को लेकर स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया था। इस शिविर में महिलाओं ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। चेयरपर्सन रेनू भाटिया के भोंडसी जेल परिसर पहुंचने पर उपस्थित जेल के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

## जेल में रह रही हैं 69 महिला कैदी

जिला कारागार में रेनू भाटिया ने महिला कैदियों को जेल में दी जा रही मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान चेयरपर्सन को बताया गया कि जेल में वर्तमान में 69 महिला कैदी रह रही हैं। उन्होंने महिला कैदियों को खाने-पीने के लिए दिया जाने वाला भोजन व अन्य तथ्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान महिला कैदियों से बातचीत करते हुए बताया कि उनका यहां आने का केवल एक ही उद्देश्य है कि वे महिला कैदियों की समस्याओं से रूबरू हो सकें व उनका निवारण कर सकें। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी महिला कैदी को यहां रहने में किसी प्रकार की कोई परेशानी हो, तो वे बेझिझक उन्हें बता सकती हैं। यदि किसी महिला कैदी को अपना कानूनी मार्गदर्शन के लिए वकील की जरूरत हो, तो उन्हें नियमानुसार वकील अवश्य दिया जाएगा।

# History TV18 पर देखिए प्लास्टिक प्रदूषण से लड़ रही हरियाणा की एक जूते बनाने वाली कंपनी की कहानी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



## जानिए कैसे यह जूते बनाने वाली कंपनी प्लास्टिक कचरे को बदल रही है नए जूतों में

**वर्तमान** समय में प्लास्टिक प्रदूषण एक बहुत ही बड़ी समस्या है और इसे कम करने का सबसे बढ़िया तरीका है कि प्लास्टिक कचरे को रीसायकल करके उसे लैंडफिल पहुंचने से रोका जाए। हरियाणा के आशय भावे द्वारा शुरू किया गया फुटवियर स्टार्ट-अप थैली जीरो-वेस्ट शूज बनाता है जो प्लास्टिक की थैलियों, प्लास्टिक की बोतलों और रीसायकल किये हुए रबर से बने होते हैं।

देखिए कि कैसे इस युवा फुटवियर डिजाइनर ने प्रदूषण से लड़ने के लिए यह क्रिएटिव समाधान खोजा, 'OMG! Yeh Mera India' में, इस सोमवार, 7 मार्च को रात 8 बजे, सिर्फ History TV18 पर। फैक्चुअल एंटरटेन्मेंट में ट्रेंड सेट करने वाली इस सीरीज़ का आठवां सीजन, History TV18 पर, हर सोमवार को, रात 8 बजे, हमेशा की तरह ऐसी प्रेरणादायक, रोमांचक और अविश्वसनीय प्रतिभा वाली कहानियाँ लेकर आ रहा है, जिन्हें देखकर हर दर्शक कह उठेगा - OMG!

23 वर्षीय आशय ने न्यूयॉर्क में फुटवियर डिजाइन की पढ़ाई पूरी करने के बाद, इस क्षेत्र में अपने ज्ञान और प्लास्टिक कचरे से जूते बनाने के अपने आईडिया को स्वरुप देने के उद्देश्य के साथ हरियाणा के गुरुग्राम में थैली की शुरुआत की। उनकी कंपनी के बनाए YwK प्रो स्नीकर्स की हर जोड़ी को बनाने में 10 प्लास्टिक बैग और 12 प्लास्टिक की बोतलें लगती हैं और जूते का सोल रीसायकल रबर से बना होता है। यहां तक ??कि जिन टोट बैग्स में शू बॉक्स आता है, वो भी रीसायकल किए हुए प्लास्टिक बैग से बने होते हैं और रीसायकल पेपर से बने शू बॉक्स में बीज होते हैं और इन बीजों को रोपा भी जा सकता है। इस ग्रीन फुटवियर के बारे में और जानिए, इस सोमवार, रात 8 बजे 'OMG! Yeh Mera India' में, सिर्फ History TV18 पर।

गुरुग्राम की कंपनी थैली के साथ-साथ इस एपिसोड में देखिए देश के अलग-अलग कोनों से विभिन्न लोगों की अद्भुत कला और कहानियां जिनमें शामिल है एक चैंपियन स्क्वैश खिलाड़ी की कहानी जिसने अपनी स्क्वैश एकेडेमी से महाराष्ट्र के एक आदिवासी गांव का जीवन बदल दिया।

देखिए 'OMG! Yeh Mera India', हर सोमवार, रात 8 बजे, सिर्फ History TV18 पर

# आर्थिक पिछड़ों के लिए लगा मुख्यमंत्री परिवार उत्थान मेला

**गुरुग्राम।** जिले में प्रथम चरण में आयोजित किए गए मुख्यमंत्री परिवार उत्थान मेले आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों को स्वावलंबी बनाने में सहायक सिद्ध हुए हैं। यह बात उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बुधवार को मुख्यमंत्री परिवार उत्थान मेलों के दूसरे चरण के तहत फर्रूखनगर के बीडीपीओ कार्यालय में आयोजित एक दिवसीय मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का शुभारंभ करते हुए कही।

मेले में नगर पालिका फर्रूखनगर व ब्लॉक से परिवार पहचान पत्र के माध्यम से चयनित एक लाख से कम वार्षिक आय वाले 311 परिवारों को आमंत्रित किया गया। निशांत कुमार यादव ने अंत्योदय मेले में दी जा रही सेवाओं का निरीक्षण करने के उपरांत वहां उपस्थित लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि जिन परिवारों की वार्षिक आय एक लाख रुपए से कम है, उनको विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा दी जा रही स्कीमों से जोड़कर उनकी मासिक आय को 15 हजार रुपए तक ले जाया जाए। ऐसे में अन्त्योदय परिवार उत्थान के लिए आयोजित होने वाले इन मेलों से आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों को स्वरोजगार स्थापित करने में काफी मदद मिलेगी और वे सरकारी योजनाओं के तहत अपने ऐच्छिक कारोबार स्थापित करने के लिए बाकायदा ऋण प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने पात्र परिवारों से आह्वान किया कि वे इन मेलों का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने के लिए आगे आयें और अपनी आजिविका सुगम बनाए।

**55 स्कीमों में से किसी एक का लाभ अवश्य दें :** उपायुक्त ने इस अवसर पर मेले में सेवाएं दे रहे अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि मेले में आने वाले लाभार्थी को 18 विभागों की 55 स्कीमों में से किसी एक स्कीम का लाभ अवश्य दिया जाए।

# कांदिमा मालदीव्स इस सीजन के लिए सर्वश्रेष्ठ वैलनेस एवं एक्टिव लाईफस्टाइल डेस्टिनेशन!

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

## नए 'लॉंग स्टे ऑफर' के साथ अभी अपनी वेकेशन बुक कीजिए और सभी मील प्लांस पर 50 प्रतिशत तक की छूट का मजा लीजिए

**नई दिल्ली** क्षेत्र के सबसे लोकप्रिय एक्टिव लाईफस्टाईल डेस्टिनेशन - कांदिमा मालदीव्स में वैलनेस के शानदार सफर पर आईये। आपको ताजगीभरे डिटॉक्स, एक्टिव फिटनेस रूटीन या अवार्ड-विनिंग स्पा के अनुभव, शानदार वॉटर एक्टिविटीज़, 3 किलोमीटर लंबे द्वीप पर सुकूनभरी बाईसिकल राईड्स जैसी अनेक गतिविधियां लेकर मालदीव्स का सबसे कूल एक्टिव लाईफस्टाईल रिज़ॉर्ट आया है, जिसने आपकी रुचि के अनुरूप आपके लिए गतिविधियां चुनी हैं।

कांदिमा मालदीव्स में आप 'लॉंग स्टे ऑफर' के साथ ढेर सारी गतिविधियों का आनंद ले सकते हैं। आप कम से कम 6 रातों के लिए स्टे बुक करें और ऐसी वेकेशन का आनंद लें, जो आपने कभी अनुभव नहीं की होगी। इस ऑफर में सभी मील प्लांस पर 50 प्रतिशत की छूट, अनेक कॉम्प्लिमेंटरी दैनिक गतिविधियां जैसे स्नॉर्कलिंग, योगा एवं फिटनेस प्रोग्राम, किड्स क्लब गतिविधियां, ब्रीज बार में संध्याकालीन मनोरंजन आदि बहुत कुछ शामिल है। हनीमून पर आने वाले लोग, जो 7 रात या उससे ज्यादा समय तक यहां पर रुकेंगे, उन्हें अतिरिक्त फायदे, जैसे 2 लोगों के लिए 60 मिनट की मसाज स्टे के दौरान एक बार मिलेगी। सुबह की शुरुआत बीच पर वैलनेस प्रोफेशनल्स द्वारा सुकूनभरे योगा एवं मेडिटेशन के साथ होगी। यहां आपको नीले समुद्र का खूबसूरत दृश्य देखने को मिलेगा। आप कांदिमा के योगा स्टूडियो में एरियल योगा का सुकूनभरा सत्र भी बुक कर सकते हैं। कांदिमा मालदीव्स में रेस्टोरैंट और बार के विश्वस्तरीय विकल्प हैं, जहां आप सेहतमंद मेडिटेरियन डिनर 'एग्योर' और ग्रिल हाउस 'स्मोक्ड' में ताजा प्राप्त किया गया सीफूड एवं मीट का लजीज स्वाद ले सकते हैं। यहां पर शाकाहारी विकल्पों का भी विशाल मेन्यू है। कांदिमा में अद्वितीय फार्म-टू-टेबल अभियान के तहत तरो ताजा सब्जियां खेत से सीधे आपकी डिनर टेबल तक पहुंचती हैं। इस सबके साथ मालदीव के स्थानीय समुदायों और पर्यावरण का भी पूरा ख्याल रखा जाता है। शाम को कायाकिंग के सत्र और बीच रन दिन का बेहतरीन समापन करते हैं। ढालू एटॉल में अपने स्वयं के द्वीप पर स्थित, इस रिज़ॉर्ट में बिल्कुल स्वच्छ व साफ नीले जल और सफेद रेत पर प्राईवेट आईलैंड का अद्वितीय अहसास मिलता है, जो आपके मन, शरीर और आत्मा का रूप बदलने में मदद करता है।

आधुनिक जीवन के तनावों से दूर शांतिपूर्ण कांदिमा मालदीव्स सेहत व ताजगी पर केंद्रित है और आपको मानसिक, भावनात्मक एवं शारीरिक रूप से तरोताजा होने में मदद करता है।

# रेडक्रॉस सोसायटी के महिला हॉस्टल की सुरक्षा भगवान भरोसे

कविता। फरीदाबाद

जिला रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारियों की लापरवाही के कारण कामकाजी महिलाओं के हॉस्टल में रहने वाली महिलाओं को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। हॉस्टल का संचालन जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा किया जाता है। सोसायटी में वर्ष 2016 से कई पद खाली होने से समस्या उत्पन्न हो रही है।

### हॉस्टल बाहर से सुंदर

रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा सेक्टर-16 कामकाजी महिलाओं का हॉस्टल चलाया जा रहा है। जिसमें 40 कमरे हैं। हॉस्टल के बाहर दीवारों को सुंदर दिखाने के लिए चित्र बनाए जा रहे हैं। यहां वर्ष 2016 तक 80 से 100

## होस्टल में रेगुलर वार्डन नहीं, एकाउंटेंस भी टैम्परेरी

## इमारत को ठीक करवाने के लिए लग रहे कई साल

वर्किंग वुमेन रह रही थीं, लेकिन फिलहाल यहां 40 वर्किंग वुमेन ही रह गई हैं। क्योंकि यहां रह रही वर्किंग वुमेन की सुरक्षा एक माली के हाथों में है। यहां 24 घंटे की बजाए पार्ट टाईम वार्डन काम कर रही है। वहीं रात्रि के समय सुरक्षाकर्मी का काम यहां माली कर रहा है। वहीं यहां 40 कमरों में एक तरफ की इमारत तो रेनोवेट हो गई, लेकिन



जिला रेडक्रॉस सोसायटी की तरफ से सेक्टर-16 में चल रहा होस्टल।

दूसरी तरफ की इमारत जर्जर हो चुकी है। एक तरफ के हिस्से का काम वर्ष 2014 से गिरती छत की शिकायतों के बाद वर्ष 2020-2021 में करवाया गया था।

### एकाउंटेंट नहीं

जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सेक्टर-12 दफ्तर में रेगुलर एकाउंटेंट न होने से कोविड-19 के दौरान कर्मचारियों को सेलरी तक नहीं मिली थी। हॉस्टल की वर्किंग वुमेन से किराया चेक के जरिये लेने से वार्डन ने मना कर दिया है। उन्हें किराया केश देना पड़ रहा है। कई पद खाली होने से अन्य लोगों को भी परेशानी होती है।

### इमारत जर्जर

जिला रेडक्रॉस सोसायटी का सेक्टर-12 स्थित कार्यालय की इमारत जर्जर हो चुकी है। जर्जर इमारत में जहां-तहां से प्लास्टर झड़ रहा है। यही हालत बीके सिविल अस्पताल में स्थित फिजियोथैरेपी सेंटर की है। जर्जर इमारतों में कर्मचारी काम करने को मजबूर हो रहे हैं।

### अधिकारियों का कथन

जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने बताया कि हॉस्टल में सुरक्षाकर्मी है। वार्डन सुबह 9 से छह बजे तक के लिए है। सेलरी समय से मिल रही है। रेडक्रॉस के मैम्बर विमल खंडेलवाल ने बताया कि उपायुक्त ने इमारतों की मरम्मत शुरू करवा दी है। वूमेन होस्टल की इमारत में काम किया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से रात के समय हॉस्टल में ताला लगा दिया जाता है।

## मतदाता जागरुकता प्रतियोगिता के तहत 15 मार्च तक करें आवेदन

फरीदाबाद। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से स्वीप कार्यक्रम के तहत आम नागरिकों की लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा उनके हुनर व रचनात्मकता को निखारने के उद्देश्य से 'माई वोट इज माई फ्यूचर-पॉवर ऑफ वन वोट थीम' पर आधारित राष्ट्रीय मतदाता जागरुकता प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी उम्र के प्रतिभागी 15 मार्च 2022 तक आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव आयोग की ओर से राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता की शुरुआत 12वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर की गई थी।

# चैम्बर से आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस-वकील आमने-सामने

## चैम्बर से आरोपियों को गिरफ्तार करने पर वकीलों ने किया भारी विरोध

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सेक्टर 12 स्थित अदालत परिसर में स्थित वकीलों के चैम्बर परिसर पर अपराध शाखा की टीम ने बुधवार को अचानक धावा बोल दिया। अधिवक्ता से सलाह लेने आए दो आरोपियों को अपराध शाखा की टीम जबरन उठा कर अपने साथ ले गई। आरोप है कि विरोध करने पर पुलिस कर्मियों ने जिला बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष से भी दुर्व्यवहार कर दिया। इस घटना के विरोध में भारी संख्या में अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर विरोध करना शुरू कर दिया। अधिवक्ताओं का कहना है कि पुलिस वकीलों के खिलाफ दमनकारी नीति अपना रही है। कुछ समय पहले भी वरिष्ठ अधिवक्ता सतेंद्र दुग्गल के खिलाफ दबाव में मुकदमा दर्ज किया गया था।

जानकारी के मुताबिक किसी मामले में पुलिस द्वारा आरोपी बनाए गए दो व्यक्ति बुधवार को सेक्टर 12 स्थित अदालत परिसर में बने चैम्बर नंबर छह में अपने अधिवक्ता से कानूनी सलाह लेने के लिए आए थे। दोनों व्यक्ति अधिवक्ता से कानूनी सलाह मशवरा कर ही रहे थे कि वहां अचानक पुलिस की अपराधा शाखा की टीम ने अचानक धावा बोल दिया। पुलिस टीम ने दोनों व्यक्तियों को दबोच लिया और जबरन वहां से ले जाने लगे।

मौके पर मौजूद अधिवक्ता ने पुलिस टीम को बताया कि कानूनी सलाह लेने हर किसी व्यक्ति का अधिकार है। यह दोनों कानूनी सलाह लेने के लिए आए हैं। ऐसे में इन दोनों को यहां से गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। अधिवक्ता ने पुलिस को कहा कि जब यह दोनों बाहर आ जाएं तो बेशक इन्हें आप हिरासत में ले सकते हैं। लेकिन अपराध शाखा की टीम दोनों को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हुई। इस दौरान जिला बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष दीपू सिंह रावत ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। आरोप है कि पुलिस कर्मचारियों ने उनके साथ भी दुर्व्यवहार कर दिया और दोनों को जबरन लेकर चले गए। थोड़ी ही देर में इस बात का पता सभी अधिवक्ताओं को चल गया। सभी अदालत परिसर में धरना देकर बैठ गए है।


घटना के विरोध में अदालत परिसर में धरना देकर बैठे अधिवक्ता।

अधिवक्ताओं में पुलिस की कार्यशैली को लेकर भारी रोष उत्पन्न हो गया। वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ ने कहा कि पुलिस द्वारा की जा रही ज्यादातियों के खिलाफ सभी वकील एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि मौके पर आए पुलिस अधिकारियों ने उन्हें मामले की जांच का आश्वासन दिया है।

# कई विभागों के कर्मचारियों ने किया आक्रोश प्रदर्शन


जुलुस निकाल कर नारेबाजी कर रोष प्रकट करते कर्मचारी।

फरीदाबाद। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की घोषणाओं की लागू करने की बजाय हड़ताली आंगनबाड़ी वर्कर को टर्मिनेट करने व झूठे मुकदमे दर्ज करने के खिलाफ बुधवार को विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने आक्रोश प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन हरियाणा की प्रधान देविद्री शर्मा, जिला सचिव मालवती व आशा वर्कर यूनियन की सचिव सुधा पाल भी अपनी सैकड़ों की संख्या में वर्करों के साथ शामिल हुईं। प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बड़खल के उप मंडल अधिकारी को सौंपा गया। इसके उपरांत कर्मचारियों ने बीके चौक से एनएच 1 चौक तक आक्रोश जुलूस निकाला और सरकार की तानाशाही व हठधर्मिता के खिलाफ और आंगनबाड़ी वर्करों की हड़ताल के समर्थन में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में सरकार को चेतावनी दी कि अगर बजट सत्र में पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल नहीं की तो 28-29 मार्च को राष्ट्रव्यापी हड़ताल आयोजित की जाएगी। प्रदर्शन में पहले सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के तत्वावधान में विभिन्न विभागों के कर्मचारी और आशा व आंगनबाड़ी वर्कर नगर निगम मुख्यालय पर एकत्रित हुई और वहां जिला प्रधान अशोक कुमार की अध्यक्षता आम सभा का आयोजन किया गया।

कर्मचारी सभा में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री, किसान संघर्ष समिति के महासचिव सतपाल नरवत,सकसं के जिला प्रधान अशोक कुमार, सचिव बलबीर सिंह बालगुहेर, कोषाध्यक्ष युद्धवीर सिंह खत्री, खंड प्रधान करतार सिंह, सचिव जगदीश चंद्र, बल्लभगढ़ खंड के सचिव सुभाष देसवाल, सीटू के जिला प्रधान निरंतर पराशर, उपाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह डंगवाल, सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरचरण सिंह खाडिया आदि मौजूद थे।

# निजी संस्थाएं परिवार उत्थान योजना में करें सहयोग : डीसी

## उपायुक्त ने सभी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, प्राइवेट स्कूल, होटल और अस्पताल संचालकों के साथ की मीटिंग

फरीदाबाद। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना के तहत युवाओं को रोजगार मेले युवाओं को रोजगार देने के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अब तक सरकारी विभागों की योजनाओं के जरिए ही युवाओं को रोजगार या रोजगार के अवसर मुहैया कराए जा रहे हैं। ऐसे में सभी प्राईवेट संस्थानों से भी अपील है कि वह इस इस कार्य में सहयोग करें। उपायुक्त जितेंद्र यादव बुधवार सांय लघु सचिवालय में सभी उद्योगिक संगठनों, प्राइवेट स्कूलों, होटल संचालकों व अस्पताल संचालकों की मीटिंग को संबोधित कर रहे थे।

उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि सभी प्राइवेट संस्थान अपने यहां मौजूद रिक्तियों की सूचना दें। इन रिक्तियों की सूचना मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेलों में आने वाले युवाओं को दी जाएगी। अगर इनकी योग्यता व संस्थानों की आवश्यकता मेल खाती है तो उन्हें रोजगार के लिए भेज दिया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को रोजगार उपलब्ध करवाना मुख्यमंत्री मनोहर लाल का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि अगर हम किसी व्यक्ति को रोजगार देते हैं तो हम उसे मुख्यधारा में शामिल कर आर्थिक रूप से सक्षम कर रहे हैं।

# गुडइयर ने एम्स को भेंट किए स्वास्थ्य उपकरण

## एम्स, फरीदाबाद के रेडियोलॉजी विभाग को अस्पताल के बुनियादी ढांचे और चिकित्सा सेवाओं को बढ़ाने के लिए आवश्यक मशीनों से लैस किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

गुडइयर इंडिया, एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, फरीदाबाद को उनकी वार्षिक सीएसआर पहल के तहत रेडियोलॉजी विभाग को उच्च ग्रेड रेडियोलॉजी उपकरण देकर सहयोग कर रहा है। पहल का उद्देश्य उन्नत चिकित्सा सुविधाएं और रेडियोलॉजी सेवाएं उपलब्ध करवाकर अस्पताल के इंफ्रास्ट्रचर को बेहतर बनाना है।

इस पहल के तहत, गुडइयर इंडिया ने एफिनिटी 70 अल्ट्रासाउंड सिस्टम (रेडियोलॉजी), एफिनिटी 70 अल्ट्रासाउंड / इकोकार्डियोग्राफी सिस्टम (इको मशीन) और



एफडीआर स्मार्ट एफ (डिजिटल रेडियोग्राफी एक्स-रे) सहित रेडियोलॉजी प्रयोगशाला को चिकित्सा उपकरण दान किए हैं।

इस पहल का उद्घाटन समारोह आज अस्पताल परिसर में सभी कोविड-19 प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया। मैन्युफैक्चरिंग डायरेक्टर,बल्लभगढ़ श्री सुधीर महेंद्र, प्लांट हेड एचआर बल्लभगढ़ योगेश कुमार गुप्ता, गुडइयर इंडिया की लीगल हेड और कंप्लायंस वर्षा जैन चौधरी, एम्स, फरीदाबाद के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक पद्मश्री डॉ. एनके पांडे, एम्स, फरीदाबाद के चिकित्सा निदेशक डॉ. प्रशांत पांडे, एम्स, फरीदाबाद के एडमिन और परचेस डायरेक्टर अनुपम पांडे, एम्स, फरीदाबाद के क्वालिटी एंड ब्लड बैंक चेयरमैन डॉ. रमेश चंदना, एम्स, फरीदाबाद के डायरेक्टर इमेजिंग और रेडियोलॉजी डॉ. गुर प्रसाद वशिष्ठ, एम्स, फरीदाबाद के रीजनल डायरेक्टर डॉ. हिलाल अहमद, एम्स, फरीदाबाद के पीएचसी और कॉर्पोरेट रिलेशन डायरेक्टर डॉ. पीएस आहूजा और एम्स, फरीदाबाद के ग्रुप हेड मार्केटिंग एसके झा अन्य प्रमुख हितधारकों के साथ समारोह में उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, फरीदाबाद के डीन डॉ असीम दास थे।

गुडइयर इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, संदीप महाजन ने कहा, 'हमारे आसपास के समुदायों को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने वाली स्वास्थ्य देखभाल पहल में सहयोग करना, हमारा लिए एक महत्वपूर्ण फोकस का विषय है और यह पार्टनरशिप इस दिशा में एक और कदम है। एम्स के रेडियोलॉजी विभाग में हमारा योगदान अपने समुदाय के सदस्यों के बेहतर स्वास्थ्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को जारी रखता है। कर्मचारियों की क्षमताओं को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## कर्मचारियों ने शुरू की दो दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल

फरीदाबाद। नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के आवाह्वान पर नगर निगम कर्मचारियों ने बीके चौक स्थित निगम मुख्यालय पर क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दी है।

नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के जिला प्रधान गुरुचरण खांडिया की अध्यक्षता में आज सफाई कर्मचारी, सीवर मेन, इलेक्ट्रिशियन, सैनिटेशन स्टाफ, बेलदार, माली, ड्राइवर, वाटर सप्लाई स्टॉफ, के 51 कर्मचारी अनशन पर बैठे अनशनकारी कर्मचारियों को संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, उप प्रधान कमला, उप महासचिव सुनील चिंडालिया व सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव बलबीर बालगोहेर ने फूल मालाएं पहना कर अनशनकारि कर्मचारियों को अनशन पर बैठाया। कर्मचारियों ने भोजन अवकाश के समय प्रदर्शन भी किया।

# एमसीएफ को मिली स्वच्छ वायु कार्यक्रम की जिम्मेदारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

भारत सरकार ने देश भर में वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए एक दीर्घकालिक, समयबद्ध, राष्ट्रीय स्तर की रणनीति के रूप में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम शुरू किया हुआ है।

फरीदाबाद शहर में प्रदुषण की स्थिति को देखते हुए फरीदाबाद नगर निगम को एनसीएपी के लिए नोडल कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। स्वच्छ हवा को बढ़ावा देने के लिए और इस कार्य को उत्प्रेरित करने के लिए जनता के बीच जागरुकता बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए व्यापक और सतत सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) अभियान चलाना आवश्यक है। फरीदाबाद स्वच्छ वायु कार्यक्रम के लिए शुरू किए जाने वाले अभियान को मिशनरूप में जाना जाएगा। फरीदाबाद नगर निगम ने एक




पारदर्शी खरीद प्रणाली के माध्यम से जागरूकता फैलाने के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के तहत वायु प्रदूषण पर जागरुकता के संबंध में एक समग्र सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) अभियान गतिविधियों और कार्यक्रमों को चलाने के लिए मुंबई स्थित मीडिया और इवेंट एजेंसी को शामिल किया है। वांछित सकारात्मक परिणाम प्राप्त करने के लिए लक्षित दर्शकों के लिए संचार चैनलों के माध्यम से नामांकित मीडिया एजेंसी ज्ञान, दृष्टिकोण और अभ्यास (केएपी) हस्तक्षेपों के माध्यम से नागरिकों के व्यवहार को संशोधित करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक विस्तृत योजना तैयार करेगी।

आईईसी गतिविधियों और कार्यक्रमों की योजना समुदाय में ज्ञान पैदा करने के लिए बनाई गई है जो वायु प्रदूषण के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देगा, जैसे वायु प्रदूषण के संदेशों पर वॉल पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक, मोबाइल प्रोमोशनल एलईडी वैन शहर भर में अभियान को आगे बढ़ाते हुए कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी देंगे। स्कूल, कॉलेजों, अस्पताल, औद्योगिक क्षेत्रों में जागरुकता अभियान, शहर के चारों ओर सामाजिक स्थानों जैसे मॉल, बाजार और ट्रैफिक सिग्नल पर मानव श्रृंखला में सफाई की गतिविधियां, वाहनों में ड्राइवरों को संदेश देना। उपक्रमों के अलावा एनसीएपी के तहत एक संपूर्ण सोशल मीडिया अभियान की योजना है क्योंकि सोशल मीडिया बड़ी संख्या में लोगों तक डिजिटल रूप से पहुंचने और उनसे जुड़ने के लिए सबसे प्रभावशाली और महत्वपूर्ण वर्चुअल प्लेटफॉर्म है।

## वर्ल्ड हियरिंग डे पर लगाए जाएंगे विशेष कैंप : डीसी

फरीदाबाद। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि पूरी दुनिया में 15 प्रतिशत बच्चे ऐसे में जिन्हें अगर समय पर ईलाज मिल जाए तो वह गूंगे व बहरे होने से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसी के मद्देनजर हर वर्ष 3 मार्च को वर्ल्ड हियरिंग डे मनाया जाता है। फरीदाबाद जिला में भी गुरुवार 3 मार्च को इस दिवस पर जिला की सभी पीएचसी व सीएचसी में विशेष जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। उपायुक्त जितेंद्र यादव बुधवार को वर्ल्ड हियरिंग डे की पूर्व संख्या पर स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा मीटिंग को संबोधित कर रहे थे।

उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि आज पूरी दुनिया में 278 मीलियन बच्चे ऐसे हैं जो सुन नहीं सकते और जो बच्चे सुन नहीं सकते वह बोल भी नहीं पाते। उन्होंने बताया कि इन बच्चों को अगर समय पर ईलाज मिल जाए तो यह ठीक हो सकते हैं। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की ईएनटी सर्जन डा. रत्ना ने बताया कि यह पता लगाने के लिए कि बच्चा सुन सकता है।

# रोटरी क्लब्स ने 25 रिक्शे निगम को किए भेंट

फरीदाबाद। शहर को साफ-सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त यशपाल यादव की ओर से शुरू की गई मुहिम बनेगा स्वच्छ फरीदाबाद में अपनी अहम भागीदारी निभाते हुए रोटरी क्लब्स के पदाधिकारीगणों ने 25 रिक्शे नगर निगम फरीदाबाद को भेंट किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम के अतिरिक्त निगम आयुक्त इन्द्रजीत कुलड़िया, वरिष्ठ अतिथि महेष त्रिखा, धीरज भूटानी का रोटरी क्लब के सदस्यों ने बुके देकर स्वागत किया। सभी रोटरी क्लब पदाधिकारीगणों ने अतिरिक्त निगम आयुक्त को आष्वासन दिया कि फरीदाबाद को स्वच्छ बनाने के लिए आगे भी वह नगर निगम फरीदाबाद का इसी तरह से सहयोग करते रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन व मास्टर ट्रेनर्स प्रमोद मनोज ने किया।


नगर निगम को हाथ रिक्शा प्रदान करते रोटरी क्लब के सदस्य।

अतिरिक्त निगमायुक्त इन्द्रजीत कुलड़िया ने कहा कि बनेगा स्वच्छ फरीदाबाद अभियान के तहत निगम द्वारा जो हमने मेगासफाई अभियान चला रखा है। उसमें मास्टर ट्रेनर्स, वार्ड कमेटियां, पूर्व पार्षदगणों, दुकानदारों, सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं, आरडब्ल्यूए और निगम के कर्मचारियों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है और आगे भी चल रहा है। हम प्रयास कर रहे हैं कि प्रत्येक घर से कचरा अलग-अलग करके ही एकत्र किया जाए। प्रेजीडेंट नरेष मलिक, प्रेसीडेंट प्रदीप साहू, निधि अग्रवाल, सचिन चिलाना, सचिन जैन, विनय गोयल, प्रभाकर झा, जगदीष सहदेव आदि मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

## जेल में लोक अदालत का किया आयोजन


नीमका जेल में लगी लोक अदालत में केसों का निपटरा करते सीजीएम एवं डालसा के सचिव मंगलेश कुमार चौबे।

फरीदाबाद। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाईएस राठौर के दिशा निर्देशानुसार एवं मंगलेश कुमार चौबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में जिला जेल नीमका में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में रखे गए 17 केसों में से पांच केसों का निपटारा किया गया, जोकि चोरी व छोटी मारपीट से संबंधित थे। यानी कि जेल में बंद दिनों को सजा मानकर कटी-कटी सजा पर यदि आरोपी किसी दूसरे केस में वांछित न हो तो ऐसे सात हवालाती बंदियों को छोड़ने का आदेश दिया। मंगलेश कुमार चौबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने विचाराधीन बंदियों को कहा कि जाने अनजाने में जो गलती हुई है। उनका सुधार करते हुए अपना समय अच्छे काम में लगाएं। ताकि आपका आने वाला भविष्य ठीक हो सके और आप समाज में जाकर मुख्यधारा से जुड़ सकें। सुपरिटेंडेंट जय किशन चिल्लर ने कहा कि जिला जेल नीमका में ऐसा कोई भी विचाराधीन बंदी नहीं है। जिसका की कोई वकील न हो। जिला जेल लोक अदालत में डिप्टी जेल सुपरिटेंडेंट अनिल कुमार, जेल नीमका व पैनल एडवोकेट रविंद्र गुप्ता, राजेंद्र गौतम, संगीता शर्मा व प्रभात शंकर स्टेनो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उपस्थित रहे।

## 21 गांवों में एलईडी लाइटिंग के लिए एमओयू साइन

फरीदाबाद। लोकसभा क्षेत्र के 21 गांवों को एलईडी लाइटों से जगमग करने के लिए बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जरक और पावर फाइनेंस कार्पोरेशन के सीएमडी रविंद्र कुमार ढिल्लन ने एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए। नगर निगम फरीदाबाद की तरफ से अपर आयुक्त अभिषेक मीणा शामिल हुए। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बताया कि बुधवार को उद्योग भवन नई दिल्ली में एक मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों को एलईडी लाईटों से जगमग करने की योजना पर विचार-विमर्श करने के उपरांत पावर फाइनेंस कार्पोरेशन के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने बताया कि एमओयू के तहत फरीदाबाद संसदीय क्षेत्र के 21 गांवों में 4321 एलईडी स्ट्रीट लाईटिंग सिस्टम (एसएलएस) और फिक्सचर की आपूर्ति, स्थापना और चालू करने की परियोजना पर 3.56 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यह राशि सीएसआर के तहत खर्च की जाएगी। योजना के तहत मार्च 2022 में ही एलईडी लाईटें लगाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## सीएम ने मजदूर संगठनों से की वर्चुअल बजट चर्चा

फरीदाबाद। विभिन्न संगठनों के साथ मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल की बैठक आभासी (वर्चुअल) मोड में हुई। बैठक में भारतीय मजदूर संघ हरियाणा द्वारा बजट के लिए निम्नलिखित सुझाव दिए गए। भारतीय मजदूर संघ हरियाणा के अध्यक्ष अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि वर्चुअल बैठक मुख्यमंत्री के साथ बजट पूर्व चर्चा हुई है। जिसमें बीएमएस, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से श्रीकृष्ण सिंहल, राकेश त्यागी, डॉ. अरविंद सूद एवं अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने- अपने सुझाव साझा किए। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि बैठक में संगठन ने महत्वपूर्ण विषयों से संबंधित बातें मुख्यमंत्री मनोहर लाल से समक्ष रखीं। जिसमें मुख्यत: प्रधानमंत्री आवास योजना की तरह हरियाणा के श्रमिकों के लिए मुख्यमंत्री आवास योजना बनाई जाए। पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जाए। उद्योगपतियों और किसानों आदि की तरह प्रदेश के श्रमिकों के ऋण (लोन) माफ किए जाएं। सभी श्रमिकों को 58 वर्ष की आयु तक रोजगार की सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इन सभी सुझावों को बजट में शामिल करने का आश्वासन दिया।

## जरूरतमंदों की सेवा करना पुण्य का कार्य : सिंगला

फरीदाबाद। महाराजा अग्रसेन पुस्तकालय एवं प्याऊ संस्था द्वारा ओल्ड फरीदाबाद स्थित पुरानी अनाज मंडी में फिजियोथेरेपी मशीन का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद रोहित सिंगला ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर फिजिरोथेरेपी मशीन का शुभारंभ किया। संस्था के प्रधान सोनू मित्तल व अन्य पदाधिकारियों ने मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथि का फूल मालाओं और स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में मौजूद सभी अग्रबंधुओं ने महाराजा अग्रसेन के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके बताए आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। लोगों को संबोधित करते हुए लखन कुमार सिंगला ने महाराजा अग्रसेन पुस्तकालय एवं प्याऊ संस्था की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्था पिछले कई वर्षों से समाजहित में कार्य कर रही है और आज जो इन्होंने फिजियोथेरेपी सेंटर खोला है, उससे यहां गरीब व जरूरतमंद लोगों को निशुल्क इसका लाभ मिलेगा। जो संदेश दिया था, उस पर अमल करते हुए यह संस्था उनके नाम को चरितार्थ करते हुए लोगों के हित में कार्य कर रही है, अन्य सामाजिक संस्थाओं को भी गरीबों व जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। पूर्व पार्षद रोहित सिंगला ने भी कार्यक्रम में मौजूद सभी अग्र बंधुओं का आभार जताया। महेश चंद गुप्ता, बद्री प्रसाद गोयल, घनश्याम गोयल, ईश्वर गोयल, राजकुमार गोयल, सतीश जिंदल, पवन गोयल, संदीप गोयल, अशोक गोयल, सिब्बी मित्तल, मुकेश जिंदल, मुकेश मेंहदी वाले गर्ग साहब चक्की वाले, टोनी, रविन्द्र गोयल आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सत्येन्द्र प्रकाश को राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई

फरीदाबाद। संस्कृत जगत में ख्याती प्राप्त डॉ. सत्येन्द्र प्रकाश सत्यम् को भारत संस्कृत परिषद् का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त होने पर संस्कृत प्रेमियों द्वारा स्वागत किया गया। सत्यम् जी के द्वारा संस्कृत भाषा को जनभाषा बनाने और संस्कृत के प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में विशेष कार्यों के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद से सुशोभित किया गया है। जिन्होंने संस्कृत व हिन्दी में एमए तथा साहित्य, दर्शन और वेद से आचार्य की शिक्षा ग्रहण की है। 33 वर्षों से अध्यापन के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। इसी के साथ एमकोम, एमफिल, समालोचक और दार्शनिक पर शोध कर विद्यावारिधि की परीक्षा उत्तीर्ण की है। इन्होंने 1983 से 'अखिल भारतीय संस्कृत रक्षावाहिनी' पत्रिका के संस्थापक की अहम् भूमिका निभाई। सत्येन्द्र जी के दो दर्जन शोध पत्रों का प्रकाशन हो चुका है। इनके द्वारा 250 सेमिनारों का आयोजन किया गया, जोकि विभिन्न विद्यालयों, विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में उच्च शिक्षारत छात्रों को सम्बोधित कर लगाए गए हैं। 'सत्यम्' जी को 100 से अधिक मंचों पर मुख्यवक्ता के रूप में सम्मानित किया गया है। समाज के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य के लिए 'सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा' द्वारा 1991 में 'आर्यरत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संस्कृत के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं साहित्य सृजन के लिए 2019 में हरियाणा संस्कृत अकादमी, द्वारा महर्षि वाल्मीकि पुरस्कार से विभूषित किया गया। संस्कृत के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले डॉ. सत्येन्द्र प्रकाश सत्यम् को हरियाणा संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. दिनेश कुमार शास्त्री, भारत संस्कृत परिषद्, हरियाणा की उपाध्यक्षा गीता आर्या, राकेश शास्त्री, रघु वत्स और पुष्पा रानी के द्वारा शॉल भेंट कर स्वागत किया गया।


## मुख्यधारा से जोड़ने में कारगर हैं अंत्योदय परिवार उत्थान मेले

फरीदाबाद। डीसी जितेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को आजीविका के संसाधन उपलब्ध कराने के लिए अंत्योदय मेले आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में कारगर सिद्ध हो रहे हैं। डीसी जितेंद्र यादव बुधवार को मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के द्वितीय चरण के शुभारंभ अवसर पर बल्लभगढ़ बीडीपीओ कार्यालय परिसर में आयोजित अंत्योदय मेले का अवलोकन कर रहे थे। डीसी जितेंद्र यादव ने कहा कि जिला में पहले चरण के मेलों का सफल आयोजन किया जा चुका है और आज से दूसरे चरण के मेलों का शुभारंभ हो गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में अंत्योदय की भावना के साथ सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास जीतते हुए गरीब परिवारों की आय बढ़ाने के लिए कृतसंकल्प है।

## रूस-यूक्रेन संघर्ष

### भारत की रणनीति

**भारत** रूस तथा यूक्रेन, दोनों से व्यवहार कर रहा है, पर उसका स्पष्ट नीति अपनाना ज्यादा अच्छा होता। क्या यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद भारत की नीति या रणनीति में कोई अदृश्य प्रवाह है या हम गलत संदेश दे रहे हैं? दुनिया ने देखा है कि भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद-यूएनएससी में मतदान से एक बार नहीं, बल्कि दो बार अनुपस्थित रहा। पहले वह अमेरिका प्रायोजित प्रस्ताव से अनुपस्थित रहा जिसमें रूस की निन्दा की गई थी और दूसरी बार संयुक्त राष्ट्र महासभा की आपातकालीन बैठक बुलाने के प्रक्रियागत मतदान से वह अनुपस्थित रहा। स्पष्ट किया जाना चाहिए कि सुरक्षा परिषद में वोट बाध्यकारी है, पर महासभा में नहीं। भारत के रूस के साथ ऐतिहासिक व गहरे संबंध रहे हैं जो उसका सबसे बड़ा हथियार सप्लायर है। इस समय भी अनेक रक्षा समझौतों व परियोजनाओं पर विचार हो रहा है या उन पर विभिन्न चरणों में काम चल रहा है। ऐसे में सुरक्षा परिषद में मतदान से अनुपस्थित रह कर भारत ने शायद दुहरा लाभ प्राप्त किया है। उसने अपनी इस घोषित नीति पर जोर दिया है कि मतभेद दूर करने का एकमात्र रास्ता संवाद है। इसे रूस के साथ साझेदारी की अभिव्यक्ति कहा जा सकता है। वैसे भी भारत की अनुपस्थिति से मत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ सकता था। इस सीमा तक विदेश नीति संचालकों को संतोष हो सकता है कि दोनों दृष्टिकोण से उनका विचार सर्वोत्तम है। लेकिन यह विदेश नीति नहीं है, यह ज्यादा से ज्यादा बिना कोई प्रतिबद्धता प्रकट किए दोनों पक्षों को खुश रखने की रणनीति है। लेकिन अनुपस्थित रहने के बाद नई दिल्ली ने इस बात के समुचित संकेत दिए हैं कि वह पूरे दिल से सारी दुनिया के साथ है और उसकी संवेदना सक्रिय रूप से यूक्रेन के साथ है। अमेरिका यह कदम प्रतिबंध लगाने के माध्यम से कर रहा है, जबकि कुछ यूरोपीय देश यही काम




यूक्रेन को हथियार दे कर कर रहे हैं।

भारत यूक्रेन को महत्वपूर्ण सहायता, खासकर चिकित्सा सहायता दे रहा है। मतदान के पश्चात इसने आक्रमण के मुद्दे पर अपनी स्थिति पूर्णतः स्पष्ट कर दी है। उसने स्पष्ट रूप से कहा है कि यूक्रेन में स्थिति 'खराब हुई' है तथा उसने इसे 'मानवीय संकट' बताया है। भारत ने जोर दिया है कि 'देशों की संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान महत्वपूर्ण' है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण पर इससे नई दिल्ली की स्थिति लगभग स्पष्ट हो जाती है। भारत ने इस बात पर भी दुःख प्रकट किया है कि 'राजनय का रास्ता छोड़ दिया गया है।' यह बात रूस के साथ ही उन अन्य देशों के संदर्भ में भी सही है जो राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के उस समय संपर्क में थे जब वे यूक्रेन पर हमले की योजना बना रहे थे, लेकिन उन्होंने यह योजना छोड़ने के लिए उनसे नहीं कहा।

बयानों में तीखापन आने के साथ ही यूक्रेन को महत्वपूर्ण सामग्रियों की सप्लाई भी होने लगी। आंतरिक मोर्चे पर नई दिल्ली की रणनीति यूक्रेन से लगभग 20,000 नागरिकों को निकालने के सभी प्रयासों पर केन्द्रित है जिनमें से अधिकांश छात्र हैं। पूर्वी यूक्रेन के खारकीव, कियेव व सूमी जैसे शहरों में फंसे कुछ हजार छात्रों को निकालने का काम कठिन हो गया है क्योंकि वे रूस के हवाई ठिकानों के पास हैं और वहां बहुत भयानक युद्ध चल रहा है। एक भारतीय छात्र ने आश्चर्य प्रकट करते हुए कहा है कि यदि रूस भारत का दोस्त है तो नई दिल्ली मास्को से छात्रों को बाहर निकालने की बात क्यों नहीं कर रही है, जबकि वर्तमान स्थितियों में उनको पश्चिमी यूक्रेन के सुरक्षित सीमा बिंदुओं तक जाने में 1,000 किलोमीटर से अधिक यात्रा करनी पड़ रही है। भले ही यह विचार देखने में नौसिखिया लगे, पर भारत को निश्चित रूप से केवल नीति के बजाय रणनीति की आवश्यकता है।

# कारपोरेट गवर्नेंस और सेबी की भूमिका

सुधार का कदम उन लोगों की इच्छा या सनक का बंधक नहीं बनना चाहिए जो सुधार व्यवस्था को न मानने का फैसला कर चुके हों।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



कार्पोरेट गवर्नेंस पर 2018 में गठित उदय कोटक कमेटी की संस्तुतियों पर स्टाक बाजार पर नजर रखने वाली सिक्यूरिटीज़ एक्सचेंज बोर्ड आफ इंडिया-सेबी ने सूचीबद्ध कंपनियों को अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक-एमडी-सीईओ के पद अलग-अलग करने को कहा था। यह एक अनिवार्य कदम था। कंपनियों से कहा गया था कि वे अप्रैल, 2020 तकयह आदेश लागू कर दें। लेकिन उद्योग जगत से मिले प्रस्तावों के आधार पर सरकार ने इसके क्रियान्वयन के लिए दो साल का समय और दे दिया। पिछले साल अप्रैल में सेबी अध्यक्ष अजय त्यागी ने वादा किया था कि अप्रैल, 2022 में क्रियान्वयन की समयसीमा विफल नहीं होगी। अब इस अंतिम समयसीमा में केवल एक महीना बाकी है और नियामक को पीछे हटना पड़ा है। 15 फरवरी, 2022 को सेबी ने यह आवश्यकता स्वैच्छिक आधार पर पूरी करने का निर्णय किया। 'अनिवार्य' के बजाय 'स्वैच्छिक' शब्द के प्रयोग का अर्थ एक आदेश को तिलांजलि देना है जिससे कुछ उद्यम सहज नहीं अनुभव कर रहे थे। अब उन पर इसके क्रियान्वयन का कोई दबाव नहीं है। नवीनतम निर्णय के पीछे नियामक ने कुछ कारण बताए हैं। उसके अनुसार, 'अब तक कार्पोरेट गवर्नेंस सुधार के संबंध में क्रियान्वयन के असंतोषजनक स्तर को देखते हुए, विभिन्न प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर, वर्तमान वैश्विक महामारी की परिस्थितियों को देखते हुए तथा कंपनियों के सहज परिवर्तन को देखते हुए आगे बढ़ने के रास्ते के रूप में सेबी बोर्ड ने इस मोड़ पर तय किया है कि इस प्राविधान को अनिवार्य आवश्यकता के रूप में बनाए नहीं रखा जा सकता है। इसके बजाय इसे सूचीबद्ध उद्यमों में स्वैच्छिक आधार पर क्रियान्वित किया जाएगा।' सेबी के पीछे हटने के पीछे तीन मुख्य कारण हैं। 1. अब तक क्रियान्वयन का असंतोषजनक स्तर, 2. वर्तमान वैश्विक महामारी की स्थिति तथा 3. कंपनियों को सहज परिवर्तन में सुविधा प्रदान करना। सबसे पहले यह सवाल उठता है कि नियामक को यह आदेश क्यों देना पड़ा? एक सूचीबद्ध कंपनी अपनी प्रकृति से ऐसा उद्यम है जिसका स्वामित्व या शेयरधारिता सार्वजनिक होती है। इस शब्दावली के अनुसार स्वामित्व का अर्थ शेयरों की एक निर्धारित संख्या ऐसे व्यक्तियों के हाथ में होना है जो उसे कंपनी की कुल शेयर पूंजी में एक हिस्से का स्वामित्व प्रदान करता है। इसमें शेयरों का मूल्य 10 रुपये भी हो सकता है। ये शेयर सूचीबद्ध होते हैं और इनका शेयर बाजार में व्यापार होता है। सामान्य रूप से किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह द्वारा शेयरों की समुचित संख्या रखने पर उनको 'प्रमोटर' कहा जाता है। उदाहरण के लिए, अंबानी परिवार के रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड या आरआईएल के कुल शेयरों में 49.38 प्रतिशत शेयर हैं, जबकि बाकी 50.62 प्रतिशत शेयर विदेशी संस्थागत निवेशकों-एफआईआई व कार्पोरेट संस्थाओं समेत सार्वजनिक शेयरधारकों के हैं। इस कारण कंपनी चलाने की प्राथमिक जिम्मेदारी अंबानी परिवार पर है।

एक फर्म चलाने की आदर्श संरचना या 'कार्पोरेट गवर्नेंस' की जिम्मेदारी एमडी-सीईओ की अध्यक्षता में गठित प्रबंधन तथा अध्यक्ष के नेतृत्व में निदेशक मंडल-बीओडी की होती है। जहां एमडी-सीईओ कंपनी के दिन-प्रतिदिन के मामलों पर गौर करता है, वहीं बीओडी का अधिकार निगरानी रखना तथा नीतिगत निर्णय लेना है जो कंपनी के निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप हों। बीओडी शेयरधारकों के प्रति जवाबदेह होता है। प्रत्येक अधिकारी केन्द्र से आशा की जाती है कि वह अपनी निर्धारित जिम्मेदारियों का पालन करेगा तथा दूसरों के काम में हस्तक्षेप करने से बचेगा। इससे एक न्यायोचित संतुलित प्रशासनिक ढांचा तैयार होता है और इससे कंपनी के संचालन में मदद मिलती है ताकि उसका निरंतर स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा सके तथा सभी शेयरधारकों के हित में उसकी समुचित प्रगति हो सके। लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति इससे एकदम अलग है। अनेक कंपनियों में सीएमडी का पद होता है। जैसा कि पदनाम से संकेत मिलता है, अध्यक्ष एमडी भी होता है। यह एक विचित्र स्थिति है। एमडी के तौर पर काम करते हुए यह व्यक्ति स्वयं से आदेश प्राप्त करता है, जबकि अध्यक्ष के रूप में वह स्वयं को आदेश देता है। संक्षेप में कहा जाए तो यह एक व्यक्ति के हाथों में सत्ता का अत्यधिक केन्द्रीकरण है। यह परिदृश्य खासकर परिवार-स्वामित्व वाले बिजनेसों में पाया जाता है जहां प्रमोटर की मुख्य दिलचस्पी अपने हितों को अन्य व सार्वजनिक निवेशकों से ऊपर रखने में होती है। पहली नजर में यह परंपरागत विवेक के विपरीत दिखती है जिसमें 'दो के बीच हितों के कनवर्जेंस' को महत्व दिया जाता है। उदाहरण के लिए, जब कंपनी को ज्यादा मुनाफा हो तो उसे सभी शेयरधारकों में बांटा जाना चाहिए जिसमें प्रमोटर व सार्वजनिक शेयरधारक शामिल हैं। लेकिन यह स्थिति का अति-सरलीकरण है जो वास्तव में अत्यधिक जटिल है। अपरिहार्य रूप से एक परिवार-स्वामित्व वाले प्रमोटर के अनेक बिजनेस होते हैं और ऐसे अनेक मामले होते हैं जहां 'ए' कंपनी का गठजोड़ अतिरिक्त मुनाफों को 'बी' कंपनी में हस्तांतरित कर देता है जहां उसका बड़ा हिस्सा होता है अथवा वह पहली कंपनी की बैलैंसशीट के आधार पर किसी वित्तीय संस्था से कर्ज ले लेता है। अनुबंध करने या सामग्री खरीदने, आदि के मामले में 'ए' कंपनी 'बी' का पक्ष ले सकती है। अनेक मामलों में 'ए' कंपनी अपने फंड तथाकथित शेल कंपनियों में स्थानांतरित कर सकती है जिनका लाभार्थी स्वामित्व 'ए' के प्रमोटरों के पास होता है।

जिस गवर्नेंस ढांचे में अध्यक्ष और एमडी एक ही व्यक्ति या सीएमडी होता है, वहां ऐसे निर्णयों की संभावना अधिक होती है जो 'ए' कंपनी में सार्वजनिक शेयरधारकों के हितों को नुकसान पहुंचाते हैं। दूसरी ओर यदि ये दोनों पद अलग-अलग होते हैं तो इसका परिणाम बेहतर तथा ज्यादा संतुलित गवर्नेंस ढांचे के रूप में सामने आता है। इससे प्रबंधन की ज्यादा 'प्रभावी' व 'वस्तुनिष्ठ' निगरानी संभव होती है। इससे उपरोक्त किस्म की अनेक अवांछित स्थितियों से बचा जा सकता है तथा बिना किसी भेदभाव के सभी शेयरधारकों के हित सुरक्षित रहते हैं। यह ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, जर्मनी, नीदरलैड, आदि देशों के वैश्विक व्यवहारों के अनुरूप हैं जिन्होंने अक्ष्यक्ष व सीईओ की भूमिकायें अलग-अलग की हैं। इस पृष्ठभूमि में देखने पर कोडक समिति की सिफारिशें उपयुक्त थीं तथा सेबी ने इनके क्रियान्वयन का शुरुआती कदम ठीक उठाया था। इस प्रकार उसका अपना रास्ता उलटना प्रतिगामी है। नियामक द्वारा बताए इसके तीन कारण आश्चर्यजनक हैं। 1. सेबी ने कहा था कि सितंबर, 2019 में सर्वोच्च 500 सूचीबद्ध कंपनियों में क्रियान्वयन स्तर 50.4 प्रतिशत था, लेकिन इसकी प्रगति 31 दिसंबर, 2021 तक केवल 54 प्रतिशत हो सकी। इसका अर्थ दो साल में केवल चार प्रतिशत वृद्धि है। इसलिए उसके अनुसार, 'यह उम्मीद करना बहुत कठिन है कि बाकी 46 प्रतिशत निर्धारित तिथि तक मानक पूरे कर लेंगी।' यदि 46 प्रतिशत द्वारा क्रियान्वयन न होने को 'अनिवार्य' आवश्यकता टालने का आधार बनाया जाए तो इसी तर्क से एक साल के भीतर 50.4 प्रतिशत कंपनियों ने क्रियान्वयन पूरा कर लिया था। अतः केवल 46 प्रतिशत के लिए अनिवार्य प्राविधान को टालने का अर्थ उन कंपनियों के लिए 'अनुचित' व 'भेदभावपूर्ण' है जिन्होंने इसका क्रियान्वयन कर लिया है।

किसी सुधार उपाय को इस तरह देखा जाना चाहिए कि उसका लक्ष्य क्या है। उसे उन लोगों की सनक और कल्पनाओं का बंधक नहीं बनने देना चाहिए जो आदेश न मानने का निर्णय कर चुके हों। इसे उलटने का अर्थ यह गलत संदेश देना होगा कि 'कुछ शक्तिशाली समूहों की लाबींग' से नियामक को अपने कदम पीछे खींचने पड़ सकते हैं।

जहां तक वैश्विक महामारी की वर्तमान स्थितियों में 'फर्म संचालन का ढांचा बदलने' का सवाल है तो इसके सेबी के फैसले से जोड़ने का कोई औचित्य नहीं है। ऐसे समय यह बात और हास्यास्पद है जब कोविड का प्रकोप घट रहा है। जहां तक 'सहज परिवर्तन' का तर्क है, यह उल्लंघनकर्ताओं को यह भुला देने का बहाना है कि इस सलाह का समय बीत गया है। कुल मिला कर संक्षेप में कहा जाए तो सेबी द्वारा अपना निर्णय उलटने का अर्थ भारत में कार्पोरेट सुशासन को गहरा धक्का है।

# अमेरिका और उसके गठबंधन सहयोगी

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



पिछले सप्ताह सीएनएन पर बोलते हुए प्रख्यात अमेरिकी स्तंभकार व टीवी व्यक्तित्व फरीद जकरिया ने रूस के साथ वर्तमान समय में टकराव वाले यूक्रेन की भावी संभावनाओं पर निराशाजनक टिप्पणी की। जकारिया को लगता है कि अगले कुछ दशकों तक भारत को चीन से दुश्मनी का सामना करना पड़ेगा। इसलिए भारत को खुद को मजबूती के साथ अमेरिका से जोड़ना चाहिए। वैसे भी हर हाल में विदेश मंत्रालय को तटस्थता अपनाने की अपनी पुरानी आदत पर पुनर्विचार कर इसे भुला देना चाहिए। एक पूर्व भारतीय, जकारिया की ओर से आई इस सलाह पर गंभीरता से गौर करना चाहिए। लेकिन एक गठबंधन सहयोगी के रूप में अमेरिका के लिखित, शाब्दिक या अंतर्निहित रिकार्ड पर भी ध्यान देना जरूरी है। प्रथम विश्वयुद्ध के लगभग अंत में अमेरिकी राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने लीग आफ नेशन्स की स्थापना को प्रोत्साहित किया जिसका मुख्यालय जेनेवा में था। उसका काम अपने उत्तरवर्ती संयुक्त राष्ट्रसंघ की तरह था। लीग ने इस सीमा तक काम किया कि बुल्गारिया व तुर्की तथा यूनान व तुर्की के बीच जनसंख्या का आदान-प्रदान हुआ। लेकिन दुर्भाग्य से वाशिंगटन के कैपिटाल हिल में स्थित अमेरिकन सिनेट ने यूरोप के मामलों में अमेरिका की अनावश्यक संलिप्तता को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। इस प्रकार प्रभावी रूप से लीग आफ नेशन्स का अंत हो गया, जबकि इसकी अवधारणा अमेरिकन राष्ट्रपति ने बनाई थी तथा इसे सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया था।

जर्मनी की वेहरमाश्ट द्वारा पोलैंड पर हमला बोलने के बाद 1 सितंबर, 1939 को द्वितीय विश्वयुद्ध शुरू हो गया। पोलैंड की ब्रिटेन व फ्रांस के साथ लिखित गठबंधन संधि थी जिसके अनुसार किसी एक देश पर हुए हमले का मुकाबला संयुक्त रूप से तीनों देश करते तथा प्रभावित देश का बचाव करते। इसके बावजूद सितंबर, 1939 में ब्रिटेन और फ्रांस ने पोलैंड के साथ संवेदना व्यक्त करने के सिवा और कुछ नहीं किया, जबकि इस पर पश्चिम से एडोल्फ हिटलर तथा पूरब से जोसेफ स्टालिन ने हमला किया था। इसके पहले इतिहास ने कभी लड़ाकू टैंकों द्वारा घोड़ों को मारे जाते नहीं देखा था।

इसके कारण जब जर्मन पैंजर टैंकों ने हमला बोला तो पोलिश सेना का घुड़सवार दस्ता नष्ट हो गया। इस प्रकार गठबंधन निरर्थक हो गया। अमेरिका नस्ली रूप से एक एंग्लो-सैक्शन देश है। इस कारण अमेरिका और ब्रिटेन के बीच रिश्ते बिरादराना और नजदीकी हैं। प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल की मां लेडी रैंडोल्फ चर्चिल अमेरिकन थीं। ब्रिटेन के युद्ध तथा 1940 की गर्मियों में ब्रिटेन व जर्मनी की वायु सेनाओं की जंग के बाद



चर्चिल को लगा कि अपने दम पर नाजी जर्मनी से मुकाबला करने के सिवा उनके देश के पास और कोई रास्ता नहीं है। वे राष्ट्रपति फ्रैंकलिन रूज़वेल्ट तथा अमेरिकी कांग्रेस से यह अपील करने विमान से वाशिंगटन पहुंचे कि अपने ब्रिटिश भाइयों की सहायता करें। ऐसा न होने पर उस समय भय व्याप्त हो गया था कि पश्चिमी सभ्यता नाजी जर्मनी के बूटों से कुचल दी जाएगी। लेकिन चर्चिल को लगभग खाली हाथ लौटना पड़ा और अमेरिकनों ने केवल किराए के आधार पर हथियार सप्लाई का वादा किया जिसे लेंड लीज़ का नाम दिया गया था। यह वाशिंगटन से चर्चिल की भावनात्मक अपील के बाद किया गया था कि 'यदि मेरी माता के बजाय मेरे पिता अमेरिकन होते तो क्या आप मेरी सहायता न करते?' दो एंग्लो-सैक्शन साझीदारों के बीच 'बिरादराना' भावना का यह हाल था।

वाशिंगटन ने उस समय अनुमान नहीं लगाया था कि जापान गोपनीय रूप से आधा प्रशांत महासागर पार कर 7 दिसंबर, 1941 को अमेरिका के महत्वपूर्ण नौसैनिक अड्डे पर्ल हार्बर को नष्ट कर देगा। इसके बाद अमेरिका ने जापान के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी और जापान ने भी ऐसी ही घोषणा से उसका जवाब दिया। जर्मनी, इटली और जापान के धुरी गठबंधन के अनुसार यदि कोई देश युद्ध में शामिल होता तो तत्काल बाकी दोनों देश भी इसमें शामिल हो जाते। इसके परिणामस्वरूप जर्मनी और इटली ने भी अमेरिका के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी। इस प्रकार केवल दिसंबर, 1941 में ही लगभग दो साल पहले शुरू हो चुका यह यूरोपीय टकराव सचमुच एक विश्व युद्ध बन गया। इस प्रकार अमेरिका के लिए इसमें शामिल होना मजबूरी बन गई। दूसरे शब्दों में, अमेरिका युद्ध में उसी समय शामिल हुआ जब उस पर हमला हुआ तथा उसने ऐसे समय युद्ध नहीं किया जब उसके भाई को उसकी अत्यधिक जरूरत थी।

अमेरिका का एक और गठबंधन सहयोगी ताइवान है जो काफी सीमा तक विस्तारवादी चीन का सामना कर रहा है। नस्ली रूप से यह देश चीनी है, पर उसके नेता चियांग काई शेक 1945 से 1949 तक चले चीन के गृह युद्ध में माओत्से तुंग से पराजित होने तक अमेरिका के सहयोगी थे। चियांग काई शेक अपने अनेक अनुयाइयों को उस द्वीप में ले गए जिसे आज ताइवान कहा जाता है। देश की राजनीतिक व्यवस्था लोकतांत्रिक है, जबकि इसकी आर्थिक विचारधारा स्वतंत्र एवं उदारवादी है। ताइवान को फौरन न केवल संयुक्त राष्ट्रसंघ में शामिल किया गया, बल्कि उसे सुरक्षा परिषद का सदस्य भी बना दिया गया। लेकिन जब मुख्यभूमि चीन से खतरा बहुत गंभीर हो गया तो ताइवान की रक्षा के लिए अमेरिका के साथ सुरक्षा संधि पर उसके हस्ताक्षर हुए। ताइवान रिलेशन्स एक्ट नामक यह समझौता अब भी लागू है, लेकिन 1972 में लगभग अचानक ताइवान को सुरक्षा परिषद से हटा कर उसका स्थान कम्युनिस्ट चीन को दे दिया गया जिसे अब उसका विरोधी देश माना जाता है।

अप्रत्याशित रूप से अमेरिका की यह पलट जाने की नीति संभावित सहयोगियों में आशंका पैदा करती है। फरीद जकारिया इन परिवर्तनों से अच्छी तरह परिचित हैं, लेकिन वे भारत को विदेश नीति संबंधी कदमों की सलाह देने की स्थिति में नहीं हैं। वैसे भी भारत जैसे विशाल देश के लिए आत्मनिर्भर बनना तथा लचीले ढंग से बदलती अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढालना ही सबसे अच्छा है। किसी बड़े देश के लिए अमीर सहयोगी से होने वाले आर्थिक लाभ ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं होते हैं। इसके साथ ही सहयोगियों की सहायता के लिए आने की अमेरिका की इच्छा संदेह के घेरे में है।

## आप की बात

### भारत का तेल संकट

**रूस** और यूक्रेन के बीच चल रही लड़ाई से भारत को कच्चे तेल आयात पर साढ़े नौ लाख करोड़ रुपये खर्चकरने पड़ेंगे। जो देश मे कुल आयात का 20 प्रतिशत है। इससे देश में महंगाई बढ़ेगी और व्यापार संतुलन भी बिगड़ जाएगा। इसके अलावा भारत देश विदेशों से खाद्य तेल भी 60प्रतिशत आयात करता हैं। यूक्रेन में उपजे संकट से खाद्य तेलों के भी दामो पर असर पड़ेगा।देश को आत्मनिर्भर बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के आवाह्न पर सभी लोगों को ध्यान देने की जरूरत है। कृषि के क्षेत्र में तिलहन उत्पादन बढ़ाने के लिये सरकार द्वारा दिये जा रहे अनुदान का उपयोग कर किसानों को तिलहन उत्पादन कर खाद्य तेल के मामले आत्म निर्भर बनने में योगदान देना चाहिये। तेल के दाम बढ़ने का सबसे ज्यादा असर आर्थिक विकास पर पड़ता है। अमेरिका जैसे देश ने अपना गैस और तेल उत्पादन बढ़कर आत्मनिर्भरता प्राप्त कर लिया है। वही भारत के पास तेल और गैस के स्त्रोतों की कमी है। इससे निपटने के लिये सौर और हाइड्रोजन ऊर्जा जैसे विकल्पों की ओर ध्यान देने की जरूरत है। इससे प्रदूषण मुक्त स्वच्छ उर्जा मिलेगी। देश के कर्णधारों को कच्चे तेल और खाद्य तेलों के मामले ने आत्मनिर्भर बनाने के लिये रणनीति बनाकर तुरन्त ध्यान देना चाहिये।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### रूस की तानाशाही

**दो** देशों के बीच सामरिक संबंध एवं प्रगाढ़ मित्रता के क्या क्या मायने हो सकते हैं? क्या हम अपने मित्र देशों के, प्रेस के आज़ादी एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लगाम लगा सकते हैं? क्या हम अपने मित्र देश के मीडिया की इस बात के लिए खिंचाई कर सकते हैं की वो उनके यहां के घटनाक्रमों को कवर करने में संयम बरते? रूस एक तानाशाह देश है। इसका सबूत उक्रैन में उसके हमले से तो मिलता ही है। साथ ही भारत स्थित उसका दूतावास पिछले दो महीनों में दो दो बार प्रेस नोट जारी करके, हमारी प्रेस की आज़ादी पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा है। पहली बार कजाकिस्तान की स्थिति के कवरेज को लेकर जनवरी में और दूसरी बार अभी मार्च में, भारत की मीडिया को उक्रैन के मामले में, झूठा प्रचार करने से बचने को कह रहा है। ये सब क्या है? क्या कभी भारत ने किसी दूसरे देशो के अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लगाम लगाने को कहा है? क्या भारत किसी दूसरे देश के प्रेस फ्रीडम पर लगाम लगाने की नसीहत दी है? अगर नहीं तो फिर तानाशाही रूस ऐसा क्यों कर रहा है? क्या यह भारत के अंदुरुनी मामलों में दखल नहीं है? भारत ऐसी दखलअंदाज़ी को क्यों बर्दाश्त कर रहा है?

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर


### रूस से नाराज़गी

यूक्रेन पर हमला करके भले ही रूस अपने हित साध रहा हो मगर जिस तरह से वैश्विक प्रतिक्रिया सामने आ रही है वह उसकी ख्याति के अनुरूप कत्तई नहीं है। प्रतिबंधों के साथ ही जान माल की जो हानि रूस को उठाना पड़ी है उसकी भरपाई भविष्य में कैसे होगी यह रूस के लिए चिंतन का विषय है। बलपूर्वक सैन्य कार्यवाही से रूस की दबंगई वाली छवि भी दुनिया में उभरी है। टीवी और अखबारों की खबरों में रूस के सैन्य हमलों की बर्बरता ने वैश्विक समुदाय को आक्रोशित किया है। जापान, स्पेन, फ्रांस, ,ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, इटली समेत अन्य देशों के नेताओं की कड़ी प्रतिक्रिया रूस के बर्बर कदम की व्याख्या के लिए काफी है। यही वजह है कि रूस को दुनिया भर में आर्थिक प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है। कई देशों ने जिस तरह रूस पर आर्थिक प्रतिबंध कड़े किए हैं वह एक महाशक्ति प्रमुख को उसकी हैसियत दिखाने के लिए काफी है। अपेक्षाकृत छोटे से देश पर रूस की बलात कार्यवाही से उसकी छवि आतातार्ई के रूप में बनी है। इस पर निश्चित रूप से पुतिन को पछतावा होगा।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**हम** बड़े शहरों परे अपने स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे का निर्माण करना चाहते हैं।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**मैं** यहां हूं। हम हथियार नहीं डालेंगे..वे हमारी सच्चाई हैं।

– **व्लादिमीर जेलेंस्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति





**भाजपा** ने यहां कांग्रेस को जितना नुकसान पहुंचाया, उससे कहीं ज्यादा गुजरात की जनता को नुकसान पहुंचाया है।


– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता


# लल्लू सहित कई नेताओं से कांग्रेस को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**● छठे चरण की एक सीट पर जीत और आधा दर्जन सीटों पर पिछले चुनाव में हासिल हुई थी दूसरी पोजीशन**

**विवेक श्रीवास्तव।** लखनऊ


अजय कुमार लल्लू


अखिलेश प्रताप सिंह


आलोक प्रसाद


शहाला अहरारी


वीरेंद्र चौधरी


केशव प्रसाद यादव

**पूर्वांचल के** जिन 10 जिलों की 57 सीटों पर छठे चरण में कल बहस्पतिवार को मतदान होने जा रहा है उनमें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू सहित आधा दर्जन नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर है। कांग्रेस को अपने इन्हीं दिग्गजों से बेहतर प्रदर्शन की भी उम्मीद है। एक दौर में पूर्वांचल की जिस सियासी जमीन पर कांग्रेस का कब्जा हुआ करता था वहां अब उसके लिए पूरी तरह से सूखे की नौबत है। छठे चरण में जिन जिलों में चुनाव हो रहे हैं उनमें 2017 में अंबेडकरनगर छोड़कर बाकी जिलों में बीजेपी का पलड़ा भारी रहा था। 2017 में इन 57 सीटों में से बीजेपी ने 46 सीटें आईं थीं जबकि सपा को 2, बसपा को 5 सीटें और कांग्रेस को 1 सीट मिली थी। वहीं बीजेपी के सहयोगी अपना दल (एस) को 1 और सुभासपा को एक सीट मिली थी जबकि एक सीट पर निर्दलीय ने जीत दर्ज की थी। कांग्रेस को एकमात्र तमकुहीराज सीट पर अजय कुमार लल्लू के रूप में जीत हासिल हुई और छह सीटों पर वह दूसरे नंबर पर रही थी।

कुशीनगर जिले की तमकुहीराज सीट पर कांग्रेस के वर्तमान विधायक और प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू इस बार फिर चुनाव मैदान में हैं। वह तमकुहीराज विधानसभा से लगातार दो बार विधायक चुने जा चुके हैं। इस बार वह इस सीट पर हैट्रिक लगाने की फिराक में पसीना बहा रहे हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी दो दिन पहले लल्लू के लिए वोट की अपील करने तमकुहीराज गईं थीं। मौजूदा चुनाव में भाजपा के असीम कुमार, सपा गठबंधन के उदय नारायण और बसपा के संजय गुप्ता लल्लू को चुनौती देते नजर आ रहे हैं। देवरिया जिले की रुद्रपुर सीट पर कांग्रेस के कद्दावर नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप चौथी बार कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। वह 2012 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीत कर विधायक बने थे। 2017 के चुनाव में सपा–कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी रहे अखिलेश प्रताप सिंह को भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश निषाद ने हराया था। इससे पहले 2002 और 2007 के चुनाव में भी वह कांग्रेस के उम्मीदवार रहे। रुद्रपुर में 1985 के बाद लगातार हार रही कांग्रेस को अखिलेश प्रताप ने वर्ष 2012 में 27 साल बाद जीत दिलाई थी। इस बार उनका मुकाबला भाजपा के जय प्रकाश निषाद, सपा गठबंधन के रामभुआल निषाद और बसपा के सुरेश तिवारी से है। देवरिया जिले की भाटपाररानी सीट पर भारतीय युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव चंद्र यादव चुनाव मैदान में हैं। उनके बाबा स्व. रामानंद यादव अंतरराष्ट्रीय पहलवान थे। 2004 में सत्येंद्र दुबे हत्याकांड के खिलाफ कानपुर से गया, बिहार तक 1600 किमी साइकिल यात्रा कर केशव यादव चर्चा में आए थे। इसके पूर्व 2002 से सूचना के अधिकार आंदोलन के साथ देश भर में अलख जगाई थी। 2013 में उड़ीसा, 2014 में राष्ट्रीय सचिव के रूप में एमपी के कांग्रेस प्रभारी रहे। 2016 में पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ में राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी रहे। 2017 में कई राज्यों में चुनाव प्रभारी बनाया गया। 2018 में भारतीय युवा कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने का गौरव प्राप्त किया। इस सीट पर इस बार भाजपा से सभाकुंवर कुशवाहा, सपा गठबंधन से आशुतोष उपाध्याय और बसपा से अजय कुशवाह मैदान में हैं। देवरिया जिले की रामपुर कारखाना सीट पर शहला अहरारी कांग्रेस की प्रत्याशी हैं। उन्हें वर्ष 2014 में पार्टी का जिला महासचिव बनाया गया। वर्ष 2016 में उन्हें गोरखपुर महिला कांग्रेस का शहर अध्यक्ष बनने का गौरव प्राप्त हुआ। उनके संघर्षों एवं राजनीति में सक्रियता को देखते हुए वर्ष 2018 में उन्हें महिला कांग्रेस पूर्वी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। इस सीट पर उनका मुकाबला भाजपा के सुरेंद्र चौरसिया, सपा गठबंधन की गजाला लारी और बसपा की पुष्पा शाही से है।

महाराजगंज सदर सीट पर आलोक प्रसाद को कांग्रेस ने उतारा है। वह वर्ष 2012 व 2017 में भी चुनाव लड़ चुके हैं। इनके पिता स्वर्गीय सुखदेव प्रसाद 1952 में पहली बार विधायक चुने गए। वह राज्य सभा सदस्य, कैबिनेट मंत्री के अलावा राजस्थान के राज्यपाल भी रहे। वर्ष 1999 से 2007 तक यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रहने वाले आलोक प्रसाद को वर्ष 2008 में यूथ कांग्रेस का प्रदेश संयोजक भी बनने का मौका मिला। वर्ष 2009 से 2018 तक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पद पर काम करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का प्रयास किए। इसके अलावा वर्ष 2019 में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया। महाराजगंज सीट पर इस बार भाजपा ने जयमंगल, सपा गठबंधन ने गीता रत्ना और बसपा ने ओम प्रकाश को उतारा है। महाराजगंज की फरेंदा विधान सभा से कांग्रेस ने वीरेंद्र चौधरी पर पार्टी चौथी बार भरोसा जताया है। यह छह बार विधान सभा का चुनाव फरेंदा से लड़े चुके हैं। वर्ष 2002 एवं 2007 में बसपा से चुनाव लड़े थे। इसके बाद इन्होंने कांग्रेस का दामन थाम लिया। वर्ष 2012 एवं उप चुनाव वर्ष 2015 में कांग्रेस के टिकट लड़े। वर्ष 2017 में कांग्रेस ने फिर इनको चुनाव मैदान में उतारा। वीरेंद्र चौधरी वर्तमान में पार्टी के पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं। उनका मुकाबला भाजपा के बजरंग बहादुर, सपा गठबंधन के शंखलाल और बसपा के इशू चौरसिया से है।

**इन सीटों पर कांग्रेस आई थी सेकेंड:** बीते विधानसभा चुनाव 2017 में छठे चरण की जिन आधा दर्जन सीटों पर कांग्रेस दूसरे स्थान पर रही थी उनमें बलरामुपर की तुलसीपुर में पूर्व सांसद रिजवान जहीर की बेटी जेबा रिजवान ने बीजेपी के कैलाश नाथ शुक्ला को कड़ी टक्कर दी थी। जेबा को 43637 वोट मिले थे जबकि कैलाश नाथ शुक्ला ने 62296 वोट हासिल कर जीत दर्ज कराई थी। इस बार कांग्रेस ने यहां से अपने युवा नेता दीपांकर सिंह पर दांव लगाया है। इसी जिले की बलरामपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी शिवलाल 64541 वोट पाकर बीजेपी के पल्टू राम से पराजित हुए थे। जिन्हें 89401 वोट मिले थे। इस बार कांग्रेस ने इस सीट से बबिता आर्या को प्रत्याशी बनाया है। महाराजगंज जिले की फरेंदा विधानसभा सीट पर कांग्रेस के वीरेंद्र चौधरी ने बीजेपी के बजरंग बहादुर सिंह को कड़ी टक्कर दी और मामूली वोटों से पराजित हुए थे। बजरंग बहादुर को 76372 वोट हासिल हुए थे जबकि वीरेंद्र चौधरी को 73958 वोट मिले थे। कांग्रेस ने इस बार फिर वीरेंद्र चौधरी पर दांव लगाया है। गोरखपुर जिले की कैम्पियरंग सीट पर कांग्रेस की चिंता यादव 658782 वोट हासिल करके दूसरे स्थान पर रहीं थीं। इस सीट पर जीत दर्ज कराने वाले बीजेपी के फतेह बहादुर को 91636 वोट मिले थे। कांग्रेस ने इस बार सुरेंद्र निषाद को कैम्पियरगंज सीट से उतारा है। गोरखपुर जिले की ही शहर सीट पर कांग्रेस के राणा राहुल सिंह बीजेपी के डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल से पराजित हुए थे। राणा को 61491 वोट और डॉ. अग्रवाल को 122221 वोट हासिल हुए थे। इस बार यह सीट प्रदेश में सबसे हॉट सीट है क्योंकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां से बीजेपी के उम्मीदवार हैं। कांग्रेस ने इस बार चेतना पांडेय को इस सीट पर अपना प्रत्याशी बनाया है।

# बलरामपुर में इस बार भाजपा को मिल रही कड़ी टक्कर

**भाषा।** बलरामपुर



**भूतपूर्व प्रधानमंत्री** अटल बिहारी वाजपेयी को पहली बार चुनकर संसद भेजने वाले बलरामपुर जिले में भारतीय जनता पार्टी को गत विधानसभा चुनाव में चारों सीटें जीतने का अपना प्रदर्शन दोहराने के लिए प्रतिद्वंद्वियों से कड़ी चुनौती मिल रही है। वाजपेयी पहली बार वर्ष 1957 में बलरामपुर से ही चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे। बलरामपुर जिले में चार विधानसभा सीटें हैं। इनमें तुलसीपुर, उतरौला, गैसड़ी और बलरामपुर शामिल हैं। वर्तमान में इन सभी सीटों पर भाजपा के विधायक हैं। बलरामपुर में राज्य विधानसभा चुनाव के छठे चरण के तहत आगामी तीन मार्च को मतदान होगा। नेपाल की सीमा से सटे इस जिले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी संबंध है। पाटेश्वरी देवी का मंदिर देवीपाटन मंदिर गोरक्ष पीठ से जुड़ा है, जिसके योगी अधीश्वर हैं। वर्ष 2007 में हुए विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी और भाजपा ने बलरामपुर जिले की दो–दो सीटों पर जीत हासिल की थी जबकि 2012 के विधानसभा चुनाव में चारों सीटें समाजवादी पार्टी की झोली में गई थी। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में इन चारों सीटों पर भाजपा का कब्जा हो गया था। उतरौला स्थित एचआरए इंटर कॉलेज के प्रबंधक अंसार अहमद खां ने कहा इस बार हालात बदल गए हैं और ऐसा नहीं लगता कि भाजपा जिले की चारों सीटें जीत पाएगी। ज्यादातर सीटों पर भाजपा और सपा के बीच सीधी टक्कर नजर आती है। हालांकि यहां बसपा और कांग्रेस के उम्मीदवार भी जोर आजमाइश कर रहे हैं। स्थानीय चुनावी मुद्दों के बारे में उन्होंने बताया कि विकास, गन्ना मूल्य का भुगतान और छुट्टा पशुओं की समस्या यहां के मुख्य मुद्दे हैं। हालांकि यहां जाति और धर्म जैसे मामले भी अपना असर रखते हैं। बलरामपुर सदर सीट अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित सीट है। यहां मौजूदा भाजपा विधायक और राज्य सरकार में मंत्री पलटू राम को सपा के जगराम पासवान से चुनौती मिल रही है। यहां कांग्रेस की बबीता मौर्या भी मैदान में हैं।

इस सीट पर 4.14 लाख से ज्यादा मतदाता हैं, जिनमें 38 प्रतिशत अन्य पिछड़े वर्ग के, 23 प्रतिशत मुस्लिम और 21 प्रतिशत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के हैं। तुलसीपुर सीट पर सबसे ज्यादा 35 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग के मतदाता हैं। इसके अलावा 23 प्रतिशत अनुसूचित जाति और 22 फीसद मुस्लिम मतदाता हैं। यहां पूर्व सांसद रिजवान जहीर की बेटी जेबा रिजवान ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतर कर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। जहीर और जेबा दोनों ही हत्या के एक मामले में इस वक्त जेल में हैं। सपा द्वारा टिकट देने से मना करने पर जेबा निर्दल प्रत्याशी के रूप में मैदान में हैं और उनके समर्थकों का कहना है कि उन्हें व्यापक समर्थन मिल रहा है। तुलसीपुर में जहां भाजपा ने एक बार फिर कैलाश नाथ शुक्ला को मैदान में उतारा है। वहीं सपा ने दो बार के विधायक अब्दुल मसूद खान को टिकट दिया है। एक स्थानीय निवासी शमशाद खान का कहना है कि अगर जेबा सपा के मुस्लिम वोट बैंक में सेंध लगाने में कामयाब रहीं तो इससे भाजपा को फायदा होगा और यहां अन्य पिछड़ा वर्ग के मतदाता निर्णायक साबित होंगे। गैसड़ी सीट पर मौजूदा विधायक और लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू को सपा के एसपी यादव से कड़ी टक्कर मिल रही है। शैलू वर्ष 2017 में यादव को 2303 मतों के अंतर से हराने में कामयाब रहे थे। कांग्रेस और बसपा ने इस सीट पर मुस्लिम उम्मीदवार उतारे हैं। जिले की उतरौला सीट पर सबसे ज्यादा 34 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग के मतदाता हैं। वहीं, 25 फीसद मुसलमान हैं। यहां भाजपा ने मौजूदा विधायक राम प्रताप वर्मा उर्फ शशिकांत को फिर से चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं, सपा ने हसीब खान और कांग्रेस ने धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ धीरू को उम्मीदवार बनाया है। सुभाष नगर के एजाज मलिक का कहना है कि यहां के लोगों ने मन बना लिया है कि इस बार उन्हें किसे वोट देना है। यहां के मुस्लिम मतदाता एक ऐसी पार्टी के खिलाफ एकजुट हो गए हैं जो उन्हें भारत का सच्चा नागरिक तक मानने को तैयार नहीं है। अपने राजनीतिक जीवन के शुरुआती वर्षों में जनसंघ से जुड़े रहने के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी बलरामपुर जिले की उतरौला तहसील स्थित रमुआपार खुर्द गांव में रहते थे। वह बलरामपुर से तीन बार लोकसभा का चुनाव लड़े, जिनमें से वर्ष 1957 और 1967 में वह यहां से जनसंघ के सांसद रहे जबकि वर्ष 1962 के चुनाव में उन्हें पराजय मिली थी।

# भगवा व समाजवाद के बीच बसपा की बागियों से भी टक्कर

**● योगी के गढ़ में ओबीसी नेताओं की होगी परीक्षा**

**● भाजपा के पास अनुप्रिया पटेल, संजय निषाद तो सपा के पास ओमप्रकाश राजभर, कृष्णा पटेल**

**सतीश सिंह।** लखनऊ

**यूपी में** छठे चरण का चुनाव निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। जिस पार्टी के हाथ ज्यादा सीट सत्ता उसी की होगी सामाजिक समीकरणों में जातियों की जुगलबंदी के बीच भगवा व समाजवाद के साथ बसपा भी बढ़त बनाने को आतुर है। 10 जिलों की 57 सीटों पर गुरुवार को होने वाले मतदान में इस बार बसपा की बागियों से भी कड़ी टक्कर है। ऐसे में बागियों को पछाड़कर बसपा की निगाह अपनी सीट के साथ ही उन सीटों पर भी नजर है जहां पिछले चुनाव के दौरान पार्टी दूसरे नम्बर पर रही।

छठे चरण के चुनाव में एक अंबेडकरनगर जिले को छोड़ दिया जाए तो बाकी जिले योगी के प्रभाव में आने वाले जिले हैं। जहां पर एक तरफ भगवा खेमे को अपनी जीत को बरकरार रखने की चुनौती है तो वहीं सपा और बसपा को अपना खोया हुआ गढ़ वापस पाने की चुनौती है। इस बीच कांग्रेस को भी चमत्कार की जरूरत है। बात अगर बसपा की करें तो पार्टी के सामने जहां अकबरपुर में बागियों से लड़ने की चुनौती है तो वही गोरखपुर में मठ और हाते के बीच से अपनी सीट पर जीत दर्ज कर पाने की लालसा है क्योंकि दल बदल कर मैदान में आने वाले कई नेता भी इस क्षेत्र से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। ऐसे में इनका दलबदल कितना कारगर होगा यह तो चुनावी परिणाम आने के बाद ही पता लग सकेगा। फिलहाल,भगवा हुआ समाजवाद के बीच बसपा अपने जीत को लेकर आश्वस्त दिख रही है।

## लालजी वर्मा- कटेहरी

**विधानसभा** चुनाव से पूर्व बसपा के स्टार नेताओं में शामिल लालजी वर्मा इस बार सपा के टिकट पर कटेहरी सीट से मैदान में है। इस सीट से भाजपा के टिकट पर अवधेश द्विवेदी मैदान में है तो वही बसपा से प्रतीक पांडेय और कांग्रेस से निशात फातिमा मैदान में है। इस विधानसभा में सपाए भाजपा और बसपा में त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं। जिसके चलते लालजी वर्मा की विधानसभा पहुंचने की राह इस बार आसान नहीं दिख रही है। 1993 में शिवसेना से विधायक चुने गए पवन पांडेय ने अब अपने बेटे प्रतीक पांडेय को राजनीति में बसपा के टिकट पर उतारा है। एक बार विधायक बनने के बाद पवन पांडेय ने दोबारा कई बार विधायक और सांसद बनने के लिए जोर आजमाइश की,लेकिन वह असफल रहे। यही असफलता वह वजह रहीए जिसके चलते अब उन्होंने अपने बेटे को मैदान में उतारा है। लालजी वर्मा 5 बार विधायक और 3 बार मंत्री के साथ ही बसपा के प्रदेश अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। वह पहले टांडा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ते थे, लेकिन 2012 में इन्होंने पहली बार कटेहरी से चुनाव लड़ाए लेकिन हार गए। वहीं दूसरी बार 2017 के चुनाव में वह कटेहरी से विधायक बने। बदलते समीकरण में लालजी वर्मा बसपा से निष्कासित होने के बाद सपा में शामिल हो गए और सपा ने उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया है लेकिन लालजी वर्मा को अब जहां अपने पुराने वोटों को सहेजने की चुनौती होगी। वहीं 5 साल में कराए गए कामों को जनता को बताना होगा।



## रामअचल राजभर- अकबरपुर सीट

**अंबेडकरनगर** जिले की अकबरपुर विधानसभा बसपा के लिए हमेशा मुफीद साबित रही है। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे रामअचल राजभर इस बार सपा के टिकट पर मैदान में हैं। यहां से बसपा ने चंद्र प्रकाश वर्मा को उतारा है। जबकि भाजपा से सपा व बसपा में रहे पूर्व मंत्री धर्मराज निषाद मैदान में हैं तो कांग्रेस से प्रियंका जायसवाल चुनाव लड़ रही हैं। राम अचल राजभर भले ही सपा में चले गए हैं मगर अकबरपुर बीएसपी का अभेद किला रहा है, जिसके चलते सपा के लिए इसे ढहाना आसान नहीं होगा। त्रिकोणीय लड़ाई से यहां भाजपा फायदे में दिख रही है। हालांकि अकबरपुर विधानसभा में कमल कभी नहीं खिल सका। इस सीट हर बार बीजेपी प्रत्याशी को मात ही खानी पड़ी।

पूर्व मंत्री रामअचल राजभर राजनीतिक सियासत के पुराने खिलाड़ी माने जाते हैं। रामअचल की अकबरपुर विधानसभा में जीत का सिलसिला शुरू हुआ तो रुका नहीं। 5 बार उन्होंने अकबरपुर सीट से बीएसपी पार्टी से जीत दर्ज की और बसपा सुप्रीमो के सबसे करीबी कैबिनेट मंत्रियों में अपना नाम दर्ज कराया, लेकिन बसपा ने बगावत के चलते रामअचल को पार्टी से निकाल दिया गया। इसके बाद उन्होंने सपा का दामन थाम लिया। अब इस बार वह समाजवादी पार्टी से मैदान में हैं। जबकि इनके मुकाबले दो बार के अकबरपुर पालिका के चेयरमैन चन्द्रप्रकाश वर्मा चुनौती देंगे।



## राकेश पांडेय- जलालपुर

**अम्बेडकरनगर** जिले के कद्दावर बीएसपी नेता व पूर्व सांसद राकेश पांडेय अब साइकिल पर सवार होकर मैदान में हैं। जिले के बड़े व्यवसायी में शुमार राकेश पांडेय का शराब और खनन का बड़ा कारोबार है। पूर्व सांसद राकेश पांडे वर्तमान बीएसपी सांसद रितेश पांडे के पिता हैं। 2009 में राकेश पांडेय सपा छोड़कर बीएसपी में शामिल हुए थे और हाथी पर सवार होकर लोकसभा पंहुच गए। बीएसपी में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए टिकट दिलाकर अपने बेटे रितेश पांडेय को जलालपुर से 2017 विधानसभा चुनाव में जीत दिलाई। रसूख और रुतबा बढ़ा तो बीएसपी सुप्रीमो के करीब आते गए रितेश पांडेय को मायावती ने 2019 के लोकसभा में प्रत्याशी बनाया और उन्होंने पार्टी की निष्ठा को रखते हुए चुनाव में जीत दर्ज कर की। जलालपुर सीट से इस बार बसपा ने राजेश सिंह को उतारा है तो वहीं भाजपा से सुभाष राय और कांग्रेस से रागिनी पाठक हैं। दो ब्राह्मण प्रत्याशियों के बीच भाजपा यहां मजबूत दिख रही है। वहीं बसपा के राजेश सिंह भी एड़ी चोटी का जोर लगाए हैं।



## विनय शंकर तिवारी -चिल्लूपार

**गोरखपुर** में मठ और हाते के बीच वर्चस्व की लड़ाई में इस बार पूर्व मंत्री हरिशंकर तिवारी के पुत्र विनयशंकर तिवारी सपा से मैदान में हैं। विधानसभा चुनाव की पूर्व बसपा से सपा में शामिल हुए विनय शंकर तिवारी सीटिंग कैंडिडेट है। पिछले चुनाव में विनय शंकर तिवारी ने भाजपा के राजेश त्रिपाठी को हराया था। इस बार भाजपा ने राजेश त्रिपाठी को ही उम्मीदवार बनाया है। जबकि बसपा से पहलवान सिंह और कांग्रेस से सोनिया शुक्ला मैदान में है। चिल्लूपार सीट से तीन ब्राह्मण प्रत्याशियों के मैदान में उतरने से बसपा यहां मजबूत स्थिति में दिख रही है फिलहाल मठ और हाथी की लड़ाई में किसका पलड़ा भारी होता है, यह तो चुनावी नतीजे ही स्थिति बयां करेंगे।



**पिछले चुनाव में चार सीटें जीती थी बसपा ने:** छठे चरण में जिन सीटों पर चुनाव होना है उनमें पिछले चुनाव में बसपा ने 4 सीटें कटेहरी जलालपुर अकबरपुर और रसड़ा जीती थी। जबकि पार्टी 18 सीटों पर दूसरे नंबर पर रही। बात अगर पिछले चुनाव की करें बलरामपुर की गैसड़ी सीट पर भाजपा के शैलेश कुमार सिंह शैलू चुनाव जीते थे जबकि यहां बसपा नंबर दो पर रही। बसपा ने यहां से रनर प्रत्याशी रहे अलाउद्दीन खां को फिर से मैदान में उतारा है। जबकि बस्ती जिले की हरैया सीट से पिछले चुनाव में सपा के टिकट पर चुनाव लड़े राज किशोर सिंह इस बार बसपा के टिकट पर मैदान में है। वहीं रामपुर कारखाना से भाजपा से बसपा में आई पुष्पा शाही भी मैदान में है।

**बसपा के नेता प्रतिपक्ष की साख भी दांव पर:** बसपा से नेता प्रतिपक्ष उमाशंकर सिंह रसड़ा सीट से मैदान में है। रसड़ा विधानसभा को फ्री में वाईफाई की सुविधा उपलब्ध कराने वाले उमाशंकर सिंह की साख इस बार दांव पर है क्योंकि उमाशंकर सिंह हैट्रिक बनाने की तैयारी में है। 2012 व 2017 में बसपा के टिकट पर चुनाव जीते उमाशंकर सिंह की राह इस बार आसान नहीं दिख रही है। यहां से भाजपा ने बब्बन राजभर को और सपा ने महेंद्र चौहान को उतारा है। जबकि कांग्रेस से ओम लता मैदान में हैं। रसड़ा विधानसभा सीट से साल 1993ए 2002 और 2007 में बसपा के घूरा रामए 1996 में बीजेपी के अनिल कुमार विधायक बने। 2008 के परिसीमन में ये सीट सामान्य हो गई। इस सीट के सामान्य होने के बाद साल 2012 में पहली दफे चुनाव हुए। रसड़ा विधानसभा सीट से बसपा के ही टिकट पर उमाशंकर सिंह विधायक निर्वाचित हुए।

**योगी के गढ़ में ओबीसी नेताओं की होगी परीक्षा:** विधानसभा चुनाव से पहले ओबीसी उत्पीड़न के नाम पर दलबदल करने वाले नेताओं के साथ ही भाजपा के खेवनहार के रूप में अनुप्रिया पटेल और डॉ संजय निषाद के साथ ही सपा के साथ मैदान में उतरने वाले ओमप्रकाश राजभर और कृष्णा पटेल की असली परीक्षा होने वाली है। जातीय गोलबंदी के बीच भगवा व समाजवाद के बीच यह टक्कर योगी के गढ़ में हो रही है। इसलिए योगी के साथ ही इन नेताओं की साख भी दांव पर लगी है। 2002 में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का गठन करने वाले ओमप्रकाश राजभर का खाता 2017 के चुनाव में भाजपा से गठबंधन के बाद खुला था। भाजपा ने चुनाव में 8 सीटें मिली थी जिनमें से 4 सीटों पर इनकी पार्टी ने जीत हासिल की थी। राजभर बिंद कुम्हार प्रजापति कुशवाहा कोइरी जैसी जातियों का प्रतिनिधित्व करने वाले ओमप्रकाश राजभर इस बार सपा के साथ हैं। वही पूर्वांचल में कुर्मी जाति पर पकड़ रखने वाली अनुप्रिया पटेल भाजपा के साथ में हैं। पिछले चुनाव में अनुप्रिया पटेल की पार्टी अपना दल सोनेलाल 11 सीटों पर लड़ी थी जिनमे 9 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस बार 17 सीटों पर पार्टी लड़ रही है। ऐसे में अपनी सीटों के साथ ही भाजपा को भी जिताने की चुनौती अनुप्रिया पटेल के सामने है। निषाद राजनीति के बीच से उभरे डॉक्टर संजय निषाद इस बार भाजपा के खेवनहार बने हैं। इनका दावा है कि कोई भी पार्टी निषादों को दरकिनार कर नहीं देख सकते हैं। ऐसे में भाजपा ने इन्हें 16 सीट दी है इनके सामने भी भाजपा को जिताने की चुनौती है। पिछले चुनाव में भाजपा के टिकट पर जीते स्वामी प्रसाद मौर्य इस बार सपा के टिकट पर फाजिलनगर से लड़ रहे हैं। जिनके सामने ओबीसी जातियों को सपा के पक्ष में लामबंद करने की जिम्मेदारी है। वहीं अपना दल कमेरवादी की कृष्णा पटेल व उनकी बेटी पल्लवी पटेल भी सपा के टिकट पर मैदान में हैं। इनकी जिम्मेदारी खुद जितने के साथ ही दूसरों की जिताने की भी है।

# नई व्यवस्थाओं में भारत का आत्मनिर्भर होना जरूरी

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि दुनिया में बन रही नई व्यवस्थाओं को देखते हुए भारत का आत्मनिर्भर होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने संचार के क्षेत्र में विदेशों पर निर्भरता को भी कम से कम करने का आह्वान किया। प्रौद्योगिकी-सक्षम विकास पर बजट-पश्चात एक वेबिनार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार के आम बजट में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए जो प्रावधान किए गए हैं, वह बहुत महत्वपूर्ण हैं और इनका तेजी से क्रियान्वयन बहुत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी सिर्फ एक अलग क्षेत्र नहीं है क्योंकि यह डिजिटल अर्थव्यवस्था से जुड़ा और आधुनिक प्रौद्योगिकी पर आधारित है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी नागरिकों को सशक्त करने और देश को आत्मनिर्भर बनाने का प्रमुख आधार है। उन्होंने कहा कि आज ही अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने एक भाषण में अमेरिका को आत्मनिर्भर बनाने की बात कही और उन्होंने भी मेड इन अमेरिका पर बहुत जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, इसलिए हम जानते हैं कि दुनिया में जो नई व्यवस्थाएं बन रही है, उसमें हमारे लिए भी बहुत आवश्यक है कि हम आत्मनिर्भर बनें। इस बजट में उन चीजों पर बल दिया गया है। प्रधानमंत्री ने संचार के क्षेत्र में विदेशों पर निर्भरता को भी कम करने का आह्वान किया और कहा कि देश का अपना मजबूत डेटा सुरक्षा ढांचा बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि संचार के क्षेत्र में नई प्रौद्योगिकी लाने के लिए देश को अपने प्रयासों को और अधिक गति देने की जरूरत है। उन्होंने कहा, विदेशों पर निर्भरता कम से कम हो और संचार के संबंध में सुरक्षा के नए-नए दृष्टिकोण उसमें जुड़ते चले जाएं। हमें बड़ी जागरूकता के साथ इस ओर अपने प्रयास बढ़ाने ही होंगे। मोदी ने बजट में रेखांकित किए जाने वाले कृत्रिम बौद्धिकता, जियो-स्पेशल प्रणालियां, ड्रोन, सेमी-कंडक्टर, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, जीनोमिक्स, औषधि-विज्ञान और 5-जी सम्बंधी स्वच्छ प्रौद्योगिकी जैसे उदीयमान क्षेत्रों का उल्लेख किया और कहा कि बजट में 5-जी स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए एक स्पष्ट खाका दिया गया है और मजबूत 5-जी इको-सिस्टम से जुड़े डिजाइन-आधारित निर्माण के लिए उत्पादनयुक्त प्रोत्साहन योजनाओं का प्रस्ताव किया गया है। उन्होंने निजी क्षेत्रों से इन क्षेत्रों में अपने प्रयासों को बढ़ाने का आह्वान भी किया। गेमिंग के बढ़ते विश्व बाजार का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट में एनीमेशन विजुअल इफेक्ट्स गेमिंग कॉमिक (एवीजीसी) पर ध्यान दिया गया है।

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि खिलौनों को भारतीय जनमानस और भारतीय जरूरतों के अनुकूल होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने निजी क्षेत्र का आह्वान किया कि वह जियो-स्पेशल डेटा के इस्तेमाल के लिए नियमों में बदलाव तथा सुधार के कारण उभरने वाले अंतहीन अवसरों का अधिकतम लाभ उठाए। भारतीय स्टार्ट-अप इको-सिस्टम का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने इस क्षेत्र को सरकार की तरफ से पूरे समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, युवाओं के स्किलिंग, री-स्किलिंग और अप-स्किलिंग के लिए एक पोर्टल का प्रस्ताव बजट में किया गया है। इसके साथ ही, युवाओं को एपीआई आधारित विश्वस्त कौशल प्रमाणन, भुगतान और प्रौद्योगिकी आधारित संसाधनों की खोज के माध्यम से उपयुक्त रोजगार तथा अवसर मिलेंगे। प्रधानमंत्री ने देश में निर्माण को प्रोत्साहन देने सम्बंधी 14 प्रमुख सेक्टरों में दो लाख करोड़ रुपए मूल्य की पीएलआई योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने हितधारकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे नागरिक सेवाओं, ई-अपशिष्ट प्रबंधन, चक्रीय अर्थव्यवस्था और इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में ऑप्टिकल फाइबर के इस्तेमाल जैसे विषयों पर व्यावहारिक सुझाव दें।

# यूक्रेन संकट : मोदी, मैकों ने जल्द से जल्द संघर्ष विराम की जरूरत पर सहमति जताई

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुअल मैक्रों के बीच मंगलवार को टेलीफोन पर बातचीत हुई जो यूक्रेन के खिलाफ रूसी आक्रमण पर केंद्रित रही और दोनों नेताओं ने जल्द से जल्द संघर्षविराम के महत्व पर सहमति व्यक्त की। मोदी और मैकों के बीच चर्चा के एक दिन बाद भारत में फ्रांस के दूतावास ने अपने बयान में यह बात कही। बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने निर्बाध मानवीय सहायता तक पहुंच सुनिश्चित करने के महत्व को रेखांकित किया और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित सभी मंचों पर संकट को लेकर करीबी समन्वय बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेताओं की बातचीत के दौरान यूक्रेन के खारकीव शहर में गोलाबारी में एक भारतीय छात्र की दुखद मौत का विषय भी उठा। इसमें कहा गया है, बातचीत यूक्रेन के खिलाफ रूसी आक्रमण पर केंद्रित रही, खासतौर पर नागरिक आबादी पर इसके पड़ने वाले प्रभाव को लेकर, वह भी ऐसे समय में जब गोलाबारी के परिणामस्वरूप खारकीव में एक युवा भारतीय नागरिक की दुखद मौत हो गई। मैकों यूरोपीय संघ के उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जो यूक्रेन संकट के समाधान के लिए कूटनीतिक प्रयासों में जुटे हैं। फ्रांस के दूतावास ने कहा, फ्रांस के राष्ट्रपति और भारत के प्रधानमंत्री ने जल्द से जल्द संघर्षविराम करने के महत्व तथा निर्वाध मानवीय सहायता तक पहुंच को लेकर, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित सभी मंचों पर करीबी समन्वय सुनिश्चित करने पर सहमति व्यक्त की। वहीं, मंगलवार को भारत सरकार के बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने यूक्रेन में जारी युद्ध व इससे बिगड़ती मानवीय स्थिति पर चिंता प्रकट की तथा युद्ध के अंत और वार्ता व कूटनीति की ओर लौटने की भारत की अपील दोहराई। इसमें कहा गया कि चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत मानता है कि अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और सभी देशों की क्षेत्रीय एकता व अखंडता के प्रति सम्मान समकालीन विश्व व्यवस्था को मजबूती देता है। प्रधानमंत्री ने रूस और यूक्रेन की बीच वार्ता का स्वागत किया तथा मुक्त और गैरबाधित मानवीय सहायता पहुंच सुनिश्चित करने के साथ ही लोगों की आवाजाही को सुगम बनाने पर जोर दिया। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की ओर से युद्ध प्रभावित क्षेत्र से अपने नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने और वहां प्रभावित लोगों के लिए दवाइयों के साथ ही आवश्यक राहत सामग्री भेजने के भारत के प्रयासों से भी राष्ट्रपति मैक्रों को अवगत कराया।

## यूक्रेन के सूमी शहर के विश्वविद्यालय में 600 भारतीय छात्र फंसे

**नागपुर।** युद्धग्रस्त यूक्रेन के उत्तरी-पूर्व हिस्से में स्थित शहर सूमी के एक विश्वविद्यालय में 600 से अधिक भारतीय छात्र फंसे हैं और जल्द से जल्द वहां से सकुशल निकाल लिए जाने की आस लगाए बैठे हैं, क्योंकि रूसी सेना के लगातार हमले से वे लोग बहुत ही डरे हुए हैं। उन विद्यार्थियों में से एक ने यह जानकारी दी। महाराष्ट्र के नागपुर निवासी विराज वाल्डे ने बुधवार को पीटीआई-भाषा को फोन पर बताया कि सूमी राज्य विश्वद्यालय के किसी भी भारतीय विद्यार्थी को वहां से निकाला नहीं जा सका है। यह विश्वद्यालय रूसी सीमा के काफी निकट है। विराज इस विश्वद्यालय के मेडिकल पाठ्यक्रम में चतुर्थ वर्ष के छात्र हैं। उन्होंने कहा, सूमी विश्वविद्यालय में 600 से अधिक भारतीय विद्यार्थी फंसे हैं। दूतावास ने न तो अभी तक हमलोगों को वहां से निकाला है, न ही इस बारे में कोई आश्वासन ही दिया है। शहर में पिछले पांच दिनों से लगातार गोलाबारी और बमबारी हो रही है।

# कर्नाटक के छात्र की मौत ने भाजपा की तैयारियों की पोल खोल दीः सिद्दरमैया

**भाषा।** बेंगलुरु



**भारतीय** जनता पार्टी के नेताओं पर यूक्रेन संकट के दौरान अपने प्रचार में लगे रहने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता सिद्दरमैया ने कहा कि युद्धग्रस्त देश में कर्नाटक के एक छात्र की मौत ने केंद्र सरकार की तैयारियों और विदेश मंत्रालय द्वारा स्थिति का आकलन करने में नाकामी की पोल खोल दी है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यूक्रेन में भारत के करीब 20,000 छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के पास इस साल जनवरी की शुरुआत में तनाव शुरू होने से लेकर फरवरी में सैन्य संघर्ष शुरू होने तक उन्हें निकालने का काफी समय था। सिद्दरमैया ने पूछा, यूक्रेन के आसपास रूसी सैनिकों का जमावड़ा नवंबर 2021 में शुरु हो गया था। सरकार ने छात्रों को यूक्रेन छोड़ने के लिए पर्याप्त परामर्श जारी करने और उन्हें वापस भारत लाने में आवश्यक बंदोबस्त करने में देरी क्यों की? सरकार ने सैन्य संघर्ष शुरु होने के बाद ही यह प्रक्रिया शुरू क्यों की? विधानसभा में विपक्ष के नेता ने दावा किया कि भारत ने पहला परामर्श 15 फरवरी को जारी किया जिसमें यूक्रेन के विभिन्न हिस्सों में रह रहे भारतीयों की जानकारियां मांगी गई, जबकि कई अन्य देशों ने इससे पहले ही यह कवायद शुरू कर दी थी। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि भारत ने संघर्षरत इलाकों से अपने नागरिकों को निकाला है। उन्होंने कहा कि 2011 में बेहद कम समय में लीबिया से 15,000 से अधिक लोगों को निकाला लेकिन भाजपा सरकार की ढिलाई से मौजूदा संकट के दौरान यूक्रेन में भारतीय छात्रों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। कांग्रेस नेता ने कहा, भाजपा सरकार वह क्यों नहीं कर पाई जो पिछली सरकारें कर सकी थीं? अगर भाजपा ने तेजी दिखाई होती तो नवीन हमारे साथ जीवित होता और 20,000 छात्रों को मानसिक परेशानी झेलने से बचाया जा सकता था। सिद्दरमैया ने कहा कि संघर्षरत क्षेत्र में छात्र एक वक्त के भोजन के लिए भी मशक्कत कर रहे हैं।

# खारकीव में भारतीय छात्र की मौत के मामले की जांच करेगा रूसः दूत

**भाषा।** नई दिल्ली

**रूस,** यूक्रेन के खारकीव शहर में मेडिकल के 21 वर्षीय भारतीय छात्र की मौत के मामले की जांच करेगा। भारत में रूस के राजदूत पद के लिए नामित डेनिस अलीपोव ने यह जानकारी दी। खारकीव नेशनल मेडिकल यूनिवर्सिटी में चौथे वर्ष के मेडिकल के छात्र नवीन शेखरप्पा ज्ञानगौदर की मंगलवार को खारकीव में भारी गोलाबारी में मौत हो गई थी।

घटना के बाद भारत ने रूस और यूक्रेन दोनों देशों के दूतों से उन भारतीय नागरिकों के लिए तत्काल सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के लिए कहा जो अभी भी खारकीव और अन्य संघर्ष क्षेत्रों में फंसे हैं।अलीपोव ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, मैं नवीन शेखरप्पा ज्ञानगौदर के परिवार और पूरे भारतीय राष्ट्र के प्रति संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं। उन्होंने कहा, रूस गहन संघर्ष वाले क्षेत्रों में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा... और इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की उचित जांच करेगा। नवीन कर्नाटक के हावेरी जिले के चलगेरी के रहने वाले थे। विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने मंगलवार की रात कहा कि नवीन के शव की पहचान कर ली गई है और उसे विश्वविद्यालय के मुर्दाघर में ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय अधिकारी खारकीव में स्थानीय प्रशासन के संपर्क में हैं ताकि शव को वापस लाया जा सके। श्रृंगला ने कहा कि नवीन के दोस्तों के अनुसार, वह किराने का कुछ सामान खरीदने के लिए बाहर गया था और एक दुकान पर कतार में लगा हुआ था कि उसी दौरान वह गोलाबारी की चपेट में आ गया।

# एक्सप्रेस ट्रेन में विदेशी महिला के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में सेना का जवान गिरफ्तार

**भाषा।** ठाणे

**महाराष्ट्र** के कल्याण में रेलवे पुलिस ने तीन साल पहले एक्सप्रेस ट्रेन में विदेशी नागरिक से कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के मामले में सेना के एक जवान को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

कल्याण रेलवे पुलिस के वरिष्ठ निरीक्षक शार्दुल वाल्मीकि ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर सेना के जवान सतीश टी को महाराष्ट्र के ठाणे जिले के कल्याण शहर में एक घर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने 14 फरवरी, 2019 को कल्याण और कसारा स्टेशनों के बीच गोवा-निजामुद्दीन एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा कर रही एक पुर्तगाली महिला से कथित तौर पर छेड़छाड़ की थी। केरल का रहने वाला आरोपी पीड़िता के साथ उसी डिब्बे में यात्रा कर रहा था। अधिकारी ने कहा कि महिला ने भारतीय दूतावास में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत को बाद में जांच के लिए कल्याण रेलवे पुलिस स्टेशन भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज और महिला द्वारा मुहैया कराए गए ब्यौरे के आधार पर पुलिस ने जवान की पहचान कर ली है। पुलिस ने कहा कि आरोपी को जब यह संकेत मिला कि पुलिस उसकी तलाश कर रही है, तो उसने कल्याण सत्र अदालत में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन किया, जिसे खारिज कर दिया गया।

# रूस पर अमेरिका के प्रतिबंधों से हम पर खास असर नहीं पड़ेगाः वायु सेना उप प्रमुख

**भाषा।** नई दिल्ली

**वायु** सेना उप प्रमुख एयर मार्शल संदीप सिंह ने बुधवार को कहा कि रूस पर अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण भारतीय वायु सेना (आईएएफ) पर खास प्रभाव नहीं पड़ेगा और भारत के दोनों देशों के साथ संबंध मजबूत हैं।

हालांकि उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना को रूस से भारत को रक्षा उपकरणों के लिए कल-पुर्जे प्राप्त करने में एक या दो महीने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। लगभग 70 प्रतिशत भारतीय रक्षा उपकरण रूस के हैं। रूस ने 24 फरवरी को यूक्रेन के खिलाफ सैन्य हमला शुरू किया था। अमेरिका समेत पश्चिमी देशों ने इस हमले के बाद रूस पर कड़े आर्थिक एवं अन्य प्रतिबंध लगाए गए हैं। सिंह ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम जानते हैं कि (इस समय) भू-राजनीतिक स्थिति कठिन है, रूस के साथ हमारे संबंध बरकरार रहेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या रूस पर अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण भारतीय वायु सेना पर कोई असर पड़ेगा, सिंह ने कहा, चीजें अभी सामने आ रही हैं। हमारी स्थिति बहुत मजबूत हैं और दोनों देशों के साथ हमारे संबंध (मजबूत) रहे हैं और आपने यह देखा है। उन्होंने कहा, हम स्थिति का आकलन कर रहे हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि कुछ मुश्किलें होंगी, लेकिन मुझे लगता है कि इनसे हम पर बहुत असर नहीं पड़ना चाहिए। मुझे भरोसा है कि इसके कारण हम पर खास असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना कलपुर्जों और उपकरणों के शत-प्रतिशत स्वदेशीकरण का लक्ष्य लेकर चल रही है। उन्होंने कहा, इसे 100 प्रतिशत की सीमा तक पहुंचने में समय लगेगा।

# डब्ल्यूएचओ ने जन्मजात विकारों के बारे में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**विश्व** जन्म दोष दिवस पर डब्ल्यूएचओ और उसके सदस्य देशों ने वैश्विक स्तर पर सभी जन्मजात विकारों के बारे में जागरूकता फैलाने और गुणवत्तापूर्ण देखभाल व उपचार तक पहुंच बढ़ाने का आह्वान किया है। दक्षिण-पूर्व एशिया में डब्ल्यूएचओ की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. पूनम खेत्रपाल सिंह ने बताया कि 2019 में जन्म दोषों के कारण वैश्विक स्तर पर 5,30,000 से अधिक मौतें हुईं, जिसमें इस क्षेत्र में ।,17,000 से अधिक मौतें शामिल हैं, जो वैश्विक स्तर पर हुई कुल मौतों का लगभग 22 प्रतिशत है।

सिंह के मुताबिक, जन्मजात विकार दक्षिण-पूर्व एशिया में बच्चों की मौत का तीसरा, जबकि नवजातों की मौत का चौथा सबसे बड़ा कारण हैं और 12 फीसदी नवजातों की मौत के लिए यही जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि मौत के अलावा जन्म दोष दीर्घकालिक रुग्णता और निशक्तता का कारण बन सकते हैं, जिससे निम्न और मध्यम आय वाले देशों में स्वास्थ्य प्रणाली के अलावा सामाजिक और पारिवारिक संसाधन बुरी तरह से प्रभावित हो सकते हैं। सिंह के अनुसार, डब्ल्यूएचओ दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र के सभी देशों में विश्व जन्म दोष दिवस (डब्ल्यूबीडीडी) आंदोलन को तेज करते हुए जन्मजात विकारों के निवारण, निगरानी, देखभाल और अनुसंधान को बढ़ावा देने के प्रयासों को गति देना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि कोविड-19 से जंग के बीच डब्ल्यूएचओ स्वास्थ्य क्षेत्र के सभी पहलुओं में हुई प्रगति की रक्षा, बचाव और प्रसार के लिए दक्षिण-पूर्व एशिया के सभी देशों का समर्थन करना जारी रखेगा। सिंह ने दावा किया कि 2014 से मातृ, नवजात और पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर में लगातार आ रही कमी को जारी रखना डब्ल्यूएचओ की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य देशों ने जन्म दोषों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कार्य योजनाएं बना रखी हैं और अस्पताल-आधारित जन्मजात विकार निगरानी कार्यक्रम शुरू किया है। सिंह ने बताया कि छह सदस्य देशों-बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, म्यांमार और नेपाल-ने डब्ल्यूएचओ समर्थित ऑनलाइन निगरानी डाटाबेस को उच्च गुणवत्ता वाला डाटा मुहैया कराना जारी रखा है।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मोहम्मद अहमद, शकील अहमद, सी 201/1, प्रथम तल, रोड नंबर 8, शाहीन बाग, निकट आईसीआईसीआई बैंक एटीएम, जामिया नगर, ओखला, नई दिल्ली खाता नंबर :- LBPNC00002040838 | विला नंबर आर023एस60074, एस 6 टावर, अप कंट्री टीएस-1, सेक्टर-17 ए, यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (वाईईए), नोएडा, उत्तर प्रदेश | 29-01-2022 रू. 66,48,013/- | 09-11-2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 03 मार्च, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वीरेंद्र कुमार गोगिया/ रुशील गोगिया/ सुमन गोगिया/ LBDEL00003339111 | प्लॉट नंबर-डी/111, ब्लॉक-डी, प्रथम तल पंचशील एन्क्लेव, दिल्ली मस्जिद मोठ आवासीय योजना की लेआउट योजना में दिल्ली-110017/ 28 फरवरी, 2022 | दिसम्बर 06, 2021 ₹ 2,75,75,070/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मार्च 03, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

एक्सिस बैंक लिमिटेड

स्वर्ण आभूषणों के रूप में बंधक आस्तियों की ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

कर्जदारों को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि एक्सिस बैंक द्वारा नीचे वर्णित खातों में बंधक स्वर्ण आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी नीचे वर्णित शाखाओं में की जानी प्रस्तावित है।

नीचे वर्णित कर्जदारों ने बैंक के पक्ष में स्वर्ण आभूषण बतौर प्रतिभूति बंधक रखकर एक्सिस बैंक से क्रेडिट सुविधा ("स्वर्ण ऋण सुविधा") प्राप्त की है। कर्जदारों/गारंटरों को मांग सूचनाएं जारी की गई थीं, जिनमें कर्जदारों/गारंटरों से उनके द्वारा प्राप्त की गई स्वर्ण ऋण सुविधा के संबंध में बकाया राशि चुकाने की मांग की गई थी। जबकि कर्जदार/गारंटर बकाया ऋण राशि चुकाने में असफल रहे हैं, बैंक बंधक का आह्वान करने हेतु बाध्य है तथा बंधक स्वर्ण आभूषणों, जिनका अधिक विशिष्ट वर्णन यहां नीचे सम्पत्ति की अनुसूची में किया गया है, की ई-नीलामी दिनांक 14-03-2022 को अप. 12.30 बजे से अप. 3.30 बजे तक "जैसा है जहां है", जो है जैसा है", जो है वहां है" और "कोई उपाय नहीं आधार" पर संचालित की जानी प्रस्तावित है।

कर्जदारों और बकाया राशि का विस्तृत विवरण

| क्र. सं. | शाखा का नाम | ग्राहक का नाम | ऋण खाता संख्या | बकाया राशि | प्रत्याह्वान की तिथि | सकल भार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| शाखा का नाम : अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 1. | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | अब्दुल लतीफ | XXXXXXXXXXX0818 | 366050 | 24-01-22 | 110.9 |
| 2. | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | माखन चंद | XXXXXXXXXXX0984 | 123763 | 5-02-22 | 57.2 |
| 3. | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | राघवेन्द्र चौबे | XXXXXXXXXXX9427 | 28399 | 25-03-21 | 16 |
| शाखा का नाम : अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 4. | बाली नगर, नई दिल्ली (डीएल) | आशीष कुमार मिश्रा | XXXXXXXXXXX5363 | 179010 | 5-02-22 | SOL ID IS NOT IN CASLITE |
| शाखा का नाम : दरियागंज, दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 5. | दरियागंज, दिल्ली (डीएल) | वीरेन्द्र कुमार | XXXXXXXXXXX4256 | 178968 | 20-05-21 | 57.8 |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद (एचआर) | | | | | | |
| 6. | फरीदाबाद (एचआर) | उदय कुमार | XXXXXXXXXXX7294 | 123265 | 7-01-21 | 46.2 |
| 7. | फरीदाबाद (एचआर) | अमर जीत | XXXXXXXXXXX5657 | 102647 | 22-01-21 | 28.5 |
| 8. | फरीदाबाद (एचआर) | प्रेमवती | XXXXXXXXXXX2088 | 30946 | 24-01-22 | 11.1 |
| शाखा का नाम : गाजियाबाद (यूपी) | | | | | | |
| 9. | गाजियाबाद (यूपी) | मोहम्मद शाहिद | XXXXXXXXXXX9929 | 186042 | 7-01-22 | 67.3 |
| शाखा का नाम : ज्योति नगर, दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 10. | ज्योति नगर दिल्ली (डीएल) | रोमा | XXXXXXXXXXX3938 | 387947 | 7-01-22 | SOL ID IS NOT IN CASLITE |
| शाखा का नाम : लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 11. | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | संजय कुमार तेवतिया | XXXXXXXXXXX0251 | 333232 | 24-01-22 | 126.6 |
| 12. | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | ओम प्रकाश रॉय | XXXXXXXXXXX6948 | 61374 | 15-02-21 | 20.2 |
| 13. | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | विजय चौधरी | XXXXXXXXXXX9433 | 52143 | 7-01-22 | 20.1 |
| 14. | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | योगेन्द्र कुमार | XXXXXXXXXXX1341 | 45074 | 23-11-21 | 26.2 |
| शाखा का नाम : मीरा बाग, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 15. | मीरा बाग, नई दिल्ली (डीएल) | अर्चना | XXXXXXXXXXX6925 | 150905 | 05-02-22 | 99.9 |
| शाखा का नाम : नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 16. | नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | रिछ पाल सिंह | XXXXXXXXXXX6214 | 34680 | 16-04-21 | 11.5 |
| शाखा का नाम : न्यू फ्रेन्ड्स कालोनी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 17. | न्यू फ्रेन्ड्स कालोनी, नई दिल्ली | मुरली कुमार झा | XXXXXXXXXXX8746 | 146222 | 5-02-22 | 52.7 |
| 18. | न्यू फ्रेन्ड्स कालोनी, नई दिल्ली | मोहम्मद अशरफ | XXXXXXXXXXX6718 | 116823 | 24-01-22 | 42.3 |
| शाखा का नाम : नोएडा (यूपी) | | | | | | |
| 19. | नोएडा (यूपी) | अभय राज मिश्रा | XXXXXXXXXXX6156 | 158239 | 07-01-22 | 61.7 |
| 20. | नोएडा (यूपी) | प्रीति बाला | XXXXXXXXXXX3397 | 116838 | 22-06-21 | 42.1 |
| 21. | नोएडा (यूपी) | राम कुमार चौधरी | XXXXXXXXXXX6929 | 71323 | 24-01-22 | 25 |
| शाखा का नाम : पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | | | | | | |
| 22. | पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | पूनम सिंह | XXXXXXXXXXX5377 | 81370 | 5-02-22 | 25.6 |
| शाखा का नाम : रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 23. | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | रागेन्द्र कुमार अग्रवाल | XXXXXXXXXXX0178 | 430107 | 23-11-21 | 193.3 |
| शाखा का नाम : सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | | | | | | |
| 24. | सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | हरकेश | XXXXXXXXXXX8777 | 65005 | 27-11-20 | 17.22 |
| 25. | सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | हरकेश | XXXXXXXXXXX1063 | 46022 | 27-11-20 | 13.82 |
| शाखा का नाम : सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | | | | | | |
| 26. | सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | विनोद कुमार (16013565 एम) | XXXXXXXXXXX4547 | 302296 | 5-02-22 | 103.8 |
| 27. | सेक्टर 14, गुरूग्राम (एचआर) | अल्का चौधरी | XXXXXXXXXXX2607 | 257440 | 7-01-22 | 98.5 |
| 28. | सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | अल्का चौधरी | XXXXXXXXXXX2760 | 206084 | 24-01-22 | 76.1 |
| शाखा का नाम : सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | | | | | | |
| 29. | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | चंदन सिंह पठानिया | XXXXXXXXXXX2783 | 220718 | 24-01-22 | 147.5 |
| 30. | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर)) | नितिन जिंदल | XXXXXXXXXXX1618 | 173680 | 18-01-21 | 61.1 |
| 31. | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | जीतू कुमार सिंह | XXXXXXXXXXX1377 | 129000 | प्रत्याह्वान संबद्ध एनपीए 27-7-21 | 46 |
| 32. | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | बृजबल्लभ शर्मा | XXXXXXXXXXX5422 | 96439 | 20-05-21 | 34 |
| 33. | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | नितिन जिंदल | XXXXXXXXXXX8953 | 66317 | 12-08-21 | 30.3 |
| शाखा का नाम : शाहदरा, दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 34. | शाहदरा, दिल्ली (डीएल) | अमित यादव | XXXXXXXXXXX8366 | 59524 | 24-01-22 | 31 |
| शाखा का नाम : स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 35. | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | रवि कुमार | XXXXXXXXXXX3491 | 186914 | 27-11-20 | 71.2 |
| 36. | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | योगेश कुमार शर्मा | XXXXXXXXXXX1432 | 143755 | 20-05-21 | 84.7 |
| 37. | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | अजय कुमार | XXXXXXXXXXX8019 | 57821 | 30-04-21 | 31 |
| शाखा का नाम : तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 38. | तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | रचना मलिक | XXXXXXXXXXX6659 | 399379 | 24-01-22 | 144.3 |
| 39. | तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | विजय बाबू | XXXXXXXXXXX3734 | 63104 | 03-12-21 | 21.5 |
| शाखा का नाम : वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | | | | | | |
| 40. | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | दीपक त्यागी | XXXXXXXXXXX6531 | 337223 | 07-01-22 | 120.4 |
| 41. | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | प्रमेन्द्र सिंह | XXXXXXXXXXX0622 | 378947 | 22-06-21 | 108.2 |
| 42. | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | रीना तिवारी | XXXXXXXXXXX7637 | 290841 | 3-12-21 | 99 |
| 43. | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | जितेन्द्र कुमार | XXXXXXXXXXX6301 | 217496 | 5-02-22 | 75.6 |
| 44. | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | अंकित गर्ग | XXXXXXXXXXX7924 | 86515 | 25-03-21 | 19.9 |
| 45. | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | मानसी पांचाल | XXXXXXXXXXX8455 | 40483 | 24-01-22 | 16.4 |
| शाखा का नाम : विकासपुरी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | | |
| 46. | विकासपुरी, नई दिल्ली (डीएल) | विनीत यादव | XXXXXXXXXXX5046 | 80992 | 7-02-22 | 31.2 |

एक्सिस बैंक लिमिटेड को बिना कोई पूर्व सूचना दिए खाता हटाने/नीलामी की तिथि परिवर्तित करने का अधिकार है। नीलामी https://gold.samil.in पर अप. 12.30 बजे से अप. 03.30 बजे के बीच ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट https://gold.samil.in पर लॉगइन करें।

स्थान : दिल्ली
तिथि : 03-03-2022

प्राधिकृत अधिकारी
एक्सिस बैंक लिमिटेड

# सेंसेक्स 778 अंक टूटा, निफ्टी भी फिसला

भाषा। मुंबई

**यूक्रेन संकट** गहराने के साथ वैश्विक बाजारों में बड़े पैमाने पर हुई बिकवाली की वजह से घरेलू शेयर बाजारों में दो दिनों से जारी तेजी का दौर बुधवार को थम गया। इस दौरान सेंसेक्स में 778 और निफ्टी में 188 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत में आई तीव्र गिरावट, विदेशी निवेशकों के बिकवाल बने रहने और लचर वृहद-आर्थिक आंकड़ों से घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का रुख रहा।

तीस शेयरों वाला सेंसेक्स की शुरुआत कमजोर स्तर पर हुई और दिन में यह करीब 1,200 अंक तक लुढ़क गया था। कारोबार के अंत में 778.38 अंक यानी 1.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 55,468.90 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई का निफ्टी 187.95 अंक यानी 1.12 प्रतिशत फिसलकर 16,605.95 अंक पर आ गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में मारुति सुजुकी को सर्वाधिक छह प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा। फरवरी के बिक्री आंकड़े बहुत अच्छे नहीं होने से मारुति सुजुकी के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। डॉ रेड्डीज, एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक के अलावा अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी भारी बिकवाली के असर में नुकसान के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, टाटा स्टील, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, नेस्ले इंडिया और एक्सिस बैंक के शेयर 5.54 प्रतिशत तक लाभ कमाने में सफल रहे। कच्चे तेल के दाम 110 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचने से रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 1.67 प्रतिशत चढ़ गए। हालांकि सेंसेक्स की 30 में से 23 कंपनियां घाटे में रहीं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, यूक्रेन युद्ध का दायरा बढ़ने से वैश्विक बाजार गिरावट पर रहे। इसके दबाव में भारतीय बाजारों में भी खासी कमजोरी देखी गई। नकारात्मक प्रभाव बड़ी कंपनियों के शेयरों पर अधिक देखा गया। हालांकि मिडकैप और स्मालकैप शेयरों का प्रदर्शन बेहतर रहा। उन्होंने कहा, मध्यम से दीर्घावधि में अपने पोर्टफोलियो में अधिशेष नकदी लगाना समझदारी हो सकती है लेकिन निकट अवधि में उठापटक की आशंका है। कच्चे तेल के ऊंचे दाम, विधानसभा चुनावों के नतीजे और फेडरल रिजर्व के फैसले पर आने वाले हफ्तों में नजरें टिकी रहेंगी। एम्के ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज के बिक्री प्रमुख एस हरिहरन ने कहा कि बाजार फिलहाल कई वृहद गतिरोधों के बीच फंसा हुआ है।







# कीमतें बढ़ने से दैनिक उपयोग के सामान की खपत पर पड़ा असर: नीलसन

भाषा। नई दिल्ली

**रोजमर्रा के** इस्तेमाल वाले उत्पाद बनाने वाली भारतीय कंपनियों (एफएमसीजी) को वर्ष 2021 में मुद्रास्फीति की वजह से शहरी बाजारों में खपत में सुस्ती और ग्रामीण क्षेत्रों में गिरावट की स्थिति का सामना करना पड़ा। आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली फर्म नीलसन ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि ऊंची मुद्रास्फीति से परेशान इन कंपनियों को बार-बार कीमतों में वृद्धि करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। हालत यह हो गई कि वर्ष 2021 में एफएमसीजी उद्योग को लगातार तीन तिमाहियों में अपने मार्जिन को बचाने के लिए दहाई अंक में दाम बढ़ाने पड़े। इसकी वजह से वर्ष 2020 की तुलना में बीते साल कीमत-नियंत्रित वृद्धि 17.5 फीसदी पर पहुंच गई। नीलसन आईक्यू की खुदरा बुद्धिमत्ता टीम की बनाई गई एफएमसीजी स्नैपशॉट रिपोर्ट कहती है कि अक्टूबर-दिसंबर 2021 तिमाही में भी एफएमसीजी उद्योग को मुद्रास्फीति दबावों की वजह से खपत में 2.6 प्रतिशत की गिरावट का सामना करना पड़ा। इसके मुताबिक, वर्ष 2021 के दौरान बढ़ी हुई मुद्रास्फीति ने लगातार तीन तिमाहियों में दहाई अंकों में कीमतें बढ़ाने के लिए कंपनियों को मजबूर किया था। इससे शहरी बाजारों में खपत में सुस्ती आई जबकि ग्रामीण बाजारों में खपत गिर गई। एफएमसीजी कंपनियों की कुल बिक्री में करीब 35 प्रतिशत हिस्सा ग्रामीण बाजारों का है। कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के बाद इस पर तगड़ी मार पड़ी और एचयूएल समेत कई एफएमसीजी कंपनियों के तिमाही नतीजों में ग्रामीण बिक्री में नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। नीलसन की रिपोर्ट कहती है कि कीमतें बढ़ने से छोटे उत्पादकों पर असर पड़ रहा है।

## क्विक न्यूज

### आपूर्ति बढ़ने के बावजूद तेल के वैश्विक दाम पांच डॉलर प्रति बैरल बढ़े

**बीजिंग।** अमेरिका समेत अन्य प्रमुख देशों की सरकारों द्वारा रणनीतिक भंडारों से तेल जारी करने की प्रतिबद्धता भी रूस के यूक्रेन पर हमले के कारण सकते में आए बाजारों को शांत करने में विफल रही और बुधवार को तेल की वैश्विक कीमतों में पांच डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि हो गई। अमेरिकी मानक कच्चे तेल का दाम 5.24 डॉलर प्रति बैरल बढ़कर 108.60 पर पहुंच गया। वहीं अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 5.43 डॉलर बढ़कर 110.40 डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले, मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के सभी 31 सदस्य देशों ने अपने रणनीतिक भंडारों से 6 करोड़ बैरल तेल जारी करने पर सहमति जताई थी। उन्होंने तेल बाजार को यह संकेत देने के लिए यह कदम उठाया कि रूस के यूक्रेन पर हमले से तेल आपूर्ति में कोई कमी नहीं होगी। हालांकि यह कदम भी तेल के दूसरे सबसे बड़े निर्यातक रूस से आपूर्ति में व्यवधान को लेकर उपजी चिंताएं शांत नहीं कर पाया।

### एनआईएसीएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अतुल सहाय सेवानिवृत्त हुए

**नई दिल्ली।** न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एनआईएसीएल) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अतुल सहाय का कार्यकाल 28 फरवरी 2022 को समाप्त हो गया है। एनआईएसीएल ने बुधवार को शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। इसमें उसने नए सीएमडी की नियुक्ति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। वित्त मंत्रालय ने दिसंबर 2018 के आदेश के मुताबिक सहाय को पांच साल के कार्यकाल के लिए एनआईएसीएल का सीएमडी बनाया गया था। शेयर बाजारों को दी अन्य जानकारी में एनआईएसीएल ने कहा कि राजेश दुआ की सेवानिवृत्ति के बाद पंकज अग्रवाल कंपनी के नए मुख्य निवेश अधिकारी बन गए है।

### आयकर विभाग ने चालू वित्त वर्ष में अब तक 1.83 लाख करोड़ रुपए लौटाए

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने बुधवार को कहा कि उसने चालू वित्त वर्ष में अब तक 2.09 करोड़ करदाताओं को 1.83 लाख करोड़ रुपए लौटाए है। इसमें 2020-21 में 34,202.31 करोड़ रुपए के 1.70 करोड़ रिफंड भी शामिल हैं। आयकर विभाग ने ट्विटर पर कहा, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक अप्रैल, 2021 से 28 फरवरी, 2022 के बीच 2.09 करोड़ करदाताओं को1,83,579 करोड़ रुपए से अधिक राशि लौटाई है। रिफंड के तहत 2.07 करोड़ व्यक्तिगत करदाताओं को 65,938 करोड़ रुपए तथा कंपनी कर श्रेणी के 2.30 लाख मामलों में 1.17 लाख करोड़ रुपए से अधिक लौटाए गए।

### वोलोपे 1.5 करोड़ डॉलर के निवेश के साथ भारतीय बाजार में कदम रखेगी

**नई दिल्ली।** सिंगापुर की फिनटेक कंपनी वोलोपे भारत में परिचालन शुरू करने के लिए अगले 12 महीने में 1.5 करोड़ डॉलर (करीब 113 करोड़ रुपए) का निवेश करेगी। कंपनी ने विदेश में कारोबार का विस्तार करने के लिए 2.9 करोड़ डॉलर की राशि जुटाई है। वोलोपे के संस्थापक सदस्य रोहित भागेरिया ने पीटीआई-भाषा को बताया, अभी सिंगापुर और ऑस्ट्रेलिया में हमारी मौजूदगी है और अगले छह महीने में हम भारत, इंडोनेशिया, फिलीपीन तथा वियतनाम में विस्तार करने जा रहे हैं। भारत में अगले 12 महीने में हम 1.5 करोड़ डॉलर का निवेश करेंगे। यह वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी अन्य कंपनियों को भुगतान प्रबंधन प्रौद्योगिकी उपलब्ध करवाती है।

### अगले हफ्ते से बढ़ सकते हैं पेट्रोल और डीजल के दाम

**नई दिल्ली।** देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के अगले सप्ताह समाप्त होने के साथ ही पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने शुरू हो सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो चुकी है। इससे तेल कंपनियों को सामान्य मार्जिन हासिल करने को लेकर पेट्रोल-डीजल के दाम में नौ रुपए प्रति लीटर बढ़ोतरी करने की जरूरत है। रूस से तेल की आपूर्ति में व्यवधान की आशंका से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल का दाम 2014 के बाद पहली बार 110 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गए। पेट्रोलियम मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के मुताबिक, भारत जो कच्चा तेल खरीदता है उसके दाम एक मार्च को 102 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो गए। ईंधन का यह मूल्य अगस्त 2014 के बाद सबसे ज्यादा है। पिछले साल नवंबर की शुरुआत में जब पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि पर लगाम लगी थी, तब कच्चे तेल की औसत कीमत 81.5 डॉलर प्रति बैरल थी। ब्रोकरेज कंपनी जे.पी. मॉर्गन ने एक रिपोर्ट में कहा, अगले हफ्ते तक राज्यों के विधानसभा चुनाव समाप्त हो जाएंगे। अनुमान है कि इसके बाद ईंधन की दरें दैनिक आधार पर बढ़ सकती हैं। उत्तर प्रदेश मे सातवें और अंतिम चरण का मतदान सात मार्च को होगा तथा उत्तर प्रदेश समेत सभी पांच राज्यों के लिए मतगणना 10 मार्च को होनी है। कच्चे तेल के दाम चढ़ने से सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम को पेट्रोल और डीजल पर 5.7 रुपए प्रति लीटर का घाटा उठाना पड़ रहा है। जे.पी. मॉर्गन के मुताबिक तेल विपणन कंपनियों को सामान्य विपणन मुनाफा प्राप्त करने के लिए खुदरा कीमतों में 9 रुपए प्रति लीटर या 10 प्रतिशत की वृद्धि करने की आवश्यकता है। घरेलू स्तर पर ईंधन की कीमतों में लगातार 118 दिन से कोई बदलाव नही किया गया है।

### सेबी ने एनएसई मामले में किसी भी आदेश को हल्का नहीं किया: अजय त्यागी

**मुंबई।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मामले में सेबी के आदेश के परीक्षण की सरकार की तरफ से मंशा जताए जाने के कुछ दिनों बाद सेबी के निवर्तमान प्रमुख अजय त्यागी ने बुधवार को कहा कि नियामक ने अपने किसी भी अर्द्ध-न्यायिक निर्णय को हल्का नही किया। उनका यह बयान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के उस वक्तव्य के संदर्भ में खासी अहमियत रखता है जिसमें कहा गया था कि सरकार एनएसई के मामले में सेबी की तरफ से उठाए गए कदम का परीक्षण कर यह देख रही है कि जरूरी दंडात्मक कदम उठाए गए या नही। सीतारमण ने कुछ दिनों पहले कहा था कि सरकार एनएसई मामले में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के कदम का परीक्षण कर रही है कि उसने सही दिमाग लगाकर उचित कदम उठाए है या नही। पांच साल तक सेबी के प्रमुख रहने वाले त्यागी ने इस बयान के संदर्भ में कहा कि सेबी ने इस मामले मे अपनी समझ और प्रभाव-क्षेत्र के हिसाब से काम किया है। उन्होंने कहा कि कई अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियां भी इस मामले की जांच कर रही है। त्यागी ने कहा, अब तक जो तथ्य और निष्कर्ष सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है वे सेबी की खोजबीन पर आधारित है जिनका उसने अपने आदेश मे खुलासा किया था। हमें अन्य एजेंसियों की जांच का भी इंतजार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेबी अन्य एजेंसियो के साथ सहयोग कर रहा है और उनके द्वारा मांगी गई जानकारी भी उपलब्ध करवा रहा है। त्यागी ने माधवी पुरी बुच को सेबी की कमान सौंपने के बाद संवाददाताओं से कहा कि एनएसई से जुड़ा विवाद 2010-15 के बीच का है और सेबी ने इसके को-लोकेशन मामले मे अपना पहला आदेश अप्रैल 2019 मे ही दे दिया था।

# यूक्रेन संकट की वजह से एलआईसी के आईपीओ को टाल सकती है सरकार

भाषा। नई दिल्ली

**रूस-यूक्रेन संकट** गहराने से वैश्विक वित्तीय बाजारों पर पड़ रहे दुष्प्रभाव को देखते हुए सरकार भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मेगा आईपीओ को कुछ समय के लिए स्थगित कर अपनी हिस्सेदारी का अधिकतम मूल्य प्राप्त करने के लिए उपयुक्त समय की प्रतीक्षा कर सकती है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सरकार से जुड़े एक सूत्र ने बुधवार को कहा, रूस-यूक्रेन विवाद अब पूरी तरह युद्ध का रूप ले चुका है लिहाजा हमें एलआईसी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की दिशा में आगे बढ़ने के लिए स्थिति का आकलन करना होगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी उभरती भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए एलआईसी के आईपीओ की समीक्षा किए जाने के संकेत दिए थे। सीतारमण ने हिंदू बिजनेस लाइन को दिए साक्षात्कार में कहा था, आदर्श रूप में, मैं इस दिशा में आगे बढ़ना चाहूंगी क्योंकि हमने विशुद्ध रूप से भारतीय सोच के आधार पर इसकी योजना बनाई थी। लेकिन अगर वैश्विक परिस्थितियां इस बात पर पुनर्विचार करने के लिए बाध्य कर रही हैं तो मुझे इस पर नए सिरे से गौर करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। देश का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ कहा जा रहा एलआईसी का निर्गम इसी महीने बाजार में आने की उम्मीद जताई जा रही थी। एलआईसी ने 13 फरवरी को पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष आईपीओ का मसौदा पत्र पेश किया था। सरकार चालू वित्त वर्ष में 78,000 करोड़ रुपए के विनिवेश लक्ष्य को पूरा करने के लिए इस जीवन बीमा कंपनी में अपनी पांच प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर 63,000 करोड़ रुपए जुटाने की उम्मीद कर रही थी। यदि एलआईसी के आईपीओ को अगले वित्त वर्ष के लिए टाल दिया जाता है तो सरकार संशोधित विनिवेश लक्ष्य को बड़े अंतर से पूरा नहीं कर पाएगी। इस वित्त वर्ष में अब तक सरकार केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के विनिवेश और एयर इंडिया की रणनीतिक बिक्री के जरिए 12,030 करोड़ रुपए जुटा चुकी है। सरकार ने पहले वर्ष 2021-22 के दौरान विनिवेश से 1.75 लाख रुपए जुटाने का अनुमान लगाया था लेकिन बाद में इसे संशोधित कर 78,000 करोड़ रुपए कर दिया गया। एलआईसी में सरकार की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी या 632.49 करोड़ से अधिक शेयर हैं। शेयरों का अंकित मूल्य 10 रुपए प्रति शेयर है। एलआईसी का सार्वजनिक निर्गम भारतीय शेयर बाजार के इतिहास में सबसे बड़ा आईपीओ होगा। एक बार सूचीबद्ध होने के बाद, एलआईसी का बाजार मूल्यांकन रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीसीएस जैसी शीर्ष कंपनियों के आसपास होगा।

# माधवी पुरी बुच ने सेबी चेयरपर्सन का पदभार संभाला

भाषा। मुंबई



**माधवी पुरी** बुच ने बुधवार को भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन का पदभार संभाल लिया। उन्होंने अजय त्यागी का स्थान लिया, जिनका पांच साल का कार्यकाल समाप्त हो गया है। सेबी की चेयरपर्सन बनने वाली बुच पहली महिला हैं। साथ ही वह पिछले कुछ वर्षों में इस पद पर आने वाली पहली गैर-नौकरशाह है। सरकार ने इस सप्ताह उन्हें सबी प्रमुख पद पर तीन साल की अवधि के लिए नियुक्त किया। बुच ने त्यागी को उनके नेतृत्व और मजबूत नींव के निर्माण के लिए धन्यवाद देते हुए कहा, आपने हमें जो मजबूत नींव दी है, उस पर हम मजबूत निर्माण करेंगे। उन्होंने सेबी चेयरपर्सन के रूप में कार्यभार संभालने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन त्यागी को भी सम्मानित किया गया। बुच सेबी के पूर्णकालिक सदस्य के रूप में भी काम कर चुकी हैं। इस दौरान उन्होंने बाजार विनियमन विभाग, बाजार मध्यस्थ विनियमन और पर्यवेक्षण विभाग, एकीकृत निगरानी विभाग जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को संभाला था। इससे पहले वह चीन के शंघाई में स्थित नव विकास बैंक की सलाहकार थीं। उन्होंने निजी इक्विटी कंपनी ग्रेटर पैसिफिक कैपिटल के सिंगापुर कार्यालय के प्रमुख के रूप में भी काम किया है। आधिकारिक बयान के अनुसार ने उन्होंने आईसीआईसीआई समूह की ब्रोकरेज शाखा आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के मुख्य कार्यकारी और आईसीआईसीआई बैंक के बोर्ड में कार्यकारी निदेशक के रूप में भी काम किया है।

# देश में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां फरवरी में बढ़ीं: पीएमआई

**नई दिल्ली।** उत्पादन और नए आर्डर की संख्या बढ़ने से देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां फरवरी माह के दौरान बढ़ी हैं। मांग की अनुकूल स्थिति से इन गतिविधियों को समर्थन मिला है। बुधवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह कहा गया है। आएचएस मार्किट भारत विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) फरवरी माह में बढ़कर 54.9 अंक पर पहुंच गया। एक महीना पहले जनवरी में यह 54.0 पर था। यह क्षेत्र में मजबूत सुधार दर्शाता है। पीएमआई में आंकड़ा 50 से ऊपर रहने का अर्थ है क्षेत्र में विस्तार हुआ है जबकि 50 से नीचे रहने का मतलब इसमें गिरावट आई है। सर्वेक्षण में कहा गया कि बिक्री में निरंतर वृद्धि से फरवरी में विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में तेजी को बल मिला। आईएचएस मार्किट की अर्थशास्त्री श्रेया पटेल ने कहा, भारत के विनिर्माण क्षेत्र के लिए ताजा पीएमआई आंकड़ा फरवरी 2022 में कंपनियों की परिचालन स्थिति में सुधार दर्शाता है।

# आरबीआई ने सरजेरोदादा नाइक शिराला सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द किया

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को महाराष्ट्र के सांगली में स्थित सरजेरोदादा नाइक शिराला सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया। बैंक के पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाएं न होने के कारण आरबीआई ने यह कदम उठाया है। आरबीआई ने एक बयान में कहा, लाइसेंस रद्द होने के साथ सरजेरोदादा नाइक शिराला सहकारी बैंक लिमिटेड का बैंकिंग कारोबार बुधवार को कारोबारी दिवस के समाप्त होने के साथ बंद कर दिया गया है। बयान के अनुसार महाराष्ट्र में सहकारिता आयुक्त और सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार से भी बैंक को बंद करने और ऋणदाता के लिए एक परिसमापक नियुक्त करने का आदेश जारी करने का अनुरोध किया गया है। आरबीआई ने कहा कि परिसमापन पर प्रत्एक जमाकर्ता जमा बीमा और क्रेडिट गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) से पांच लाख रुपए की मौद्रिक सीमा तक जमा बीमा दावा राशि प्राप्त करने का हकदार होगा।

# ई-बिल प्रणाली से सरकारी ठेकों में विशेष लाभ की मांग होगी बंद: सीतारमण



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि नई इलेक्ट्रॉनिक बिल (ई-बिल) प्रसंस्करण प्रणाली से सरकारी विभागों के ठेकेदारों या आपूर्तिकर्ताओं को बकाया राशि जारी करने में किसी भी खास लाभ की मांग होनी बंद हो जाएगी। बजट में घोषित ई-बिल प्रणाली की बुधवार को पायलट स्तर पर आठ मंत्रालयों में शुरुआत की गई। अगले वित्त वर्ष में इसे सभी केंद्रीय मंत्रालयों एवं विभागों में लागू किया जाएगा। इसकी मदद से सरकार के ठेकेदार एवं आपूर्तिकर्ता अपने दावे ऑनलाइन ही जमा कर पाएंगे। इन दावों के निस्तारण की प्रक्रिया पर ऑनलाइन नजर भी रखी जा सकेगी।

सीतारमण ने 46वें सिविल अकाउंट दिवस पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ई-बिल प्रणाली से हर स्तर पर डिजिटलीकरण सुनिश्चित हो पाएगा और भुगतान प्रक्रिया पारदर्शी होगी। उन्होंने कहा कि इसे आगे चलकर सरकारी विभागों के अलावा नागरिक सेवाओं में भी इस्तेमाल किया जा सकेगा। वित्त मंत्री ने कहा, ई-बिल आने से खास लाभ उठाने की छोटी सी गुंजाइश भी खत्म हो जाएगी। इसकी वजह यह है कि सरकार का ठेकेदार या आपूर्तिकर्ता अपने दावों को डिजिटल तरीके से जमा कर पाएगा। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था में डिजिटल हस्ताक्षर के साथ दावा पेश करने के बाद ठेकेदार या आपूर्तिकर्ता को सरकारी दफ्तर आने की जरूरत नहीं रहेगी। सीतारमण के मुताबिक, लोक लेखा अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया है कि सरकार के साथ काम करने वाले आम आदमियों को अब बकाया भुगतान के लिए न तो सरकारी अफसरों से मिलने की जरूरत होगी।

# दूरसंचार सुधारों के अगले दौर में नियामकीय प्रारूप पर जोर: वैष्णव

**नई दिल्ली।** संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र में गत वर्ष सितंबर में लागू किए गए पहले चरण के सुधारों के नतीजे बहुत अच्छे रहे हैं और अगले चरण के सुधार लागू करते समय वैश्विक मानकों के अनुरूप नियामकीय प्रारूप बनाने पर जोर रहेगा। वैष्णव ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि दूरसंचार क्षेत्र में अगले चरण के सुधारों में नियामकीय प्रारूप पर खास जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन सुधारों को लाने की कवायद जारी है और सरकार विभिन्न पहलुओं पर उद्योग के साथ बहुत जल्द संपर्क करेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह पूरी प्रक्रिया वर्ष 2022 खत्म होने के पहले ही पूरी हो जाएगी। इस दौर के सुधारों में यह सुनिश्चित करने पर जोर रहेगा कि नियामकीय प्रारूप दुनिया के बेहतरीन ढांचे से मेल खाए। सरकार दूरसंचार क्षेत्र में अगले दौर के सुधारों के जरिए एक ऐसा नियामकीय प्रारूप गठित कर रही है जिसे अगले 30-40 वर्षों तक बने रहना चाहिए।

# भारतपे ने ग्रोवर को सभी पदों से हटाया, उनकी कुछ हिस्सेदारी भी ले सकती है वापस

भाषा। नई दिल्ली

**भुगतान** स्टार्ट-अप भारतपे ने सह-संस्थापक अशनीर ग्रोवर को उनके कथित गलत आचरण के कारण कंपनी में सभी पदों से हटा दिया है। अब कंपनी ग्रोवर की कुछ शेयर हिस्सेदारी वापस लेने सहित उनके खिलाफ कानूनी कदम भी उठा सकती है। दुकानदारों को क्यूआर कोड के जरिए डिजिटल भुगतान करने की सुविधा देने वाली भारतपे ने बुधवार को एक बयान में कहा कि निदेशक मंडल की आगामी बैठक का एजेंडा मिलने के साथ ही ग्रोवर ने मंगलवार को पद से इस्तीफा दिया था।

कंपनी के निदेशक मंडल की मंगलवार शाम को बैठक हुई थी जो देर रात तक चली। इस बैठक में ग्रोवर के कदमों की स्वतंत्र लेखा जांच पर भी चर्चा हुई। बैठक के बाद कंपनी की ओर से जारी बयान में ग्रोवर को सभी पदों से हटाए जाने की जानकारी दी गई। भारतपे ने कहा कि लेखा जांच रिपोर्ट में सामने आए तथ्यों के आधार पर उसे कार्वाई करने का अधिकार है। बयान के मुताबिक, ग्रोवर परिवार और उनके रिश्तेदार कंपनी के कोष में बड़े पैमाने पर हुई अनियमितता में लिप्त रहे हैं। वे यहीं नहीं रूके, फर्जी वेंडर बनाकर कंपनी के खातों से पैसे की हेराफेरी की गई और कंपनी के धन का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया। एक मार्च की मध्यरात्रि से कुछ मिनट पहले ग्रोवर को निदेशक मंडल की बैठक का आमंत्रण मिला जो मंगलवार यानी दो मार्च की शाम को होनी थी। मंगलवार को ग्रोवर ने इस्तीफा दे दिया। सूत्रों ने कहा कि भारतपे के निदेशक मंडल ने प्रबंध निदेशक और कंपनी के निदेशक मंडल के निदेशक के पद से ग्रोवर के इस्तीफे को संज्ञान में लिया। हालांकि ग्रोवर ने निदेशक मंडल की मंजूरी के बगैर इस्तीफा दिया जिससे कंपनी को यह अधिकार है कि वह उनके हिस्से के 1.4 फीसदी तक शेयर वापस ले सकती है।

# पेज एक का शेष

## रूसी हमले...

कि छात्रों की आसानी के लिए पूर्वी क्षेत्र में एक टीम भेजने की कोशिश कर रहे हैं। सी-17 सहित अन्य सभी तरीके इस्तेमाल कर हम हर भारतीय को वापस लाएंगे। यहां ताजा जानकारी देते हुए बागची ने यह भी कहा कि रूस से मिली जानकारी के आधार पर यह एडवाइजरी जारी की गई है कि पूर्वी यूक्रेन के शहर चिंता का विषय बने हुए हैं। उन्होंने बताया कि यूक्रेन छोड़ने वाले भारतीयों की संख्या में तेज वृद्धि हुई है। अब हम अनुमान लगा सकते हैं कि हमारी सलाह जारी होने के बाद से लगभग 17,000 भारतीय नागरिकों ने यूक्रेन की सीमा छोड़ दी है।

## यूक्रेन में...

में भर्ती कराया गया था। यूक्रेन में एक मेडिकल छात्र चंदन जिंदल (22) को इस्केमिक स्ट्रोक (खून जमने) से पीड़ित होने के बाद आपातकालीन अस्पताल, विनितसिया में भर्ती कराया गया था। उन्होंने दिन में अंतिम सांस ली। वह विनितसिया नेशनल पाइरोगोव, मेमोरियल मेडिकल यूनिवर्सिटी, विन्नित्सिया यूक्रेन में पढ़ रहे थे। सरकार के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार यूक्रेन में 20,000 छात्र/भारतीय नागरिक हैं। जिसमें 4,000 लोग 24 फरवरी से पहले वापस आ गए थे, इसके अलावा 26 फरवरी से वहां से सुरक्षित निकालने के लिए शुरू हुए अभियान में 3,552 छात्रों को वापस लाया गया। विदेश मंत्रालय के अनुसार 17,000 भारतीय नागरिक सरकार द्वारा एडवाइजरी जारी होने के बाद यूक्रेन सीमा से निकल चुके हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि ऑपरेशन गंगा के तहत पिछले 24 घंटों में छह विमानों ने भारत से उड़ान भरी है। केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को ट्वीट किया कि 12,000 छात्रों को वापस भारत लाने के लिए 6 विमानों ने बुखारेस्ट, रोमानिया के लिए उड़ान भरी हैं।

## गाजियाबाद के...

में देखा, जो सीमा पार करने का इंतजार कर रहे थे। अंश ने विद्यार्थियों के दल के नेता की भूमिका निभाई है। इन विद्यार्थियों ने जैसे ही पोलैंड की सीमा में प्रवेश किया, अपनी तस्वीरें साझा की। सीमा से उन्हें भारतीय मिशन द्वारा तैयार रखी गई बसों से वहां से ले जाया गया।

## तीसरा विश्व...

समाचार चैनल ने बताया कि लावरोव ने कहा कि यूक्रेन के खिलाफ विशेष अभियान कीव को परमाणु हथियार प्राप्त करने से रोकने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। चैनल ने लावरोव के हवाले से कहा, सैन्य अभियान का उद्देश्य यूक्रेन को निरस्त्र करना है। रूस यूक्रेन को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देगा। लावरोव ने कहा कि रूस दूसरे दौर की वार्ता के लिए तैयार है, लेकिन यूक्रेन अमेरिका के निर्देश पर प्रक्रिया में देरी कर रहा है।

## तिरंगे के...

पर हमें कोई परेशानी नहीं हुई। कई छात्रों ने बताया कि कैसे उन्होंने भारतीय झंडे तैयार किए। उन्होंने बाजारों से स्प्रे पेंट और सफेद कपड़ा खरीदा। तिरंगे के आकार में कपड़े को काटकर उस पर तिरंगे के रंग केसरिया, सफेद और हरा पेंट कर दिया। इसी तरह इन झंडों का इस्तेमाल कर उनके साथ पाकिस्तान व तुर्की के छात्र भी यूक्रेन की चौकियां पार करते चले गए।

## कोर्ट ने...

साथ हैं, जिसे सुरक्षा की दृष्टि से खतरा कहा जाता है। पीठ ने कहा, इसी तरह, मीडिया वन समाचार चैनल के अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग के नवीनीकरण की अर्जी का मसला है तो इसमें भी अदालत को ज्ञात हुआ है कि माध्यमम ब्रॉडकास्टिंग लिमिटेड और इसके प्रबंध निदेशक के खिलाफ खुफिया ब्यूरो की गम्भीर प्रतिकूल रिपोर्ट हैं। पीठ ने कहा, चूंकि केंद्रीय गृह मंत्रालय की फाइल संवेदनशील और गोपनीय है, इसलिए हम राष्ट्रीय सुरक्षा, लोक आदेश और देश के शासन से संबंधित अन्य पहलुओं के बारे में कुछ नहीं कह रहे है। अदालत ने कहा कि यद्यपि फाइल में बहुत सारे ब्योरे उपलब्ध नहीं हैं, फिर भी उसका मानना है कि अनेक ऐसे पहलू हैं जिससे लोक आदेश या सरकार की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है।

## नए मोर्चे...

पर तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने के लिए आंदोलन का नेतृत्व करने वाले प्रमुख किसान संघ के नेता राकेश टिकैत से मिल सकते हैं। तेलंगाना सरकार ने आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के शोक संतप्त परिवारों को 3 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की थी। केसीआर सात मार्च तक यूपी चुनाव में व्यस्त रहे अखिलेश यादव से भी मिलना चाहते हैं। केसीआर ने पिछले हफ्ते शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे और राकांपा प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की थी। इससे पहले उन्होंने पश्चिम बंगाल की अपनी समकक्ष ममता बनर्जी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन से भी बात की थी।

## खाद्य सामग्री...

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) को निर्देश दिया कि वह सभी संबंधित प्राधिकरणों को नया निर्देश जारी करके अवगत कराए। अदालत ने एफएसएसएआई से कहा कि वह खाद्य पदार्थ के शाकाहारी या मांसाहारी होने के संबंध में पूर्ण खुलासा करने की बाध्यता से प्राधिकरणों को अवगत कराए। पीठ ने ने सभी राष्ट्रीय दैनिक समाचारपत्रों में नए आदेश का व्यापक प्रचार करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि संविधान के तहत थाली में क्या परोसा गया है, इस बात से अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) और अनुच्छेद 25 के तहत प्रत्एक व्यक्ति को प्रदत्त मौलिक अधिकार प्रभावित होते हैं। अदालत ने कहा कि उसकी नजर में कसी खाद्य पदार्थ के शाकहारी या मांसहारी होने का पूरा और विस्तृत खुलासा करने को उपभोक्ता जागरूकता का हिस्सा बनाया जाना अहम है। पीठ ने कहा कि पैकेट बंद खाद्य पदार्थ के शाकाहारी या मांसाहारी होने का पूर्ण खुलासा करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने में अगर प्राधिकरण नाकाम रहता है तो इससे एफएसएसएआई के गठन का उद्देश्य भी हासिल नहीं हो सकेगा।

## निकाय चुनाव...

नदिया जिले के ताहेरपुर नगरपालिका में जीत मिली है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में 77 सीटों पर जीत दर्ज कर मुख्य विपक्षी के तौर पर उभरी भाजपा एक भी निकाय में जीत दर्ज करने में असफल रही। कांग्रेस को भी किसी निकाय में जीत नहीं मिली है, हालांकि कुछ शहरों के कुछ वार्ड में उसके प्रत्याशी जीते हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारी ने कहा, तृणमूल ने 102 नगरपालिकाओं में जीत दर्ज की है जबकि वाम मोर्चा और हमरो पार्टी ने एक-एक निकाय में जीत दर्ज की है। वहीं चार नगरपालिकाओं में किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला है। तृणमूल कांग्रेस ने 27 नगरपालिकाओं में सभी वार्डों पर जीत दर्ज कर वहां विपक्ष को शून्य पर पहुंचा दिया है। कम से कम चार नगरपालिकाएं ऐसी हैं जहां पर किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। इनमें मुर्शिदाबाद की बेलडांगा, पुरुलिया जिले की झालदा, हुगली जिले की चाम्पदानी और पूर्वी मिदनापुर की इगरा नगरपालिका शामिल हैं और यहां से जीते निर्दलीयों की भूमिका अहम हो गई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में हुए निकाय चुनाव में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को शानदार जीत दिलाने के लिए बुधवार को लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने इसके साथ ही, जीतने वाले प्रत्याशियों और समर्थकों से विनम्रता के साथ काम करने को कहा। बनर्जी ने ट्वीट किया, हमें एक बार फिर शानदार जनादेश देने के लिए मैं हृदय से मां-माटी-मानुष के प्रति आभार व्यक्त करती हूं। निकाय चुनाव में जीतने वाले अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों को बधाई।

## छठवें चरण...

में बंद हो जाएगी। यूपी के रण में सबसे हॉट सीट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गोरखपुर सदर सीट है। सीएम योगी अब तक गोरखपुर से सांसद रहे हैं। गोरखपुर योगी की कर्मभूमि, राजनीतिक भूमि रही है। साल 2017 में यूपी में बीजेपी की सरकार में सीएम बनने के बाद पहली बार योगी आदित्यनाथ गोरखपुर सदर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। अब तक योगी गोरखपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद का चुनाव लड़े और जीते, सीएम योगी को उनके गढ़ में सपा से सुभावती शुक्ला चुनौती दे रही है। कांग्रेस से चेतना पांडे और बीएसपी से ख्वाजा शमसुद्दीन चुनाव मैदान में हैं। बीजेपी छोड़कर सपा का दामन थामने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी हुई है। पूर्व में बसपा के कद्दावर नेता रहे मौर्य साल 2017 में बीएसपी को छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए थे।

# तानाशाह पुतिन दूसरे देश पर हमले की कीमत चुकाएंगे: बाइडन

● अमेरिका के राष्ट्रपति ने अपने पहले स्टेट ऑफ द यूनियन के संबोधन में साधा रूस के राष्ट्रपति पर निशाना

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने पहले स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर यूक्रेन के खिलाफ पूर्व नियोजित और बिना उकसावे वाला युद्ध छेड़ने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पुतिन जैसे तानाशाह दूसरे देश पर आक्रमण की कीमत चुकाएंगे। यूक्रेन में लगातार घातक होते जा रहे संघर्ष के मद्देनजर बाइडन ने रूसी आक्रामकता के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने महामारी के बीच बढ़ती महंगाई से परेशान अमेरिकियों को आश्वस्त करने की कोशिश भी की।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, एक रूसी तानाशाह के दूसरे देश पर हमला करने के मायने पूरी दुनिया के लिए हैं। उन्होंने कहा, अपने पूरे इतिहास से हमने यह सबक सीखा है कि जब किसी तानाशाह को अपनी आक्रामकता की कीमत नहीं चुकानी पड़ती है तो वह और अधिक अराजकता फैलाने लगता है। वह आगे बढ़ता जाता है और अमेरिका तथा विश्व के लिए इसका खतरा व कीमत बढ़ती जाती है। अमेरिकी संसद की संयुक्त सभा को संबोधित करते हुए बाइडन ने कहा, इसलिए द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) का गठन किया गया था। अमेरिका सहित 29 अन्य देश नाटो के सदस्य हैं। यह मायने रखता है। अमेरिकी कूटनीति मायने रखती है।



रूसी राष्ट्रपति पर निशाना साधते हुए बाइडन ने कहा, पुतिन का युद्ध पूर्व नियोजित और बिना उकसावे वाली कार्वाई है। उन्होंने कूटनीतिक समाधान के सभी प्रयासों को खारिज कर दिया। पुतिन ने सोचा था कि पश्चिमी देश और नाटो इसका जवाब नहीं देंगे। उन्हें लगा था कि वह हमारे घर में ही हमें बांट सकते हैं। पुतिन गलत थे। हम तैयार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि उनके रूसी समकक्ष ने यूक्रेन पर हमले को लेकर गलत आकलन किया है। उन्होंने कहा, पुतिन ने सोचा था कि वह यूक्रेन में दाखिल हो जाएंगे और दुनिया कुछ नहीं करेगी, जबकि इसके उलट उन्हें ऐसी एकजुटता का सामना करना पड़ा, जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। उन्हें यूक्रेन की जनता का सामना करना पड़ा।

सांसदों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच बाइडन ने कहा, इस संघर्ष में, जैसा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने यूरोपीय संसद में दिए अपने भाषण में कहा था, अंधेरे पर रोशनी की जीत होगी। अमेरिका में यूक्रेन के राजदूत आज रात यहां मौजूद हैं। आइए, हम सभी आज रात इस सभा से यूक्रेन और दुनिया को एक पुख्ता संदेश भेजें। बाइडन ने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगी सावधानी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने पुतिन का सामना करने के लिए यूरोप और अमेरिका से लेकर एशिया और अफ्रीका तक सभी स्वतंत्रता-प्रेमी देशों का गठबंधन बनाने में महीनों मेहनत की। हम रूस के झूठ का जवाब सच से देते हैं...।

बाइडन ने कहा कि अब जबकि पुतिन ने यह कदम उठा ही लिया है तो आजादी के हिमायती देश उन्हें जवाबदेह ठहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका भी अपने सहयोगियों के साथ मिलकर मॉस्को पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगा रहा है। बाइडन ने स्पष्ट किया कि अमेरिकी सेनाएं यूक्रेन में रूसी बलों के साथ संघर्ष में शामिल नहीं हैं, और न ही शामिल होंगी। उन्होंने कहा, हमारी सेनाएं यूक्रेन में लड़ने के लिए नहीं, बल्कि हमारे नाटो सहयोगियों की रक्षा के लिए जाएंगी, अगर पुतिन पश्चिम की ओर बढ़ने का फैसला करते हैं तो।

अमेरिकी राष्ट्रपति के मुताबिक, उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वाशिंगटन और उसके सहयोगी मुल्क नाटो देशों की एक-एक इंच भूमि की अपनी पूर्ण सामूहिक ताकत के साथ रक्षा करेंगे। उन्होंने कहा, अपने सहयोगियों के साथ मिलकर हम अभी रूस पर बेहद कड़े आर्थिक प्रतिबंध लागू कर रहे हैं। हम रूस के सबसे बड़े बैंकों को अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली से अलग कर रहे हैं। रूस के केंद्रीय बैंक को रूसी रूबल को बचाने से रोककर हम पुतिन के 630 अरब अमेरिकी डॉलर के युद्ध कोष को बेकार कर रहे हैं।

उन्होंने दावा किया कि अमेरिका और उसके सहयोगी देश अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी तक रूस की पहुंच बाधित कर रहे हैं, जिससे आने वाले वर्षों में उसका आर्थिक विकास धीमा पड़ेगा और उसकी सेना कमजोर होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मैं यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी कार्वाई कर रहा हूं कि हमारे प्रतिबंधों का प्रहार रूस की अर्थव्यवस्था पर लक्षित हो। और मैं अमेरिकी व्यवसायों और उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए अपने अधिकार क्षेत्र में मौजूद हर औजार का इस्तेमाल करूंगा।

## कोरोना संक्रमण और उससे होने वाली मौतों में आई कमी

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में पिछले सप्ताह कोरोना वायरस संक्रमण के नए मामलों में 16 प्रतिशत की कमी आई है। डब्ल्यूएचओ ने महामारी के बारे में मंगलवार देर रात जारी अपनी साप्ताहिक रिपोर्ट में यह भी बताया कि बीते सप्ताह कोविड-19 से मौत के मामलों में 10 प्रतिशत की कमी आई है। संगठन ने कहा कि दुनियाभर में संक्रमण के एक करोड़ से अधिक मामले सामने आए हैं।

**Public Notice**

NOTICE is hereby given that Mrs. M. Lavanya is owner of the Entire Second Floor Bearing No. C-1, without roof rights, area measuring 100 Sq. Yds., out of Property bearing no. WZ-185/2, bearing Khasra No. 93/23/2, situated in the area of village Palam, in the colony known as Sadh Nagar, Palam colony, New Delhi vide Sale Deed dated 05.05.2014 (Doc. No. 5227). Mrs. M. Lavanya has misplaced the Original Sale Deed dated 01.04.2013 executed by Sh. Harish Chand Vats in favour of M/s. Sejwal Buildcon Pvt. Ltd. as Doc. No. 3263 dated 01.04.2013. Any one who find the above said document shall handover the same to the Manager of Bajaj Housing Finance Ltd. having its office at Off. No. 1152, 11 Floor, Aggarwal Metro Heights, Plot - E5, Netaji Subhash Place, Pitampura, Delhi, Pin code-110034. Now, Mrs. M. Lavanya is intending to sell the said property to Mr. Hari Mohan Prasad and Mrs. Soniya Gupta and Mr. Hari Mohan Prasad and Mrs. Soniya Gupta is availing a loan on this property from Bajaj Housing Finance Ltd. by mortgaging the said property. In case anyone has any objection regarding mortgage of the said property, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

# संयुक्त राष्ट्र में यूक्रेन संकट पर चर्चा से दूर रहा पाकिस्तान

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** संयुक्त राष्ट्र महासभा में यूक्रेन से रूसी सैनिकों की तत्काल वापसी की मांग से जुड़े एक प्रस्ताव पर जारी बहस से दूर रहा। बुधवार को प्रकाशित एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। यूक्रेन के खिलाफ रूस की आक्रामकता को लेकर 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महासभा ने सोमवार को एक दुर्लभ और अभूतपूर्व आपातकालीन सत्र उस समय बुलाया, जब 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद ने रविवार को मामला विश्व के सर्वाधिक प्रतिनिधित्व वाले अंतरराष्ट्रीय निकाय को सौंपने का प्रस्ताव पारित किया।

यूएन की ओर से जारी बयान के मुताबिक, रूस ने यूक्रेन के खिलाफ बिना उकसावे वाली कार्वाई की है, क्योंकि उसे पूर्वी यूरोपीय देश से कोई खतरा नहीं था। इसमें कहा गया, यह संयुक्त राष्ट्र के चार्टर का स्पष्ट उल्लंघन है। साथ ही यह वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। बयान के अनुसार, लगभग 100 देश संयुक्त राष्ट्र महासभा के विशेष सत्र को संबोधित कर सकते हैं, जिसके बुधवार को होने की उम्मीद है और इसमें यूक्रेन पर एक मसौदा प्रस्ताव पर मतदान होने की संभावना है। द डॉन में प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक, यूएन के सदस्य के तौर पर पाकिस्तान महासभा में जारी बहस में हिस्सा ले सकता है, जो मंगलवार को दूसरे दिन में प्रवेश कर गई, लेकिन उसने ऐसा करने से परहेज किया। माना जा रहा है कि पाकिस्तान इस विवाद में शामिल होने से बचना चाहता है, जो उसे असहज स्थिति में डालता है। दरअसल, पाकिस्तान को अमेरिका का एक पारंपरिक सहयोगी कहा जाता रहा है, जिसने कभी वाशिंगटन को चीन तक पहुंचने का रास्ता मुहैया कराया था। रिपोर्ट में कहा गया कि पाकिस्तान, जो इस मुद्दे पर तटस्थ रहने की कोशिशों में जुटा है, यूक्रेन संकट पर बहस से दूर रहा।

इसमें कहा गया है कि संवाददाताओं ने जब भारत के यूक्रेन संकट से जुड़े प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में हुए मतदान से दूर रहने के बारे में पूछा तो अमेरिकी विदेश विभाग ने उनसे किसी खास देश पर ध्यान केंद्रित न करने की अपील की। चीन पाकिस्तान का सबसे करीबी सहयोगी है, जो यूएन और एफएटीएफ जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर विभिन्न अहम मुद्दों पर इस्लामाबाद का समर्थन करता आया है। वाशिंगटन के राजनयिक पर्यवेक्षकों का दावा है कि चीन ने पिछले हफ्ते पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की रूस यात्रा की व्यवस्था करने में अहम भूमिका निभाई थी। पर्यवेक्षकों ने तर्क दिया कि पाकिस्तान धीरे-धीरे अमेरिका के प्रभाव से बाहर हो रहा है और चीन-रूस के करीब जा रहा है। हालांकि, इस्लामाबाद इस दावे को खारिज करता आया है। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान का कहना है कि वह चीन और अमेरिका, दोनों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखना चाहता है तथा जाहिर तौर पर यही वजह है कि वह यूक्रेन विवाद में शामिल होने से बच रहा है। यूक्रेन संकट में पाकिस्तान की भूमिका इसलिए केंद्र में आ गई, क्योंकि इमरान उस समय मॉस्को के दौरे पर थे, जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पूर्वी यूरोपीय देश पर हमले का आदेश दिया था। पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि यह एक द्विपक्षीय यात्रा थी, जिसकी योजना युद्ध शुरू होने से काफी पहले ही बना ली गई थी। उन्होंने यह भी कहा था कि इस्लामाबाद इस मामले में किसी का भी पक्ष नहीं लेगा। बाद में कुरैशी ने अपने यूक्रेनी समकक्ष के साथ टेलीफोन पर बातचीत भी की थी। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की निंदा करने वाला सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव जहां कानूनी रूप से बाध्यकारी होता, वहीं महासभा में पारित प्रस्ताव के मामले में ऐसा नहीं है। 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा में पेश प्रस्ताव पर मतदान यूक्रेन संकट पर वैश्विक राय का प्रतीक माना जाएगा, जिसके राजनीतिक मायने हैं।

# यूक्रेन संकट: ब्रिटेन ने रूस, बेलारूस पर प्रतिबंध लगाए

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन** ने रूस के खिलाफ और प्रतिबंध लगाए हैं तथा उसने यूक्रेन पर रूसी हमले में भूमिका को लेकर बेलारूस के खिलाफ भी पहली दंडात्मक कार्वाई की है। मॉस्को के खिलाफ मंगलवार को घोषित नए प्रतिबंधों में ब्रिटेन ने रूस के जहाजों को अपने बंदरगाहों पर प्रतिबंधित कर दिया है। प्रतिबंधों में रूस से जुड़े किसी भी व्यक्ति के स्वामित्व या संचालन वाले जहाजों को शामिल किया गया है और ब्रिटेन के अधिकारियों को रूसी जहाजों को जब्त करने के लिए नई शक्तियां दी गई हैं। वहीं, बेलारूस के खिलाफ की गई पहली दंडात्मक कार्वाई में ब्रिटेन ने चार वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों और दो सैन्य उद्यमों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिए हैं। ब्रिटेन की विदेश मंत्री लिज़ ट्रस ने कहा, हम व्लादिमीर पुतिन और उनके सबसे करीबी लोगों को आर्थिक पीड़ा पहुंचा रहे हैं। हम तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जब तक यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता बहाल नहीं हो जाती। उन्होंने कहा कि यूक्रेन पर हमले में बेलारूस के शासक अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने मदद की है और उन्हें रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का समर्थन करने के लिए आर्थिक परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

प्रतिबंधों में शामिल किए गए लोगों में बेलारूस के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ और प्रथम उप रक्षा मंत्री मेजर जनरल विक्टर गुलेविच भी शामिल हैं। ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने कहा कि गुलेविच बेलारूसी सशस्त्र बलों को निर्देशित करने के लिए जिम्मेदार हैं, जिन्होंने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण में सहायता की है। ब्रिटेन ने बेलारूस के उद्यमों-जेएससी 558 विमान मरम्मत संयंत्र और सैन्य उद्देश्य से जुड़े सेमीकंडक्टर निर्माता जेएससी इंटीग्रल पर भी प्रतिबंध लगा दिए हैं।

**Lost and Found**

I, Sunita Meela D/o Shri Nourang Ram Meel R/o Village Chhbadi Methi, Churu, Rajasthan-331022, At Present Residing At Room No. 309, Shipra Hostel JNU, New Delhi-110067, do hereby solemnly affirm and declare as under.
I am Indian Citizen of India. I and my family members are residing at above said address for last many years. That my original migration certificate has been lost at the time of photo Copy of my documents. I shall be responsible for all the liabilities whatsoever and I shall indemnify the authorities concerned if any loss is caused to them on this account. That the year 2012 in BA (Hon.) Russian I have issued a migration certificate vide Enrollment No. 12/55/FR/037/(2016).

**LOST & FOUND**

Lost Original Documents viz. General Power of Attorney, Agreement to Sell, Affidavit, Will, Receipt etc. Dt. 04/08/1980 executed by Sh. Har Kishan Chand in favour of Sh. Chander Bhan and Lost another Original Documents viz. **General Power of Attorney, Agreement to Sell, Affidavit, Will, Receipt** etc. Dt. 19/07/1982 executed by Sh. Chander Bhan in favour of Sh. Gopi Chand of Property No. **313/41-B, Plot No. 18, Block-B, Inderlok, Delhi-35** vide NCR Lodge **LR No. 177700/2022 Dt. 02/03/2022.** If any person(s) found the documents please contact **Mr. Jai Kumar Aggarwal @ Jai Kumar Bansal. Ph. No. 9811196016**

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that Ghan Shayam is the owner of Plot No. 2365, Area Measuring 80.26 Sq. Mtrs. Part of Khasra No. 40/5/2/2, situated at Sant Nagar, B-Block Burari and Delhi-110084 by virtue of Regd. Authorization slip dated 4/2/22 (document no. 509) (whereas in prior chain of property the khasra number has been entered as 140/5/2 whereas after conducting survey the DDA staff make it rectified in Authorization slip dated 4/2/22 as 40/5/2/2)
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/ registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

Kamal Kant Gupta (Advocate)
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91, 011-43052822, 9810063351

# रूसी बलों ने यूक्रेन के असैन्य इलाकों में हमले तेज किए

एपी। कीव



**रूसी** बलों ने मंगलवार को यूक्रेन के घनी आबादी वाले शहरी इलाकों पर हमले तेज करते हुए यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर के मध्य स्थित एक मुख्य चौराहे और कीव के मुख्य टीवी टावर पर बमबारी की, जिसे यूक्रेन के राष्ट्रपति ने आतंक करार दिया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने खारकीव में फ्रीडम स्क्वेयर पर रक्तपात के बाद कहा, कोई इसे नहीं भूलेगा। इसे कोई माफ नहीं करेगा। इस बीच, 40 मील दूरी तक फैला रूसी टैंकों और अन्य वाहनों का काफिला धीरे-धीरे कीव की ओर बढ़ा। देश की राजधानी कीव में करीब 30 लाख लोग रहते है। पश्चिमी देशों को आशंका है कि यह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यूक्रेनी सरकार को अपदस्थ करके रूसी समर्थक सत्ता की स्थापना करने की कोशिश है। आक्रमणकारी बलों ने ओडेसे और मारियुपोल के अहम बंदरगाहों समेत अन्य शहरों एवं कस्बों पर भी हमले तेज कर दिए हैं।द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप में सबसे बड़े युद्ध के छठे दिन रूस और अलग-थलग पड़ गया। रूस की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने के लिए उस पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं और देश के पास चीन, बेलारूस और उत्तर कोरिया जैसे कुछेक मित्र ही बचे हैं। यूक्रेन में युद्ध में मारे गए लोगों की संख्या अभी स्पष्ट नहीं है। एक वरिष्ठ पश्चिमी खुफिया अधिकारी ने अनुमान जताया कि 5,000 से अधिक रूसी बल या तो कैद में हैं या मारे गए हैं। यूक्रेनी बलों को हुए नुकसान की अभी कोई जानकारी नहीं है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने बताया कि उसने 136 आम नागरिकों की मौत दर्ज की है, लेकिन मृतकों की वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक बताई जा रही है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पिछले दो दिन में रूसी हमले तेज हुए हैं। उसने यह भी कहा कि तीन शहरों-खारकीव, खेरसन और मारियुपोल को रूसी बलों ने घेर लिया है। यूक्रेन के अधिकारियों ने मंगलवार शाम को बताया कि रूसी सेना ने हमले के छठे दिन कीव के टीवी टॉवर और यूक्रेन में यहूदी नरसंहार के मुख्य स्मारक समेत अन्य असैन्य स्थलों को निशाना बनाते हुए हमले किए। यूक्रेन की सरकारी आपात स्थिति सेवा ने बताया कि टीवी टॉवर पर हमलों में पांच लोगों की मौत हो गई तथा पांच अन्य घायल हो गए हैं। यूक्रेन की संसद ने टीवी टॉवर के आसपास धुएं के गुबार की एक तस्वीर पोस्ट की और कीव के मेयर विताली क्लिश्चको ने इस पर हमला होने की एक वीडियो साझा की। उन्होंने कहा कि हमले के कारण टॉवर में बिजली पहुंचा रहे एक सबस्टेशन तथा एक नियंत्रण कक्ष क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल मो0 अब्बास पुत्र हिनायतुल्ला और उनकी पत्नी खुर्शीद बनो निवासी : म. नं. 513, डी-ब्लाक, जहाँगीर पुरी, दिल्ली-33 ने अपने पुत्र मो0 आमिर के दुर्व्यवहार, गलत आचरण के कारण उससे अपने सभी सम्बंध विच्छेद कर लिये है व उसे अपनी समस्त चल अचल संम्पति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मो0 आमिर द्वारा किये गये कार्य/लेन देन हेतु मेरे मुवक्किल व उनके परिवार का कोई भी सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा।

(शशीकांत, एडवोकेट)
चेंम्बर नं0 डी-209, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client, **PRAVIN KEWAL BHATIA S/o LATE KEWAL KRISHAN BHATIA R/o G-29/183, SECTOR-3, ROHINI, DELHI-110085 Allottee/Purchaser/Owner of PLOT NO.183, POCKET-G-29, SEC-3, ROHINI, DELHI-110085 vide DDA File No. F.11 (729) 83/ LAB(Rohini).** The original documents i.e. DEMAND-CUM-ALLOTMENT LETTER, POSSESSION LETTER, SITE POSSESSION SLIP, PERPETUAL LEASE DEED & OTHER RELEVANT DOCUMENTS of the above said plot has been lost. An F.I.R./NCR/LR NO.179621/2022 dated 02/03/2022 to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch, Delhi. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No.7428069369 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (LAB) Rohini or Director (LAB) Rohini, DDA, Vikas Sadan, New Delhi

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client, **ANITA W/o LATE KRISHAN KUMAR R/o A-1/55, SECTOR-3, ROHINI, DELHI-110085 Allottee/Purchaser/ Owner of DDA MIG FLAT NO.55, 2nd Floor, PKT-A-1, SEC-3, ROHINI, DELHI-110085** vide DDA File No. M.30(195)88/RO/RP. The original documents i.e. Demand-cum-allotment Letter, Possession Letter, NOC For Water And Electric Connection, Site Possession Slip & Other Relevant Documents of the above said flat has been lost. An F.I.R./NCR/LR NO. 179639/2022 dated 02/03/2022 to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch, Delhi. Any person(s)claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No. 8130312332 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director(MIG)-H or Director (MIG)-H, DDA, Vikas Sadan, New Delhi

**Public Notice**

To be known to all that I **Sh. Arun Kumar Mahajan** S/o Sh. Prithvi Raj Mahajan, **R/o- GH-10/3-C, 2nd Floor, SFS Flat, Sunder Apartment, Paschim Vihar, New Delhi-87,** purchaser of Flat.no-3-C, 2ND Floor, Pocket- GH-10, SFS Flat, Category-II, at Sunder Apartment, Paschim Vihar, New Delhi-87 has applied for conversion of the aforesaid flat from leasehold to freehold vide application DDAHCA67275352 Dt 27/12/2021 in DDA. The **original documents** ie. **Allotment-cum-demand Letter** of the above flat have been lost. An FIR to this effect has been lodged in PS Crime branch Delhi. Any person claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Mob: **9350490021** within 15days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (LAB)Housing, 3rd floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi

**Public Notice**

To be known to all that I **Smt. Neelam Loona** W/o Mohinder Loona, R/o- GH-10/91-D, 3rd Floor, SFS Flat, Sunder Apartment, Paschim Vihar, New Delhi-87 Purchaser Of Flat.no-91-D, 3rd Floor, Pocket-GH-10, SFS Flat Category-II, in Paschim Puri Residential Scheme Known as Sunder Apartment, Paschim Vihar, New Delhi-87 has applied for conversion of the aforesaid flat from leasehold to freehold vide application DDAHCA85926126 dt 25/12/21 in DDA. The original documents ie. Allotment-cum-demand Letter of the above flat have been lost. An FIR to this effect has been lodged in PS Crime branch Delhi. Any person claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Mob. **9803100065** within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (LAB) Housing, 3rd floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

प्रपत्र 'ए'
सार्वजनिक घोषणा
[भारतीय दिवाला और ऋण शोध अक्षमता बोर्ड (स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया) विनियमावली, 2017 का विनियम 14]

**एजूकेशन डेवलपमेंट सेंटर इंडिया के हितधारकों के ध्यानार्थ**

| प्रासंगिक विवरण | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्पोरेट व्यक्ति का नाम | एजूकेशन डेवलपमेंट सेंटर इंडिया |
| 2. | कार्पोरेट व्यक्ति के निगमन की तिथि | 01-06-2006 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट व्यक्ति निगमित/पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, दिल्ली, कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के तहत |
| 4. | कार्पोरेट व्यक्ति की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या | यू80301डीएल2006एनपीएल149387 |
| 5. | कार्पोरेट व्यक्ति के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | एम 18, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110016 |
| 6. | कार्पोरेट व्यक्ति का परिसमापन होने की आरंभ तिथि | 28-02-2022 |
| 7. | परिसमापक का नाम :<br>परिसमापक का पता :<br>परिसमापक का ई-मेल पता :<br>परिसमापक का टेलीफोन नंबर :<br>परिसमापक का रजिस्ट्रेशन नम्बर | विनोद सुंदर रमन<br>318, 19वां मेन, 41वां क्रॉस, 5वां ब्लॉक, एचबीआर लेआउट, बेंगलूरु-560043<br>ई-मेल : vinod@vrconsulting.biz<br>फोन नंबर : +91-9845884410,<br>रजि. नंबर : IBBI/IPA-002/IP-N00075/2017-2018/10206 |
| 8. | दावा प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 30-03-2022 |

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि एजूकेशन डेवलपमेंट सेंटर इंडिया ने 28-02-2022 को स्वैच्छिक परिसमापन आरंभ किया है।
एजूकेशन डेवलपमेंट सेंटर इंडिया के हितधारकों से एतद्द्वारा अपने दावों का प्रमाण 30-03-2022 को अथवा पूर्व परिसमापक के समक्ष ऊपर आइटम 7 के समक्ष वर्णित पते पर प्रस्तुत करने की मांग की जाती है।
वित्तीय लेनदारों को अपने दावों का प्रमाण केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत करना होगा। अन्य सभी हितधारक अपने दावों का प्रमाण दस्ती (व्यक्तिगत रूप से), डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।
दावे के फर्जी अथवा भ्रामक प्रमाण की प्रस्तुति दंडनीय होगी।
तिथि : 03-03-2022 — विनोद सुंदर रमन
स्थान : बेंगलूरु — परिसमापक एजूकेशन डेवलपमेंट सेंटर इंडिया

# इतिहास को मिटाने की कोशिश कर रहा है रूस: जेलेंस्की

एपी। कीव

**यूक्रेन** के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बुधवार को रूसी हमलों से देश के पवित्र धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि रूसी सैनिक यूक्रेनी इतिहास को मिटाने की कोशिश कर रहे हैं। फेसबुक पर साझा किए गए एक भाषण में जेलेंस्की ने कीव में नरसंहार के शिकार लोगों की याद में बने स्मारक स्थल बाबी यार पर हुए रूसी हमले की कड़ी निंदा की। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा, यह मानवता से परे है। इस तरह के मिसाइल हमले का मतलब है कि कई रूसियों के लिए हमारा कीव पूर्ण रूप से विदेशी है। वे हमारी राजधानी, हमारे इतिहास के बारे में कुछ नहीं जानते हैं। उन्हें हमारे इतिहास, हमारे देश और हम सभी को मिटाने का आदेश मिला है। जेलेंस्की ने दुनियाभर के यूक्रेनी और रूसी आर्थोडॉक्स द्वारा पवित्र माने जाने वाले कीव के अहम स्थलों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने सवाल किया, अगर बाबी यार को भी नहीं बख्शा गया तो आगे क्या होगा? कौन-सी सैन्य वस्तुएं, नाटो के ठिकाने रूस के लिए खतरा हैं? सेंट सोफिया कैथेड्रल, लावरा, एंड्रयू चर्च का क्या होगा? यूक्रेनी राष्ट्रपति ने दावा किया कि पिछले बृहस्पतिवार को हमला शुरू होने के बाद से लगभग 6,000 रूसी सैनिक मारे जा चुके हैं।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

**नाम परिवर्तन**

मैं, ललित कुमार निवासी बी-6, एमसीडी फ्लैट, स्वामी नगर, नई दिल्ली-110017 ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपनी बेटी का नाम दुर्गाशी से दुर्गाशी कुमार में बदल दिया है।

PD(9157)A

# चंद्रमा से 5,800 मील प्रति घंटे की रफ्तार से टकराने वाला है अंतरिक्ष कचरा

एपी। केप केनवेरल (अमेरिका)

**चंद्रमा** से 5,800 मील प्रति घंटे की रफ्तार से तीन टन अंतरिक्ष कचरा टकराने वाला है। यह टक्कर इतनी भीषण होगी कि इससे एक इतना बड़ा गड्ढा बन जाएगा जिसमें ट्रैक्टर ट्रेलर जैसे कई वाहन समा सकते हैं।यह कचरा एक रॉकेट का अवशेष है जो शुक्रवार को 5,800 मील प्रति घंटे (9,300 किलोमीटर प्रति घंटे) की रफ्तार से चंद्रमा के उस सूदूर स्थान से टकराएगा जहां दूरबीन की नजर नहीं पहुंचती। उपग्रह तस्वीरों की मदद से टक्कर से होने वाले प्रभाव की पुष्टि करने में कई सप्ताह या कई महीने का समय लग सकता है। विशेषज्ञों ने कहा है कि यह रॉकेट चीन का है जिसे करीब एक दशक पहले अंतरिक्ष में भेजा गया था और तब से यह इधर-उधर घूम रहा है। हालांकि चीन के अधिकारियों ने इस रॉकेट के बीजिंग का होने पर संदेह जताया है। हालांकि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह रॉकेट किस देश का है लेकिन वैज्ञानिकों का मानना है कि इसकी भीषण टक्कर से चंद्रमा की सतह पर 33 से 66 फुट (10 से 20 मीटर) तक का गड्ढा बन जाएगा और चंद्र सतह की धूल सैकड़ों किलोमीटर तक फैल जाएगी। अंतरिक्ष में निचली कक्षा में तैर रहे कचरे पर नजर रखना आसान होता है तथा सुदूर अंतरिक्ष में भेजी जाने वाली वस्तुओं के किसी दूसरी चीज से टकराने की संभावना कम ही होती है और उन्हें प्राय: शीघ्र ही विस्मृत भी दिया जाता है। हालांकि खगोलीय घटनाओं का आनंद उठाने वाले कुछ अंतरिक्ष पर्यवेक्षक इन पर अवश्य दृष्टि रखते हैं। इसी तरह के एक पर्यवेक्षक बिल ग्रे ने जनवरी में इस रॉकेट कचरे की चंद्रमा से टक्कर होने संबंधी घटना का अनुमान लगाया था। ग्रे एक गणितज्ञ और एक भौतिकशास्त्री हैं। ग्रे ने शुरू में इस रॉकेट के स्पेसएक्स का होने का संदेह व्यक्त किया था जिसके बाद कंपनी को आलोचना का सामना करना पड़ा लेकिन एक महीने बाद ग्रे ने अपने संदेह में सुधार करते हुए कहा कि यह 2015 में भेजा गया स्पेसएक्स कंपनी का रॉकेट नहीं है। उन्होंने कहा कि संभव है कि यह चीन का रॉकेट है जिसने 2014 में चांद पर एक परीक्षण सैंपल कैप्सूल भेजा था। कैप्सूल वापस आ गया था लेकिन रॉकेट अंतरिक्ष में ही भटकता ही रहा। चीन सरकार के अधिकारियों ने कहा कि बीजिंग का रॉकेट पृथ्वी के वायुमंडल में वापस आने पर जल गया था। हालांकि समान नाम वाले दो चीनी अभियान थे जिनमें एक थी यह परीक्षण उड़ान और दूसरा 2020 में चंद्र सतह से पत्थरों के नमूने लाने का अभियान। अमेरिकी पर्यवेक्षकों का चीन के विपरीत भिन्न मत है। पृथ्वी के पास अंतरिक्ष कचरे पर दृष्टि रखने वाली अमेरिकी अंतरिक्ष कमान ने मंगलवार को कहा कि 2014 के अभियान से जुड़ा चीनी रॉकेट पृथ्वी के वायुमंडल में कभी वापस नहीं आया।

**ओके प्ले इंडिया लिमिटेड**
सीआईएन : एल28219एचआर1988पीएलसी030347
पंजी. कार्यालय : 17-18, रोज-का-मेयो इंडस्ट्रियल एस्टेट, तहसील नूह, जिला मेवात, हरियाणा-122103
वेबसाइट : www.okplay.co.in ई-मेल : info@okplay.in
फोन : +91-124-2362335-36, फैक्स : +91-124-2362326

**असाधारण सामान्य बैठक, रेकार्ड तिथि की सूचना तथा रिमोट ई-वोटिंग की जानकारी**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि ओके प्ले इंडिया लिमिटेड के सदस्यों की असाधारण सामान्य बैठक ("ईओजीएम") वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से, बृहस्पतिवार, 24 मार्च, 2022 को पूर्वा. 11.00 बजे, ईओजीएम की सूचना में सूचीबद्ध विशेष व्यवसाय(यों) के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। बैठक की सूचना तथा रिमोट ई-वोटिंग विवरण उन सभी सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मोड में प्रेषित किया जा चुका है, जिनकी ई-मेल आईडी'ज कम्पनी/आरटीए/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास पंजीकृत हैं। शेयरधारकों को सूचनाओं का ई-मेल प्रेषण 02मार्च, 2022 को पूरा किया जा चुका है।

यदि आपने अपनी ई-मेल आईडी कम्पनी/डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत नहीं करवाई है, कृपया ई-वोटिंग के लिए लॉगइन विवरण प्राप्त करने हेतु अपनी ई-मेल आईडी पंजीबद्ध करवाने के लिए निम्नलिखित अनुदेशों का पालन करें।
भौतिक धारण : ई-मेल पता पंजीबद्ध करवाने के लिए कम्पनी के रजिस्ट्रार ऐंड ट्रांसफर एजेंट, एमएएस सर्विसेज लिमिटेड को एक अनुरोध info@masserv.com पर भेजें, जिसमें फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की की स्कैन प्रति (फ्रंट और बैक), पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन प्रति) उपलब्ध करवाएं।

कृपया अपना बैंक विवरण, निरस्त चैक की मूल प्रति के साथ हमारे आरटीए (नामतः एमएएस सर्विसेज लिमिटेड, टी-34, द्वितीय तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया फेज-II, नई दिल्ली-110020) को फोलियो नंबर के उल्लेखयुक्त पत्र सहित भेजें। यदि पहले से पंजीकृत नहीं हैं।

अभौतिक धारण : कृपया अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट से सम्पर्क करें तथा अपना ई-मेल पता डीपी द्वारा सुझाई गई प्रक्रिया के अनुसार पंजीकृत करवाएं। कृपया अपना बैंक विवरण भी अपने डीपी के पास अद्यतन करें।

ये दस्तावेज सदस्यों द्वारा डाउनलोड हेतु कम्पनी की वेबसाइट www.okplay.co.in पर भी उपलब्ध हैं। कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014, यथा संशोधित तथा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 44 के अनुपालन में सूचना दी जाती है कि कम्पनी ने सभी व्यवसायों के निष्पादन हेतु नैशनल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (एनडीएसएल) द्वारा उनके पोर्टल www.evoting.nsdl.com के माध्यम से ई-वोटिंग सुविधा प्रदान की है ताकि सदस्यगण अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक विधि से डाल सकें।
रिमोट ई-वोटिंग अवधि सोमवार, 21 मार्च, 2022 (पूर्वा. 09.00 बजे) आरंभ होगी तथा बुधवार, 23 मार्च, 2022 (अप. 05.00 बजे) समाप्त होगी। विच्छेदन तिथि (कट-ऑफ डेट) अर्थात 17 मार्च, 2022 को भौतिक या अभौतिक रूप में शेयरों के धारक कम्पनी के सदस्य इस अवधि में अपना वोट रिमोट ई-वोटिंग द्वारा डाल सकेंगे। कोई व्यक्ति, जो सूचना प्रेषण के बाद कम्पनी के शेयर अर्जित करता है तथा कम्पनी का सदस्य बनता है और विच्छेदन तिथि (कट-ऑफ डेट) अर्थात 17 मार्च, 2022 को शेयर धारक है, evoting@nsdl.co.in पर अथवा आरटीए, एमएएस सर्विसेज लिमिटेड को info@masserv.com पर अनुरोध भेजकर लॉगइन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।

लॉगइन में किसी तकनीकी समस्या की स्थिति में सदस्य evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर एनएसडीएल हेल्पडेस्क से सम्पर्क कर सकते हैं अथवा टोल फ्री नंबर : 1800 1020 990 तथा 1800 22 44 30 पर सम्पर्क कर सकते हैं। तथापि, यदि कोई व्यक्ति ई-वोटिंग के लिए एनएसडीएल में पहले से पंजीकृत है, तब मौजूदा लॉगइन आईडी तथा पासवर्ड का इस्तेमाल वोट डालने के लिए किया जा सकता है। तदुपरांत एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा। सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाल दिए जाने के बाद सदस्य को बाद में उसमें बदलाव करने की अनुमति नहीं होगी। ईओजीएम में ई-वोटिंग द्वारा वोट डालने की सुविधा उपलब्ध होगी तथा ईओजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल चुके सदस्य ईओजीएम में भाग ले सकते हैं परंतु उनको दोबारा वोट डालने का अधिकार नहीं होगा। श्री पुनीत कुमार पांडे, कार्यरत कम्पनी सेक्रेटरी (सदस्यता सं. ए29848 एवं सीपी संख्या 10913) को ई-वोटिंग प्रक्रिया के लिए संवीक्षक नियुक्त किया गया है। रिमोट ई-वोटिंग हेतु विस्तृत प्रक्रिया ईओजीएम की सूचना में दी गई है। ई-वोटिंग के संबंध में कोई भी संदेह/शिकायत सुश्री मीनू गोस्वामी, कम्पनी सेक्रेटरी, ओके प्ले इंडिया लिमिटेड, प्लॉट नंबर 17-18, रोज-का-मेयो इंडस्ट्रियल एस्टेट, तहसील नूह, जिला मेवात, हरियाणा-122103, ई-मेल : meenu.goswami@okplay.in को संबोधित की जा सकती है।

वास्ते ओके प्ले इंडिया लिमिटेड
हस्ता./-
राजन हांडा
प्रबंध निदेशक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 02 मार्च, 2022

# एक सृजनात्मक यात्रा

गंगूबाई काठियावाड़ी की रिलीज से ठीक पहले, **चहक मिल** ने आलिया भट्ट के साथ पाया कि फिल्म में चरित्र की संक्रमणकालीन यात्रा और उसके साथ न्याय करने वाला अभिनेता समानांतर चलता है।



कमाठीपुरा में, एक गंदे कमरे में, एक युवा किशोरी झूठ बोलती है, भ्रमित होती है और अपने जीवन के अचानक मोड़ पर चौंक जाती है। जैसा कि वह अपनी वर्तमान दुर्दशा के साथ आने की कोशिश करती है, उसका चेहरा रूज, काजल और गहरे लाल रंग की लिपस्टिक से बना है। उसका मुंह कपड़े से भरा हुआ है। इससे पहले, जब पहली बार उसकी नाक में जबरदस्ती छेद किया गया था, तो उसकी चीखें वेश्यालय में गूंज उठीं, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। बेजान, उसे एक लाश के लिए गलत समझा जा सकता है, लेकिन उसके आगंतुकों को अब केवल उसके शरीर की जरूरत है और वह बस अंदर जाती है। गंगूबाई काठियावाड़ी दुनिया के सबसे पुराने पेशे के अंधेरे पक्ष में जाती है।

युवा, 18 वर्षीय की कहानी, जिसे तत्कालीन बॉम्बे के कमाठीपुरा लाया गया था और एक कोठेवाली को बेच दिया गया था, अभिनेत्री आलिया भट्ट की बड़ी बहन पूजा की यादें वापस लाती है, जो सड़क में एक समान रूप से दर्दनाक चरित्र निभा रही है।

फिल्म की रिलीज से एक दिन पहले की बात करें, जब मैं भट्ट के साथ राजधानी के द इंपीरियल में मिलता हूं, जहां वह एक संक्षिप्त यात्रा पर आई हैं। मैं उससे एक घटना के बारे में पूछताछ करता हूं जहां उसने पहली बार स्क्रिप्ट सुनी और भूमिका की पेशकश की, वह डर गई और लगभग भाग गई या निर्देशक संजय लीला भंसाली ने मजाक में (पहले) कहा था। भट्ट ने इसे अपने डर की कहानी कहने का एक मजेदार तरीका बताया।

वह कहती हैं, 'मैं भागी नहीं।' भंसाली सर की कहानी का सच यह है कि जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट सुनी तो मेरी आंखों में एक डर था। यह मेरे लिए एक बड़ा अवसर था। साथ ही, यह एक बड़ी जिम्मेदारी थी। और मैं उस डर को छुपा नहीं पा रही थी कि 'क्या मैं यह कर पाऊंगी'? इसलिए सर हमेशा मजाकिया अंदाज में कहानी सुनाते हैं कि मैंने अपना बैग उठाया और बस भाग गया (हंसते हुए)। हालांकि, बड़ी तस्वीर यह है कि मैं उसके साथ यह अनुभव करना चाहती थी और यह सुनिश्चित करना चाहती थी कि एक दिन, मैं उनके निर्देशन में काम करूं और उनके दृष्टिकोण के साथ न्याय करूं।

ब्लैक (2005) के लिए भट्ट के पहले ऑडिशन के बाद से, छोटी मिशेल के लिए – फिल्म में रानी मुखर्जी द्वारा निभाया गया किरदार – वह भंसाली की नायिका बनना चाहती थी। आज, एक एसएलबी नायिका होने के नाते, उसके लिए, ''वह सब कुछ है जिसकी आप कल्पना कर सकते हैं और इससे भी अधिक क्योंकि यह उन चीजों से भी अधिक है जिनकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते हैं।''

वह आगे कहती हैं, ''यह एक अनुभव और एक रचनात्मक यात्रा है, जिसकी कोई भी उम्मीद नहीं करता है कि वह इतनी तीव्रता के साथ उतरेगा कि सर ने इसे कितनी तीव्रता से बनाया है। वह आपके प्रदर्शन में बहुत अधिक प्रयास करता है और इसलिए, वह आपसे जिस निष्कर्षण की अपेक्षा करता है वह भी बहुत बड़ा है। इस तरह के सफर पर कोई फिल्म के जरिए ही जा सकता है। आप महसूस करते हैं, महसूस करते हैं और खोजते हैं, और इनमें से प्रत्येक भावना स्क्रीन पर दिखाई देती है। मुझे नहीं लगता कि यह ऐसी भाषा है जो किसी के पास इस पर काम करने से पहले है। आप इसे एसएलबी फिल्म के सेट पर विकसित करते हैं।''

फिल्म शक्तिशाली संवादों, जीवंत कल्पना और सूक्ष्म भावों से भरी हुई है। हालांकि, जब शुरुआती टीज़र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, तो सवाल किया गया कि क्या आलिया जैसा युवा और आकर्षक चेहरा इतने सख्त चरित्र के अनुकूल है। ऐसा कहने के लिए अभिनेता दर्शकों को दोष नहीं देता है। लेकिन वह इस तथ्य की ओर इशारा करती हैं कि कठिनाइयों का इस बात से कोई लेना-देना नहीं है कि कोई कैसा दिखता है। ''वे किसी पर भी गिर सकते हैं,'' वह कहती हैं और आगे कहती हैं, ''कोई भी चाहे वे मजबूत दिखें या नहीं, उन्हें कठिन अनुभव हो सकते हैं। दर्शकों के बीच शायद यही डर था कि अगर मैं इस रोल के साथ न्याय कर पाती। साथ ही, सर ने भी यही देखा होगा – बाहर की तरफ कोमलता और अंदर पर अनुभव – जो गंगूबाई जैसे व्यक्ति को इतना मजबूत और निडर बनाता है। यह पूरी तरह से रंग बदल देता है।''

मिनिमल डायलॉग्स, सूक्ष्म बॉडी लैंग्वेज और आंखों के जरिए डिलीवरी कुछ ऐसी चीजें हैं जिनके लिए भंसाली की फिल्में जानी जाती हैं। आलिया ने यह कंट्रास्ट भावनाओं के स्वाभाविक खेल में पाया। ''सोच और बात करने का एक संयोजन है। कई बार आप कुछ और सोच रहे होते हैं लेकिन पूरी तरह से अलग बात कह रहे होते हैं। यह कुछ ऐसा है जिसके साथ हम जानबूझकर खेलने की कोशिश करते हैं – जब हम कुछ और कह रहे होते हैं लेकिन हमारी आंखें कुछ और दर्शाती हैं। ऐसा कहने के बाद, आपको दोनों के संयोजन को प्रभावी ढंग से प्रकट करने के लिए जो कुछ भी आप कह रहे हैं उस पर भी विश्वास करना होगा। मैंने इस निरंतर यिन और यांग का आनंद लिया। कभी सिर्फ एक या दो डायलॉग तो कभी कई। दूसरी बार, यह भी वास्तव में दिल से आ रहा है। मुझे लगता है कि यही वह सुंदरता है जिसके साथ इस फिल्म में गंगूबाई के चरित्र को बनाया गया है'', वह कहती हैं।

इस तरह की भूमिका के लिए उनकी कम उम्र को सवालों के घेरे में लाने के अन्य कारणों में से एक, वह बताती हैं, क्योंकि लोग एक बड़ी उम्र की महिला के चरित्र को गलत समझते हैं, ''जो शायद 40 या उससे अधिक की है। हालांकि, फिल्म में गंगूबाई केवल 20 के दशक के अंत और 30 के दशक की शुरुआत में हैं।'' फिल्म के सुर्खियों में रहने का एक और कारण गंगूबाई काठियावाड़ी के कथित परिवार द्वारा उनके चरित्र को एक वेश्या के रूप में चित्रित करने के लिए उठाई गई कानूनी आपत्ति है, जिसे तथ्यात्मक रूप से गलत होने का दावा किया जाता है। हालांकि, आलिया स्पष्ट करती हैं कि यह फिल्म हुसैन जैदी की किताब, माफिया क्वींस ऑफ मुंबई, (पहली बार 2011 में प्रकाशित) पर आधारित है। वह कहती हैं, ''कई साल पहले जब किताब का विमोचन हुआ था तो ऐसी कोई आपत्ति नहीं थी, सवाल क्यों हैं?''

# स्पैनिश सोनाटा

गायिका **मीनू बशी** ने स्पेन के दूतावास के लिए आजादी के अमृत महोत्सव में प्रसिद्ध स्पेनिश कवि, फेडेरिको गार्सिया लोर्का की रचनाएं प्रस्तुत कीं।

गायिका ने लगभग 100 साल पहले प्रसिद्ध कवि द्वारा रचित 10 स्पेनिश गीतों का प्रतिपादन किया था। मशहूर हस्तियों, गणमान्य व्यक्तियों, लैटिन अमेरिकी राजनयिक समुदाय के राजदूतों और कला के प्रति उत्साही लोगों से भरे एक हॉल से उन्हें जो स्टैंडिंग ओवेशन मिला, उसने इस संगीत कार्यक्रम को इंडो-स्पैनिश सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एक सफल कार्यक्रम के रूप में चिह्नित किया।



भारत की विदेश और संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने बख्शी के गायन की प्रशंसा की। एक भारतीय गायक के स्पेनिश संगीत कार्यक्रम से राजनयिक समुदाय मंत्रमुग्ध हो गया। मेहमानों में फिल्म निर्माता और फैशन डिजाइनर मुजफ्फर अली, बीना रमानी, रेनू टंडन, फिक्की की पूर्व अध्यक्ष हरजिंदर कौर तलवार, इंटीरियर डिजाइनर सुनीता कोहली, चित्रकार हेमी बावा, भारत में बेल्जियम के राजदूत फ्रेंकोइस डेल्हे और भारत में कोलंबिया की राजदूत मारियाना पाचेको मोंटेस शामिल थे।

उन्होंने कहा, ''जिस सहजता और पूर्णता के साथ उसने (बख्शी) गाने प्रस्तुत किए, वह अद्भुत है। भारत में स्पेन के राजदूत एच ई जोस मारिया रिदाओ ने कहा, उन्होंने फ़्लैमेंको स्वाद को जीवित रखते हुए गीतों की अपनी प्रस्तुति में एक असाधारण संलयन बनाया है, फिर भी इसे भारतीय स्पर्श दिया है, जिससे यह स्पेन और भारत दोनों का सांस्कृतिक संगम बन गया है।''

मीनू बख्शी ने कहा, ''फेडरिको गार्सिया लोर्का शो मेरे अब तक के सबसे कठिन शो में से एक रहा है। इसके कई कारण हैं। एक, मैं ऐसे गाने गा रही थी जो मैंने पहले कभी नहीं सुने थे। दो, मेरे पास तैयारी के लिए केवल एक महीना था। तीसरा, मुझे वर्ष 1931 की मूल रचना को बनाए रखना था, वह रिकॉर्डिंग जहां गायन की शैली पूरी तरह से अलग थी, भाषा, स्पेनिश आज हम इसे कैसे बोलते हैं, उससे अलग था। गाने इतनी तेजी से गाए गए थे कि एक गैर-देशी स्पेनिश स्पीकर के लिए पालन करना मुश्किल था। अगली चुनौती 10 गाने याद करने की थी।''

बख्शी को स्पेन के राजा द्वारा 2014 में एक विदेशी को दिए गए दूसरे सर्वोच्च आदेश, 'द ऑर्डर ऑफ इसाबेला ला कैटोलिका' से सम्मानित किया गया है, जो स्पेन और इसकी संस्कृति को बढ़ावा देने में उनके योगदान के लिए स्पेनिश सरकार द्वारा दिया गया है। गायक के पास हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत का प्रशिक्षण है और वह प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में स्पेनिश भाषा के प्रोफेसर हैं, जो भारत सरकार के लिए एक मान्यता प्राप्त स्पेनिश भाषा दुभाषिया, एनजीओ सवेरा (अल्पसंख्य महिलाओं और बच्चों के उत्थान के लिए एक समाज के अध्यक्ष हैं) और यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल, लंदन के पूर्व अध्यक्ष हैं।




# वसीफुद्दीन डागर सम्मानित

वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ़ डिज़ाइन ने संस्था के परफॉर्मिंग आर्ट स्टूडियो में ध्रुपद गायक वसीफुद्दीन डागर को भारतीय शास्त्रीय संगीत में उनके चिरस्थायी योगदान के लिए 2022 के लिए 'क्रिटिक्स च्वाइस अवार्ड' प्रदान किया।

सम्मानित होने पर, डागर ने कहा, ''मैंने वर्षों तक अपनी ताकत पर खरा उतरा है और हर तरह से केवल भारतीयों के पास समृद्ध संस्कृति के मूल्य जोड़ने और इसे सीमाओं के पार पहुंचाने की पूरी कोशिश की है। मेरा मानना है कि संगीत दिलों और आत्माओं को एक साथ लाने की शक्ति है और इस उपहार के माध्यम से, मेरे पास भगवान से है मैंने उस इरादे को पास रखना सुनिश्चित किया है। भारतीय प्रदर्शन कलाओं को प्रोत्साहित करने और सशक्त बनाने के लिए इस तरह के ठोस कदम उठाने के लिए वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ़ डिज़ाइन को बधाई और इसे ऐसा सर्वोपरि मानते हैं ।''

''हमारे साथ डागर साहब जैसे महान व्यक्ति का होना एक सम्मान की बात है, जिन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत पैनोरमा में जीवन भर के लिए समृद्ध योगदान दिया है। हमारे पास भारत की समृद्ध विरासत और क्रिटिक्स च्वाइस अवार्ड को बढ़ावा देने का एक दृष्टिकोण है। उस आकांक्षा को प्राप्त करने की दिशा में हमारा छोटा कदम है'', डॉ संजय गुप्ता, कुलपति, वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ़ डिज़ाइन कहते हैं।

# आकाशीय चेतना

**उमा नायर** कहती हैं कि **सुबोध गुप्ता** की कॉस्मिक बैटल एक जादू कर देती है जब आप एक सर्पिल में एक सर्कल की भौतिक संवेदना में आकर्षित होते हैं



नेचर मोर्टे में, आगंतुक की आंखों को एक संवेदी सिम्फनी में पकड़ लिया जाता है, आप कदम बढ़ाते हैं और कॉस्मिक बैटल की मूर्तिकला की तीव्रता और पहचान पर विस्मय में टकटकी लगाते हैं, एक एकल शो में सुबोध गुप्ता का पीस डे रेसिस्टेंस कहता है कि सात काम एक ऐसी दुनिया में एकल का जादू कर सकते हैं जिसने खुद को विशिष्ट खपत से समाप्त कर दिया है।

तीन हांडी और एक मोर्टार का एक पत्थर जिसे वेल्ड किया गया और भव्य ग्रेविटास में पीटा गया, हमें गुप्ता के खाना पकाने के प्यार, सांस्कृतिक अर्थों के ताने-बाने की उनकी समझ और ब्रह्मांडीय चेतना का एक परिणाम बनाने के लिए रोजमर्रा की वस्तुओं की खोज की उनकी निरंतर प्रक्रिया के बारे में बताता है।

काले रंग के अंदरूनी हिस्से और पीतल से सना हुआ सोना सभी एक जादू बिखेरते हैं क्योंकि ये आपको एक सर्पिल में एक चक्र की भौतिक अनुभूति में आकर्षित करते हैं, एक पहिया के भीतर एक पहिया, शायद एक कताई रील की तरह। निलंबित मूर्तिकला अपनी धुरी पर धीमी गति से चलती है, जो हमें आकाशगंगा और ग्रहों की गति की याद दिलाती है। सर आइजैक न्यूटन को गुप्ता का गुरुत्वाकर्षण और गुरुत्वाकर्षण-विरोधी विचार पसंद आया होगा।

लेकिन फिर बर्तन, विनम्र हांडी, भारत में 15वीं शताब्दी के भक्ति आंदोलन के निर्गुण कवियों को वापस लाता है; संत कबीरदास के शब्दों में पवित्रता की ललक और लज्जा। स्थापना के सामने बैठकर कॉस्मिक बैटल अपने उद्घाटन की पूर्व संध्या पर वह कबीर को पूरे उत्साह के साथ पढ़ता है।
इस घाट अंतर बाग बगीचे, इस ही में सिरजंहारा,
इस घाट अंतर सात समुंदरी, इस ही में नौ लाख तारा,
इस घाट अंतर पारस मोती, इस ही में परखान हारा,
इस घाट अंतर अनहद गरजे, इस ही में उड़त फुहारा
कहत कबीर सुनो भाई साधो, इस ही में साईं हमारा।

कबीर एक विनम्र पात्र की पहचान करते हैं, जो मानव शरीर के लिए एक ट्रॉप है, जो हर चीज का वाहक है – पृथ्वी, ब्रह्मांड और परमात्मा। जब गुप्त पात्र लेते हैं और इस स्थापना का निर्माण करते हैं, तो यह इन छंदों के शाब्दिक और रूपक निहितार्थों का एक ध्यानपूर्ण अन्वेषण है। इसकी महिमा में गढ़ी गई विनम्र हांडी दर्शाती है कि किस तरह कोटिडियन पेंट्री लंबे समय से गुप्ता का कलात्मक क्षेत्र रहा है जहां उन्हें सामग्री और अर्थ मिलता है। अपने आंतरिक विवरण के साथ स्मारकीय पीतल की हांडी को ढलाई में एक वर्ष का समय लगा।

दर्शकों को ऐसा लगता है जैसे गुप्ता एक पृथ्वी गीत व्यक्त कर रहे हैं, क्योंकि वह हर रोज ब्रह्मांडीय नोटों को पकड़ लेता है। प्रभाव की सुंदरता यह है कि यह एक साथ न्यूनतम है और अतिरंजित उल्लास से पैदा हुआ है। गुप्ता के लिए, मूर्तिकला आकाशीय धाराओं के साथ गर्भवती है। विनम्र हांडी में सुबोध घरेलू को ब्रह्मांडीय पर आरोपित करता है और सूक्ष्मता से हमें बताता है, दर्शकों को, कि ज्योतिषीय को सांसारिक तक कम किया जा सकता है, और हांडी जैसी सांसारिक सांसारिक वस्तुएं, जब स्थापना की भाषा में बनाई जाती हैं, तो बाहर निकल सकती हैं। अंतर-तारकीय विस्मय।

पारस या पारसमणि, कबीर के छंदों में उल्लिखित, एक अजीब तरह से सार्वभौमिक पौराणिक वस्तु को संदर्भित करता है जो साधारण सामग्रियों को कीमती धातुओं में परिवर्तित कर सकता है या उन्हें असाधारण शक्तियों से भर सकता है। इस स्थापना में यही होता है जो एक बार में खुला और राजसी सौंदर्य, लौकिक महत्व और ज्योतिषीय महत्व से भरा होता है। सुबोध गुप्ता, समकालीन भारतीय का सितारा, इंद्रियों के लिए मृगतृष्णा बनाता है और हमारे मानसिक कक्षों को यादों से भर देता है। उनकी सामग्री सांस्कृतिक संकेतक हैं जो सर्वव्यापी रूप से उनकी जीवनी में निहित हैं।

# अय्यर आईसीसी टी-20 रैंकिंग में 18वें स्थान पर

● अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में 27 पायदान की बड़ी छलांग लगाई, लेकिन विराट कोहली शीर्ष 10 से बाहर हो गए

**भाषा।** दुबई



**हाल में** श्रीलंका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में 27 पायदान की बड़ी छलांग लगाई, लेकिन विराट कोहली शीर्ष 10 से बाहर हो गए। श्रीलंका के खिलाफ हाल में भारत की घरेलू श्रृंखला में मिली जीत से खिलाड़ियों की रैंकिंग पर काफी असर पड़ा है जिसमें शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अय्यर को अपनी आक्रामक और तीन नाबाद अर्धशतकीय पारियों का बड़ा फायदा मिला जिससे वह बल्लेबाजों की सूची में ऊंची उछाल से 18वें स्थान पर पहुंच गए।

फरवरी में हुई इस श्रृंखला में भारत ने श्रीलंका को 3-0 से पराजित किया जिसमें 27 वर्षीय अय्यर ने 174 के स्ट्राइक रेट से तीन मैचों में नाबाद 204 रन बनाए। अय्यर के साथी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार गेंदबाजों की रैंकिंग में तीन पायदान के फायदे से 17वें स्थान पर पहुंच गए। श्रीलंका के पाथुम निसांका ने श्रृंखला के दूसरे मैच में 75 रन की पारी खेली थी जिससे उन्हें छह पायदान का फायदा हुआ जिससे वह रैंकिंग में नौंवे स्थान पर पहुंचे जबकि पूर्व भारतीय कप्तान कोहली पांच स्थान खिसककर 15वें स्थान पर पहुंच गए जिन्हें इस श्रृंखला के लिए आराम दिया गया था। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रैंकिंग में ऊपर की ओर बढ़ने वाले खिलाड़ियों में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के मोहम्मद वसीम भी रहे। आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप क्वालीफायर ए के फाइनल में आयरलैंड के खिलाफ नाबाद शतक ने उन्हें 12वें स्थान पर पहुंचाने में मदद की। यह किसी भी यूएई बल्लेबाज की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है, उनसे पहले शाईमान अनवर ने 2017 में 13वां स्थान हासिल किया था। श्रीलंका के लाहिरू कुमारा पहली बार शीर्ष 40 गेंदबाजों में शामिल हुए। यूएई के गेंदबाज जाहरू खान 17 पायदान की उछाल से संयुक्त 42वें और आयरलैंड के जोश लिटिल 27 पायदान की छलांग से संयुक्त 49वें स्थान पर पहुंचे।

रोहन मुस्तफा आल राउंडर रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचे और फरवरी 2020 में अपनी सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग से महज एक स्थान नीचे हैं। टेस्ट रैंकिंग में सबसे बड़ी उछाल दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने लगाई है जो मेजबान न्यूजीलैंड के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन से तीन पायदान चढ़कर तीसरे स्थान पर काबिज हो गए। रबाडा ने दो मैचों की श्रृंखला के दौरान 10 विकेट झटके थे। न्यूजीलैंड के काईल जैमीसन पांचवें और टिम साउदी छठे स्थान पर खिसक गए जिसमें आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस और भारत के अनुभवी रविचंद्रन अश्विन नेतृत्व कर रहे हैं। मार्नस लाबुशेन शीर्ष रैंकिंग के टेस्ट बल्लेबाज बरकरार हैं जिसमें न्यूजीलैंड के डेवोन कोनवे छह पायदान के फायदे से 17वें स्थान पर हैं। वनडे रैंकिंग में अफगानिस्तान के अनुभवी स्पिनर राशिद खान ने बांग्लादेश के खिलाफ हाल की तीन मैचों की श्रृंखला के बाद गेंदबाजों की सूची में शीर्ष 10 में अपना स्थान फिर हासिल कर लिया।

वह छह पायदान की उछाल से नौंवे स्थान पर हैं जबकि बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज सातवें स्थान पर खिसक गए। श्रीलंका के लिटन दास बांग्लादेश और अफगानिस्तान के बीच वनडे श्रृंखला में शीर्ष रन स्कोरर थे जिससे वह अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 32वीं रैंकिंग पर काबिज हैं। ट्रेंट बोल्ट शीर्ष रैंकिंग के वनडे गेंदबाज के रूप में बरकरार हैं जबकि पाकिस्तान के बाबर आजम बल्लेबाजों में शीर्ष पर हैं।

# महाराष्ट्र ने आईपीएल में 25 प्रतिशत दर्शकों को अनुमति दी

● टीमें मार्च के मध्य से शुरू करेंगी अभ्यास

**भाषा।** मुंबई



सरकार ने मुंबई और पुणे में 26 मार्च से शुरू हो रही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी मैचों के लिए बुधवार को पूर्ण टीकाकरण करवा चुके दर्शकों को स्टेडियम में प्रवेश की अनुमति दी लेकिन इनकी संख्या स्टेडियम की क्षमता का 25 प्रतिशत होगी। राज्य सरकार ने शाम को यहां जारी आधिकारिक बयान में कहा कि कोविड-19 के मामलों में गिरावट को देखते हुए दर्शकों की संख्या 25 प्रतिशत तक सीमित रखी गई है और केवल पूर्ण टीकाकरण करवा चुके दर्शकों को ही स्टेडियम में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। महाराष्ट्र सरकार ने बुधवार को बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) और मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के साथ आईपीएल के संचालन पर हुई बैठक के बाद यह फैसला किया। आईपीएल में इस बार 10 टीम भाग लेंगी।

राज्य सरकार के मंत्री-आदित्य ठाकरे और एकनाथ शिंदे-के साथ एमसीए प्रमुख विजय पाटिल और शीर्ष परिषद के सदस्य अंजिक्य रायक और अभय हडप, कोषाध्यक्ष जगदीश अचरेकर इस बैठक में उपस्थित थे। बैठक के बाद आदित्य ठाकरे ने कई सीरीज की ट्वीट में कहा, आईपीएल का सुचारू आयोजन सुनिश्चित करने के लिए मंत्री एकनाथ शिंदे जी और मैंने आईपीएल, बीसीसीआई के साथ मुंबई, ठाणे और नवी मुंबई के नगर निगम और पुलिस अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक की। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के सुपुत्र ने यह भी कहा कि राज्य के उप मुख्यमंत्री जल्द ही पुणे में भी इसी तरह की बैठक करेंगे। उन्होंने कहा, आईपीएल महाराष्ट्र में होने से सुनिश्चित होता है कि मैच विदेश में नहीं होंगे। यह अर्थव्यवस्था, मनोबल बढ़ाने और क्रिकेट प्रेमियों के जुनून के मामले में महाराष्ट्र और देश के लिए काफी बड़ा प्रोत्साहन है। इससे पहले पता चला कि आईपीएल की सभी टीम 14 या 15 मार्च से अभ्यास शुरू कर देंगी जिसके लिए यहां पांच अभ्यास स्थलों की पहचान की गई है। आईपीएल 26 मार्च से शुरू होगा और पता चला है कि मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के बांद्रा कुर्ला परिसर, ठाणे में एमसीए स्टेडियम, डा. डीवाई पाटिल विश्वविद्यालय मैदान, सीसीआई (क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया) के साथ का फुटबॉल मैदान तथा घनसोली में रिलायंस कारपोरेट पार्क मैदान की पहचान अभ्यास स्थलों के रूप में की गई है। खिलाड़ियों के आठ मार्च से यहां पहुंचने की संभावना है। यह भी पता चला है कि सभी भागीदारों को मुंबई पहुंचने से 48 घंटे पहले आरटी-पीसीआर परीक्षण करवाना होगा। खिलाड़ियों के ठहरने के लिए मुंबई में 10 और पुणे में दो होटलों की पहचान की गई है। यह भी पता चला है कि खिलाड़ियों को अपने जैव सुरक्षित वातावरण (बायो बबल) में प्रवेश करने से पहले तीन से पांच दिन तक पृथकवास पर रहना होगा।

## भारतीय क्रिकेट टीम को मिलेंगे नए फिजियो और ट्रेनर

**चंडीगढ़।** भारतीय क्रिकेट टीम में जल्द ही नए फिजियो और स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच होंगे, जो नितिन पटेल की अगुवाई वाली एक समर्पित खेल विज्ञान एवं खेल चिकित्सा (एसएसएसएम) टीम का हिस्सा होंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अपनी एसएसएसएम टीम के लिए कई नियुक्तियां करने जा रहा है जिसमें भारतीय टीम (पुरुष और महिला) तथा जूनियर टीम (पुरुष और महिला) और ए टीम के लिए फिजियो और ट्रेनर (स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच) भी शामिल है। इसके अलावा चोट से उबरने के समय के लिए भी विशेषज्ञ होंगे। इन रिहैब विशेषज्ञों के लिए भी बीसीसीआई ने आवेदन मांगे हैं। फिजियो और ट्रेनर के दो वर्ग होंगे जिसमें पहला वर्ग सीनियर जबकि वर्ग दो जूनियर टीम के अलावा घरेलू क्रिकेट में काम करेगा। भारतीय टीम और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के वर्तमान स्टाफ का इन पदों के लिए फिर से आवेदन करने की संभावना है। आवेदन करने की अंतिम तिथि नौ मार्च है।

# बेनो-कादिर ट्राफी के लिए खेलेंगे पाकिस्तान और आस्ट्रेलिया

**भाषा।** रावलपिंडी



**आस्ट्रेलियाई** टीम 24 साल में पाकिस्तान में पहली क्रिकेट टेस्ट श्रृंखला की शुरूआत बेनो-कादिर ट्राफी के लिए खेलकर करेगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को पुष्टि की कि नई ट्राफी दो महान लेग स्पिनरों - आस्ट्रेलिया के रिकी बेनो और पाकिस्तान के अब्दुल कादिर-के नाम पर रखी जाएगी। बेनो की अगुआई वाली आस्ट्रेलिया ने 1959 में पाकिस्तान में अपनी शुरूआती श्रृंखला में 2-0 से जीत हासिल की थी और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने बाद वह काफी मशहूर टीवी कमेंटेटर बन गए थे। कादिर ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 टेस्ट मैचों में 45 विकेट झटके थे। बेनो की पत्नी डाफने ने पीसीबी द्वारा जारी एक बयान में कहा, मैं अब्दुल कादिर के साथ रिकी के नाम की मंजूरी इस ट्राफी के लिए देकर काफी खुश हूं। रिकी अब्दुल का बहुत सम्मान करते थे और दोनों ही लेग स्पिनर थे, यह अच्छा जुड़ाव है। दोनों टीमों के कप्तान-आस्ट्रेलिया के पैट कमिंस और पाकिस्तान के बाबर आजम-ने श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट से दो दिन पहले पिंडी क्रिकेट स्टेडियम में ट्राफी का अनावरण किया।

## पाकिस्तान में टेस्ट श्रृंखला में क्लीन स्वीप करना आस्ट्रेलिया का लक्ष्य : लियोन

**इस्लामाबाद।** अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने कहा कि 1998 के बाद पहली बार पाकिस्तान के दौरे पर आस्ट्रेलियाई टीम का लक्ष्य तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में क्लीन स्वीप करना है। लियोन ने पिंडी क्रिकेट स्टेडियम में पहले टेस्ट मैच से दो दिन पूर्व कहा, यह बहुत बड़ी चुनौती होगी लेकिन मैं यह सोचकर इस टेस्ट श्रृंखला में उतर रहा हूं कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके इसमें 3-0 से जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा, हमने 2019 से विदेशों में कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। हम यहां काफी युवा टेस्ट टीम लेकर आए हैं और हम घरेलू श्रृंखलाओं में शानदार प्रदर्शन करके यहां आए हैं। आस्ट्रेलियाई टीम रविवार को यहां पहुंची और उसे पहले टेस्ट मैच से पूर्व अभ्यास के लिए केवल तीन सत्र ही मिलेंगे।

## पुजारा, रहाणे और पंड्या को बीसीसीआई केंद्रीय अनुबंध में डिमोट किया गया

**मोहाली।** अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा और पूर्व टेस्ट उप कप्तान अंजिक्य रहाणे को बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) की ताजा केंद्रीय अनुबंध सूची में निचले ग्रेड में खिसका दिया गया जिसे बुधवार को बोर्ड शीर्ष परिषद द्वारा मंजूरी दी गई थी। बीसीसीआई के ग्रेड के चार वर्ग हैं जिसमें ए प्लस में खिलाड़ियों को सात करोड़ रूपए जबकि ए, बी और सी वर्गों में क्रमश: पांच करोड़ रूपए, तीन करोड़ रूपए और एक करोड़ रूपए दिए जाते हैं। इसके अनुसार पुजारा और रहाणे को खराब फॉर्म के चलते अब ग्रेड बी में कर दिया गया है जो पहले ग्रेड ए में थे। इन दोनों खिलाड़ियों को श्रीलंका के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला से भी बाहर कर दिया गया। पीटीआई-भाषा ने 20 जनवरी को खबर दी थी कि उन्हें निचले ग्रेड में खिसका दिया जाएगा। हालांकि सबसे बड़ी गिरावट चोटों से जूझ रहे आल राउंडर हार्दिक पंड्या के ग्रेड में रही जिन्हें सूची में ग्रेड ए से सीधे ग्रेड सी में खिसका दिया गया। विवादास्पद विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा को भी टेस्ट टीम से बाहर कर दिया है, उन्हें ग्रेड बी से सी में खिसकाया गया है लेकिन इसके बावजूद उन्हें एक करोड़ रूपए मिलेंगे।

# जोकोविच ने अपने 15 साल पुराने कोच से नाता तोड़ा

**एपी।** बेलग्रेड,



**नोवाक** जोकोविच ने अपने कोच मरियन वाजदा से नाता तोड़ दिया है जिनके साथ उन्होंने 15 साल बिताए और इस बीच 20 ग्रैंडस्लैम खिताब जीते। जोकोविच की बेवसाइट पर जारी बयान में कहा गया है कि वे दोनों पिछले साल सत्र के आखिरी एटीपी फाइनल्स के बाद एक दूसरे से अलग होने पर सहमत हो गए थे। जोकोविच ने इस बयान में कहा, मरियन मेरे करियर के सबसे महत्वपूर्ण और यादगार पलों में मेरे साथ रहे।

उन्होंने कहा, हमने साथ में मिलकर अविश्वसनीय उपलब्धियां हासिल की। मैं पिछले 15 वर्षों में उनकी दोस्ती और समर्पण के लिए आभारी हूं। भले ही हमारा पेशेवर रिश्ता समाप्त हो रहा है लेकिन वह हमेशा मेरे परिवार का हिस्सा रहेंगे। वाजदा के कोच रहते हुए जोकोविच ने अलग अलग समय पर अन्य कोच की भी मदद ली जिनमें बोरिस बेकर, आंद्रे अगासी, रादेक स्टेपनेक और गोरान इवानिसेविच शामिल हैं। इवानिसेविच 2019 से जोकोविच की टीम का हिस्सा हैं और आगे भी इस सर्बियाई खिलाड़ी के साथ बने रहेंगे।

# आईएसएसएफ ने रूस और बेलारूस के निशानेबाजों पर प्रतिबंध लगाया

**म्यूनिख।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने यूक्रेन पर हमले के कारण रूस और बेलारूस के निशानेबाजों को अपनी सभी प्रतियोगिताओं से प्रतिबंधित कर दिया है। यह फैसला मिस्र के काहिरा में चल रहे विश्व कप के दौरान आया, जहां मंगलवार तक रूसी निशानेबाज प्रतिस्पर्धाओं में भाग ले रहे थे। आईएसएसफ के बयान से संकेत मिलता है कि वे अब इस प्रतियोगिता में आगे भाग नहीं ले पाएंगे। आईएसएसएफ ने कहा, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के कार्यकारी बोर्ड के फैसले और आईओसी अध्यक्ष के साथ बैठक के बाद आईएसएसएफ ने निर्णय किया कि रूसी महासंघ और बेलारूस के खिलाड़ियों को आईएसएसएफ चैंपियनशिप में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसमें कहा गया, यह फैसला एक मार्च 2022 को केंद्रीय यूरोपीय समयानुसार दोपहर बाद चार बजे (भारतीय समयानुसार रात आठ बजकर 30 मिनट) से लागू हो गया है तथा अगले नोटिस तक लागू रहेगा। दिलचस्प बात यह है कि आईएसएसएफ के अध्यक्ष व्लादिमीर लिसिन और महासचिव अलेक्सांद्र रैटनर दोनों ही रूसी हैं।

# हरमनप्रीत ने फॉर्म वापस पाने में टीम के मनोचिकित्सक को दिया श्रेय



**क्राइस्टचर्च (भाषा)।** भारतीय उप कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बुधवार को खुलासा किया कि रन नहीं बना पाने के कारण वह गुमसुम होती जा रही थी लेकिन टीम की मनोचिकित्सक मुग्धा बावरे ने आईसीसी महिला विश्व कप से पहले उन्हें खोई फॉर्म हासिल करने में बहुत मदद पहुंचाई। बावरे टीम के साथ न्यूजीलैंड दौरे पर गई हैं जहां शुक्रवार से वनडे विश्व कप खेला जाना है। यह पहला अवसर है जबकि भारतीय टीम के साथ खेल मनोचिकित्सक भी दौरे पर है। हरमनप्रीत ने वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, मुग्धा मैडम हमारे साथ दौरा कर रही हैं और उन्होंने काफी मदद की विशेषकर पिछले चार मैचों में जो हमने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले थे और जिनमें मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। मैं तब गुमसुम हो गई थी, क्योंकि विश्व कप पास में था। उन्होंने कहा, उनसे बात करने के बाद मुझे लगा कि असल में मुझे इसकी जरूरत थी। मेरे दिमाग में कई चीजें चल रही थी और मैं उनसे वाकिफ नहीं थी क्योंकि काफी दबाव था लेकिन उनसे बात करने के बाद मुझे समाधान मिल गया। हरमनप्रीत ने कहा, उनसे बात करने के बाद मेरी राय स्पष्ट हो गई। पिछले दो - तीन मैचों में इन चीजों से वास्तव में मदद मिली। मुझे पूरा विश्वास है कि टीम को भी उनके साथ में होने का फायदा मिल रहा है क्योंकि मैं देखती हूं कि वह लगातार सभी खिलाड़ियों से बात करती रहती हैं जो कि महत्वपूर्ण है और इससे निश्चित तौर पर हमें मदद मिलेगी। बावरे राष्ट्रीय स्तर की पूर्व तैराक हैं। उन्होंने रियो ओलंपिक 2016 से पहले पुरुष और महिला कुश्ती टीम, मुक्केबाजों और ट्रैक एवं फील्ड एथलीटों के साथ काम किया था। बत्तीस वर्षीय हरमनप्रीत पिछले कुछ समय से वनडे में रन बनाने के लिए जूझ रही थी। हरमनप्रीत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की वनडे श्रृंखला के पहले तीन मैचों में केवल 33 रन बनाए जिसके बाद उन्हें चौथे मैच से बाहर कर दिया गया। इसके बाद उन्होंने आखिरी वनडे में 63 और फिर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच में 104 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की।

## क्विक न्यूज

### केरल ब्लास्टर्स के हरमनजोत खाबरा पर दो मैच का प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) की अनुशासन समिति ने बुधवार को केरल ब्लास्टर्स एफसी के मिडफील्डर हरमनजोत सिंह खाबरा पर दो मैचों का प्रतिबंध और डेढ़ लाख रुपए का जुर्माना लगाया। खाबरा पर पिछले महीने हैदराबाद एफसी के खिलाफ इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मैच में हिंसक व्यवहार का आरोप लगाया गया है। उन्हें जान बूझकर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाड़ी को चोट पहुंचाने का दोषी पाया गया था। इस घटना का वीडियो देखने के बाद एआईएफएफ अनुशासन समिति ने इस खिलाड़ी को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। अपने जवाब में खाबरा ने अपनी गलती स्वीकार की थी।खाबरा इस तरह से केरल ब्लास्टर्स के लीग चरण में मुंबई सिटी एफसी और एफसी गोवा के खिलाफ होने वाले अंतिम दो मैचों में नही खेल पाएंगे।

### आस्ट्रेलियाई दिग्गज रॉडनी मार्श की स्थिति गंभीर लेकिन स्थिर

**एडीलेड।** पिछले सप्ताह दिल का दौरा पड़ने के बाद कोमा में चले गए अपने जमाने के दिग्गज आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर रॉडनी मार्श की स्थिति गंभीर लेकिन स्थिर बनी हुई है और उन्हें बुंडाबर्ग से यहां के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह 74 वर्षीय क्रिकेटर 24 फरवरी को क्वीन्सलैंड के बुंडाबर्ग में एक चैरिटी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जा रहे था जब उन्हे दिल का दौरा पड़ा। सिडनी मार्निंग हेरल्ड ने बुंडाबर्ग अस्पताल के प्रवक्ता के हवाले से कहा कि मार्श को गंभीर लेकिन स्थिर स्थिति में दूसरी जगह स्थानान्तरित किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मार्श को अपने परिवार के करीब रहने के लिए एडीलेड के अस्पताल में भेजा गया है। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 1970 से 1984 तक आस्ट्रेलिया के लिए 96 टेस्ट मैच खेले जिसमें उन्होंने विकेट के पीछे 355 शिकार किए। वह दो दशक पहले एडीलेड में बस गए थे।

### गुकेश और एरिगेसी ने संयुक्त बढ़त बनाई

**कानपुर।** तमिलनाडु के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने बुधवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय शतरंज चैम्पियनशिप के 10वें दौर के मुकाबले में पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन अभिजीत गुप्ता को पराजित किया जिससे वह बीती रात शीर्ष पर चल रहे तेलंगाना के अर्जुन एरिगेसी के साथ संयुक्त रूप से बढ़त बनाए है। दूसरे वरीय एरिगेसी ने 41 चाल के बाद तमिलनाडु के ग्रैंडमास्टर पी इनियान से अंक बांटे जबकि गत चैम्पियन अरविंद चिदम्बरम और दिल्ली के ग्रैंडमास्टर आर्यन चोपड़ा ने 63 चाल के बाद ड्रा खेला। काले मोहरों से खेल रहे गुकेश ने पीएसपीबी के अभिजीत को 64 चाल में पराजित किया जिससे वह आठ अंक लेकर एरिगेसी के बराबर पहुंच गए।

### ईपीएल क्लब एवर्टन ने रूसी व्यवसाई का प्रायोजन रोका

**लंदन।** इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल क्लब एवर्टन ने रूस के धातु व्यवसाई अलीशर उस्मानोव की कंपनियों द्वारा प्रमुख प्रायोजन समाप्त कर दिए है। रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद बुधवार को यह कदम उठाया गया। एवर्टन ने कहा कि उसने रूसी कंपनियों यूएसएम, मेगाफोन और योटा द्वारा सभी व्यावसायिक प्रायोजन को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

# अर्चना और श्रीजा ने मुख्य ड्रा में प्रवेश किया, पुरुष बाहर

**भाषा।** नई दिल्ली





**टेबल** टेनिस खिलाड़ी अर्चना कामत और श्रीजा अकुला ने डब्ल्यूटीटी कंटेंडर मस्कट 2022 के महिलाओं के एकल मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई किया। ए दोनों खिलाड़ी अब मनिका बत्रा के साथ होंगी जिन्हें राउंड 32 में सीधे प्रवेश मिला था। पुरूष एकल में हालांकि पांच में से कोई भी खिलाड़ी मुख्य ड्रा में प्रवेश नहीं कर सका। इससे सिर्फ जी साथियान ही भारत के लिए पुरूष वर्ग में चुनौती पेश करेंगे, उन्हें भी दूसरे चरण में सीधे प्रवेश दिया गया था। वह राउंड 32 में चीन के 16 वर्षीय लिन शिडोंग से भिड़ेंगे।

अर्चना (99वीं रैंकिंग) ने क्वालीफायर के तीसरे दौर में ओजे यिल्माज को 11-8 5-11 12-10 11-7 से पराजित किया। अब मुख्य ड्रा में राउंड 32 में उनका सामना अपने से ऊंची रैंकिंग की चीनी खिलाड़ी मो झांग (42वीं रैंकिंग) से होगा। श्रीजा ने यांग हुईजिंग पर 11-5 11-13 12-10 11-4 से जीत हासिल की। वह अब अपने अगले मुकाबले में फ्रांस का प्रतिनिधित्व कर रही चीनी मूल की जिया नान युआन से भिड़ेंगी। युवा दिया चिताले ने चीन की शि जुनयाओ को कड़ी चुनौती दी लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। रीथ रिष्या और सुतिर्था मुखर्जी को दूसरे दौर में जबकि अनुभवी मधुरिका पाटकर को पहले दौर में ही हार मिली। दुनिया की 49वें नंबर की खिलाड़ी मनिका सिंगापुर की लिन ए (62 रैंकिंग) से भिड़ेंगी। भारतीय पुरूष टेबल टेनिस खिलाड़ियों में केवल मानव ठक्कर ही क्वालीफिकेशन के चौथे दौर तक पहुंच सके जिसमें उन्हें चीन के युआन लिसेन से हार मिली। हरमीत शेट्टी, सानिल शेट्टी और मानुष शाह तीसरे दौर में जबकि एंथोनी अमलराज दूसरे दौर में हार गए। भारत को दोहरा झटका तब लगा जब जी साथियान और हरमीत देसाई की दूसरी वरीय पुरूष जोड़ी तथा मनिका बत्रा और अर्चना कामत की दूसरी वरीय महिला जोड़ी को हार मिली। हालांकि मानुश शाह और मानव ठक्कर ने ब्राजील के एरिक जौटी और विटोर इशि पर 7-11 11-3 6-11 11-7 14-12 से जीत हासिल की और अब क्वार्टरफाइनल में उसी ताईपे की जोड़ी से भिड़ेंगे जिन्होंने साथियान और देसाई को हराया था। वहीं सुतिर्था मुखर्जी और अहयिका मुखर्जी की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुअर्तो रिको की शीर्ष वरीयता प्राप्त डायज बहनों - एड्रियाना और मेलानी की जोड़ी को 11-6 11-5 11-9 से हराकर उलटफेर किया। अब गुरूवार को क्वार्टरफाइनल में उनका सामना चेक गणराज्य की जडेना ब्लास्कोवा और कैटरीना तोमानोवस्का की जोड़ी से होगा। वहीं श्रीजा और सेलेना दीप्ति सेल्वाकुमार ने राउंड 16 में सिंगापुर की लिन ए और झेंग जियान की जोड़ी को 11-8 5-11 13-11 5-11 11-4 से मात दी। अब क्वार्टरफाइनल में उन्हें सिंगापुर की गोई रूई जुआन और वोंग जिन रू से भिड़ना है।

# भारतीय टेनिस के भविष्य के लिए योजना तैयार: रोहित राजपाल



**नई दिल्ली।** भारतीय डेविस कप टीम के कप्तान रोहित राजपाल इस बात को स्वीकार करते हैं कि इस समय भारतीय टेनिस में अगले खिलाड़ियों की खेप नजर नहीं आती लेकिन उन्होंने माना कि प्रतिभाओं का ताजा पूल सुनिश्चित करने के लिए एक संरचित योजना बनी हुई है। डेनमार्क के खिलाफ शुक्रवार और शनिवार को डेविस कप विश्व ग्रुप एक प्ले ऑफ से पहले मीडिया से बात करते हुए राजपाल से जब भारतीय टेनिस के भविष्य के बारे में पूछा गया कि हमारी टीम में अब भी रोहन बोपन्ना के रूप में 41 वर्षीय युगल विशेषज्ञ शामिल हैं। तो उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हमारे पास एकल के लिए अच्छी लाइन-अप है, हमारे पास युगल के लिए अच्छी लाइन-अप है लेकिन एक मुद्दा भी है कि कुछ खिलाड़ी उम्रदराज हो रहे हैं, उदाहरण के तौर पर रोहन 40 के पार हो रहे हैं और यह मेरे लिए चिंता की बात है। राजपाल ने कहा, इस समय भारतीय टेनिस में एक गैप (खालीपन) है। हम सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एंड स्पोर्ट्स साइंस सेंटर भी खोल रहे हैं। हम एक पाइपलाइन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। (डेविस कप कोच) जीशान अली दिल्ली आ गए हैं, हमने कुछ बच्चों को चुना है और कुछ और को चुनेंगे। हमारी एक संरचित योजना है। हम इस खालीपन को दूर करने की कोशिश कर हरे हैं। यही प्रयास है। मुकाबले के बारे में राजपाल ने दोहराया कि ग्रासकोर्ट भारत के लिए फायदेमंद होगा और वह युकी भांबरी के टीम में वापसी से काफी खुश थे। भांबरी (863) के साथ रामकुमार रामनाथन (182) और प्रजनेश गुणेश्वरन (228) एकल लाइन-अप हैं।